


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# दिव्य दिनकर

एक निडर सच का दर्पण

पटना और रांची से एक साथ प्रकाशित

वर्ष 9 अंक : 183 पटना (बिहार) सोमवार,05 मई 2025 पेज - 12 मूल्य: 1 R.N.I. No:- BIHHIN/ 2016/72168


## महागठबंधन की बैठकों को बताया 'बेअसर' :बीएल वर्मा

संवाददाता द्वारा

पटनाः केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने महागठबंधन (INDI) की बैठक पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए साफ कहा है कि चाहे विपक्ष जितनी भी बैठकें कर ले, बिहार में जीत एनडीए की ही होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कर रहा है। बिहार भी उसी गति से आगे बढ़ेगा। पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए बीएल वर्मा ने कहा कि विपक्षी गठबंधन की बार-बार की बैठकों का कोई नतीजा नहीं निकलेगा, क्योंकि जनता का विश्वास प्रधानमंत्री मोदी और एनडीए पर है। उन्होंने विश्वास जताया कि जैसे 2024 के लोकसभा चुनाव में एनडीए को जीत मिली, वैसे ही 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में



एनडीए ही विजयी होगा। केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस नेताओं के बयानों की आलोचना करते हुए कहा कि वे ऐसे बयान देते हैं जो पाकिस्तान को रास आते हैं। उन्होंने पहलगाम मामले और सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाने को राष्ट्रविरोधी मानसिकता करार दिया। उनका कहना था कि ऐसे बयान भारतीय सेना के मनोबल को तोड़ने की कोशिश हैं, लेकिन हमारी सेना बहादुर है और उसका हौसला कभी कमजोर नहीं होगा। एनडीए में सीटों के बंटवारे को लेकर उठ रहे सवालों पर वर्मा ने कहा कि सही समय पर सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि एनडीए पूरी एकता के साथ चुनाव लड़ेगा और मजबूती से जीत दर्ज करेगा। चिराग पासवान की भूमिका पर बीएल वर्मा ने कहा कि वे प्रधानमंत्री मोदी का सम्मान करते हैं और एनडीए के साथ मिलकर काम करने को तैयार हैं। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि एनडीए में सभी घटक दल एकजुट हैं और नेतृत्व को लेकर कोई भ्रम नहीं है। 2025 में बिहार के मुख्यमंत्री पद को लेकर पूछे गए सवाल पर बीएल वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जो भी कहा है, वह सभी को स्वीकार करना चाहिए। इससे स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री पद को लेकर अंतिम निर्णय एनडीए नेतृत्व के हाथ में है और सभी दल उसे मानने को तैयार हैं।

## नीतीश की टीम में मिली ईशान किशन के पिता को जगह

संवाददाता द्वारा

पटनाः बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं और सभी राजनीतिक दल अपनी रणनीतियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। इसी कड़ी में सत्ता में काबिज जनता दल यूनाइटेड (JDU) ने एक चौंकाने वाला लेकिन रणनीतिक कदम उठाया है। पार्टी ने भारतीय क्रिकेटर ईशान किशन के पिता प्रणव पांडेय को राजनीतिक सलाहकार की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। गौरतलब है कि प्रणव पांडेय पिछले साल 27 अक्टूबर को JDU में शामिल हुए थे। अब उन्हें विधानसभा चुनाव से ठीक पहले पार्टी में सक्रिय भूमिका देना, खऊ्र की सोची-समझी



रणनीति मानी जा रही है। पार्टी का मानना है कि इससे युवा और क्रिकेट प्रेमियों के बीच पार्टी की पकड़ मजबूत हो सकती है। प्रणव पांडेय ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'मुझे नीतीश कुमार के कार्यों को जनता तक पहुंचाना है और इसके लिए अधिक से अधिक लोगों से जुड़ना मेरा लक्ष्य होगा।' चुनाव लड़ने की संभावनाओं पर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा, 'ये पार्टी का निर्णय होगा। मैं तो एक सिपाही हूं, जो जिम्मेदारी मिलेगी, उसे ईमानदारी से निभाऊंगा।' राजनीति में पिता की सक्रियता पर प्रणव पांडेय ने बताया कि ईशान किशन का राजनीति से खास लगाव नहीं है, लेकिन वह पिता की नई भूमिका को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि अगर ईशान को क्रिकेट से फुर्सत मिली, तो वह JDU के लिए चुनाव प्रचार भी कर सकते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि खऊ्र इस फैसले के जरिए युवाओं को साधने और क्रिकेट जैसे लोकप्रिय खेल के जरिए भावनात्मक जुड़ाव बनाने की कोशिश कर रही है। प्रणव पांडेय की लोकप्रियता और उनका स्थानीय जुड़ाव चुनाव में पार्टी को लाभ पहुंचा सकता है।

## एक नजर

### ननद की शादी से पहले भाभी की हत्या, बोरा में पैक कर 3 किलोमीटर दूर फेंका

क्राइम संवाददाता द्वारा

बेतिया) : बेतिया में खौफनाक वारदात को अंजाम दिया गया है. यहां पर एक महिला को बेरहमी से मौत के घाट उतारा गया. यही नहीं साक्ष्य छुपाने के लिए शव को तीन किलोमीटर दूर फेंक दिया गया. मामला मझौलिया थाना क्षेत्र के शेख मझरिया वार्ड नं 6 का है. बेतिया में महिला की हत्या : मृतका की शिनाख्त प्रमिला देवी के रूप में हुई है. बताया जाता है कि प्रमिला के ननद का आज मटकोर था, कल यानी 5 मई को शादी थी. जिस घर में शहनाई बजने वाली थी, वहां से हर कोई फरार है. पुलिस हत्या के आरोप में महिला के जेठ (भसुर) मनोज पासवान को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. 7 साल पहले हुई थी शादी : मृतका के परिजनों ने बताया कि बथना गांव निवासी स्व. रामफल पासवान की पुत्री प्रमिला देवी (25 वर्षीय) की शादी 7 वर्ष पूर्व मझारिया शेख वार्ड नं 6 निवासी योगा पासवान के पुत्र सनोज पासवान से 2018 में हिन्दू रीति रिवाज से हुई थी. मृतका का एक पांच वर्ष का पुत्र लाडला कुमार है. आरोप है कि ससुराल वालों द्वारा शादी के बाद से प्रताड़ित किया जाने लगा था. "सनोज पासवान ने अपने परिजनों के साथ मिलकर अपनी पत्नी प्रमिला की हत्या कर दी. साक्ष्य छुपाने का प्रयास किया. शव को बोरे में डालकर मझौलिया के करमवा मन के पास फेंक दिया."- मृतका के परिजन पुलिस के साथ पहुंचे मायकेवाले : घटना की भनक मिलते ही मृतका के मायके वाले पुलिस के साथ घटना स्थल पर पहुंचे. जहां घंटों मशक्कत के बाद पुलिस ने शव को बरामद कर लिया. इस दौरान पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से मृतक के भसुर मनोज पासवान को हिरासत में लिया. साक्ष्य छुपाने के लिए शव को ठिकाने लगाया : बताया जा रहा है कि, पहले तो मनोज पासवान ने पुलिस को बरगलाने का प्रयास किया. जिससे आक्रोशित मायके वालों ने मनोज को खम्भे से बांधकर पिटाई कर दी. तब जाकर उसने पुलिस को बताया कि साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शव को बोरे में बांधकर करामवा मन मे फेंक दिया गया था.

"शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया गया है. मनोज पासवान को आवश्यक कार्रवाई के लिए थाना में लाया गया है. आवेदन मिलते ही आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जाएगी."-

## गांव की हर विकास योजना में घूस की दर निर्धारित, वार्ड सदस्य खुलेआम वसूल रहा

क्राइम संवाददाता द्वारा

**सीतामढ़ीः सीतामढ़ी जिले में योजनाओं में किस कदर लुट खसोट और रिश्वतखोरी है, यह किसी से छुपा नहीं है। पीएम आवास योजना में रिश्वतखोरी कुछ अधिक बढ़ गई है। शासन और प्रशासन जीरो टॉलरेंस वाली नीति का लाख ढिंढोरा पीटे, धरातल पर सच्चाई कुछ और ही है। इन दिनों रिश्वतखोर वार्ड सदस्य, मुखिया और दलाल लगातार बेनकाब हो रहे है। गत दिन जिले के डुमरा प्रखंड के एक मुखिया का पीएम आवास योजना में रिश्वत का डिमांड करते हुए वीडियो वायरल हुआ था। अब एक वार्ड सदस्य का रिश्वत लेते वीडियो वायरल हुआ है। हालांकि NBT उक्त वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।**

सीतामढ़ीः सीतामढ़ी जिले में योजनाओं में किस कदर लुट खसोट और रिश्वतखोरी है, यह किसी से छुपा नहीं है। पीएम आवास योजना में रिश्वतखोरी कुछ अधिक बढ़ गई है। शासन और प्रशासन जीरो टॉलरेंस वाली नीति का लाख ढिंढोरा पीटे, धरातल पर सच्चाई कुछ और ही है। इन दिनों रिश्वतखोर वार्ड सदस्य, मुखिया और दलाल लगातार बेनकाब हो रहे है। गत दिन जिले के डुमरा प्रखंड के एक मुखिया का पीएम आवास योजना में रिश्वत का डिमांड करते हुए वीडियो वायरल हुआ था। अब एक वार्ड सदस्य का रिश्वत लेते वीडियो वायरल हुआ है। हालांकि NBT उक्त वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। यह ताजा वीडियो जिले के नानपुर प्रखंड की सिरसी पंचायत का है। वीडियो में दिख रहा है कि एक व्यक्ति बाईक पर बैठा हुआ है और वह एक महिला से पैसे ले रहा है। ग्रामीण कहते है कि बाईक पर बैठा शख्स वार्ड नंबर- आठ का वार्ड सदस्य सुशील कुमार साह है, जो पीएम आवास योजना की महिला लाभार्थी से रिश्वत ले रहा है। महिला दो हजार रुपये दे रही है, पर उक्त वार्ड सदस्य पूरा पैसा मांग रहा है। महिला ने कहा कि मुखिया जी (किरण देवी) कम देने के लिए बोली थी, तो वार्ड सदस्य साह पहले तो मुखिया से बात कर लेने की बात कहता है। फिर महिला से कहता है, मुखिया से बात करने के बाद ही पैसा लेंगे। हालांकि अंत में पूरा पैसा लेता है। महिला और उसके परिजन ने बताया कि वार्ड सदस्य को दो हजार दिए थे। जिद करने पर चार हजार रुपये दिए। बताया है कि प्रथम किस्त की राशि में से ही चार हजार देना पड़ा है। ग्रामीण लालबाबू प्रियदर्शी कहते है कि पंचायत में लोग योजना का लाभ लेने के लिए 10-10 हजार रुपये रिश्वत देते है। ग्रामीण चमन कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो उनके पंचायत का है, जो सही है। कहा है कि शौचालय मद में दो-दो हजार रुपये रिश्वत का डिमांड किया गया है। जो दिए है, उन्हें मिला है और उनके जैसे लोग शौचालय से वंचित है। कारण कि रिश्वत नहीं दिए है। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत में हर योजना में रिश्वत का रेट फिक्स है। पंचायत प्रतिनिधि एक अलग ही संविधान बना रखे है। 500 से 2000 तक रिश्वत का रेट निर्धारित है। भय से लोग नए संविधान को मानते है और रिश्वत देते है। सौ से अधिक लोगों का रिश्वत देने से जुड़ा किस्सा है। वैसे अब समाज के लोग जग रहे है। इसका प्रमाण वायरल वीडियो है। ग्रामीणों ने डीएम से योजनाओं की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## हाजिरी बनाकर अब ये काम नहीं कर सकेंगे बिहार के टीचर,

संवाददाता द्वारा



पटनाः बिहार में सरकारी स्कूलों के शिक्षक हाजिरी बनाकर गायब नहीं हो सकते हैं। हाजिरी बनाकर स्कूल से गायब होने की लगातार मिल रही शिकायत पर सख्त कदम उठाया गया है। शिक्षा विभाग ने इस पर विशेष निगरानी शुरू कर दी है। विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ एस सिद्धार्थ को शिकायत मिली थी कि स्कूल के बगल में रहने वाले शिक्षक ऑनलाइन हाजिरी बनाकर स्कूल से बाहर चले जाते हैं। इसके बात उन्होंने नया तरकीब निकाला। बिहार में सरकारी स्कूलों के कई शिक्षक हाजिरी बनाकर स्कूल से घंटों बाहर रहते हैं, ऐसी शिकायत पटना तक लगातार पहुंच रही थी। अब जिला शिक्षा कार्यालय ने ऐसे शिक्षकों को चिह्नित करना शुरू कर दिया है। ऐसे शिक्षकों पर कार्रवाई करने के लिए प्रधानाध्यापकों के साथ-साथ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को भी नोटिस जारी किया गया है। गायब रहने वाले शिक्षकों पर सख्त निगरानी रखने और ऐसे लोगों को चिह्नित कर अविलंब जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित करने का निर्देश दिया गया है। अगर, कोई शिक्षक हाजिरी बनाकर स्कूल से गायब हो जाते तो उनको सीधे निलंबित किया जाएगा। आदेश में कहा गया है कि शिक्षकों के हाजिरी बना कर गायब होने की सूचना ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर की जा सकती है। इसके अलावा स्कूल में किसी तरह की समस्या है या किसी वजह से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है तो पोर्टल पर इसकी शिकायत करें। पटन के जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार ने प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया है कि बच्चों की पढ़ाई बाधित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूल से हाजिरी बनाकर गायब हो जाने वाले शिक्षकों की शिकायत मिलने पर उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्कूल में बेंच-डेस्क, चॉक, डस्टर या अन्य उपस्कर की खरीद के लिए राशि की कमी हो तो इसकी शिकायत पोर्टल पर भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्कूलों को बच्चों की संख्या के हिसाब ग्रांट मुहैया कराया गया है। पैसे की कोई कमी नहीं है। स्कूल में सबकुछ दुरुस्त होना चाहिए।

## मुजफ्फरपुर में CSP संचालक को दिनदहाड़े मारी गोली, लूट को भी दिया अंजाम


क्राइम संवाददाता द्वारा



मुजफ्फरपुरः मुजफ्फरपुर में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं. आए दिन लूटपाट की घटनाएं सामने आती रहती हैं. इसी क्रम में बरुराज थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव में एक सीएसपी संचालक के साथ लूटपाट की गई. वहीं, जब पीड़ित ने विरोध किया, तो बदमाशों ने गोली चला दी. बदमाशों ने पैसे निकालने को कहाः दरअसल बाइक सवार दो बदमाश मास्क पहनकर केंद्र पर पहुंचे और उन्होंने पीड़ित पंकज कुमार से 80 हजार रुपए की निकासी की मांग की, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण पैसों की निकासी नहीं हो पाई. इस पर बदमाशों ने हथियार निकालकर पंकज पर तान दिया. बदमाश ने फायरिंग भी कीः अपराधी पंकज कुमार का मोबाइल और गल्ले में रखी नकदी लूटकर भागने लगे, तभी पंकज ने एक बदमाश को पकड़ लिया, जिससे दूसरे बदमाश ने पंकज पर फायरिंग कर दी. पंकज के दाहिने पैर में गोली लगी है. "हम लोग बगल की दुकान में बैठे थे, तभी CSP संचालक पंकज के चिल्लाने की आवाज आई, तब तक बदमाशों ने दो-तीन राउंड फायरिंग कर दी थी" संजय कुमार,स्थानीय निवासी पीड़ित को SKMCH में किया गया भर्तीः घटना के संबंध में सूचना मिलने के बाद बरुराज थाना सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची. साथ ही मुजफ्फरपुर पश्चिमी डीएसपी सुचित्रा कुमारी भी मौके पर पहुंची. इसके बाद पुलिस कर्मियों ने पीड़ित पंकज कुमार को आनन-फानन में SKMCH भेजा. SKMCH में पीड़ित पंकज भर्तीः SKMCH में पीड़ित पंकज कुमार का इलाज चल रहा है. वहीं, पीड़ित पंकज की बहन का कहना है कि 5 लाख रुपए की लूट हुई है. वहीं, पुलिस का कहना है कि फिलहाल लूट की रकम साफ नहीं है. "लूट की राशि साफ नहीं हुई है. 3 राउंड फायरिंग की गई है, जिसमें एक गोली CSP संचालक को लगी है. फिलहाल उसे इलाज के लिए SKMCH भेजा गया है". DSP सुचित्रा कुमारी

## भारत और अमेरिका में सुबह-सुबह आया भूकंप, नुकसान की खबर नहीं

**नई दिल्ली,।** अमेरिका और भारत के कई हिस्सों में रविवार सुबह भूकंप के झटके लगे। हालांकि अब तक किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है, बार-बार आ रहे भूकंपों ने लोगों में डर का माहौल है। अमेरिका में सबसे पहले रविवार सुबह 7.17 मिनट पर तेज भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.4 मापी गई। यह भूकंप न्यू मैक्सिको के कार्लसबाद शहर से करीब 89 किलोमीटर दूर व्हाइट सिटी में केंद्रित था। भूकंप का केंद्र जमीन की सतह से 7.5 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। इस भूकंप से किसी भी प्रकार के जान-माल की हानि की खबर नहीं है। बता दें अभी कुछ दिन पहले ही म्यांमार और थाईलैंड में आए विनाशकारी भूकंपों और इंडोनेशिया, अर्जेंटीना व चिली में 6 से 7 तीव्रता के झटकों के बाद भूकंप ने लोगों में दहशत पैदा कर दिया थी। अमेरिका में भूकंप आने के बाद लोग डर से अपने घरों से बाहर निकल आए और कई घंटों तक सड़कों पर ही घूमते रहे। एक सर्वे ने इस भूकंप की पुष्टि की है। भारत में भी रविवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। राजस्थान के झुंझुनूं में सुबह करीब 9.30 मिनट पर लोगों ने हल्के भूकंप के झटके महसूस किए। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 3.1 दर्ज की गई। झटके हल्के लगने के



बावजूद लोगों ने उन्हें महसूस किया और अपने घरों से बाहर आ गए। यहां भी किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। इस भूकंप का केंद्र जमीन के नीचे 10 किलोमीटर की गहराई पर था। राजस्थान से पहले मेघालय में भी रविवार सुबह करीब 7.56 मिनट पर भूकंप के झटके लगे। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 2.6 थी। भूकंप का केंद्र गारो हिल्स के उत्तर में 10 किलोमीटर की गहराई में था। यहां भी किसी प्रकार के नुकसान की खबर नहीं है। बता दें बीती रात मध्य प्रदेश के बैतूल जिले में भी भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए थे। रात करीब 9.40 मिनट पर आए इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 2.8 थी। इसका केंद्र जमीन की सतह से 5 किलोमीटर नीचे था। इस भूकंप से भी कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ था, लेकिन लोगों ने अपने घरों के दरवाजे और पंखों को हिलते देखा था।

## भारत-नेपाल सीमा पर पकड़े गए म्यांमार के 6 युवक

**बिना वीजा-पासपोर्ट के रह रहे थे भारत में, कर रहे थे बाइबल की पढ़ाई**

**किशनगंज** । देशभर में सुरक्षा व्यवस्था के सख्त होने के बीच भारत-नेपाल सीमा पर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने म्यांमार के छह युवकों को हिरासत में लिया है। ये युवक अवैध रूप से भारत में घुसे थे और बिना पासपोर्ट और वीजा के धार्मिक शिक्षा (बाइबल) प्राप्त कर रहे थे। यह कार्रवाई बंगाल के पानी टंकी क्षेत्र में की गई, जो कि किशनगंज से सटा हुआ है। पकड़े गए सभी युवक वर्ष 2022-23 के दौरान मिजोरम के रास्ते भारत में दाखिल हुए थे और तब से देश के अलग-अलग हिस्सों में रहकर पढ़ाई कर रहे थे। **फर्जी दस्तावेजों के सहारे रह रहे थे भारत में** पकड़े गए युवकों के पास से फर्जी आधार कार्ड, वोटर आईडी और एक के पास पैन कार्ड भी बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि ये दस्तावेज ज्यादातर दिल्ली में बनाए गए थे। इन सभी ने खुद को छात्र बताया है, जो नागालैंड के वोखा जिले स्थित विटर थियोलॉजिकल कॉलेज में धार्मिक शिक्षा प्राप्त कर रहे थे। **नेपाल जाने की कोशिश में हुए गिरफ्तार** छुट्टियों के दौरान ये सभी युवक अन्य भारतीय और नेपाली छात्रों के साथ सिलीगुड़ी पहुंचे थे और वहां से नेपाल के बिरतामोड़ स्थित हैप्पी लैंड एडवेंचर पार्क जाने की योजना बना रहे थे। ये तीन समूहों में विभाजित थे। इसी दौरान सशस्त्र सीमा बल ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए उन्हें पकड़ लिया। **पहलगाम हमले के बाद सख्त हुई निगरानी** गौरतलब है कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद से देश की सीमाओं पर चौकसी और कड़ी कर दी गई है। हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी जा रही है और इसी क्रम में ये बड़ी सफलता हाथ लगी है। स्थानीय पुलिस व खुफिया एजेंसियां अब इस पूरे मामले की गहराई से जांच में जुट गई हैं। यह भी आशंका जताई जा रही है कि ऐसे कई अन्य लोग भी फर्जी दस्तावेजों के सहारे देश में रह रहे हैं। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है

## बांग्लादेशी घुसपैठियों के नेटवर्क का भंडाफोड़, मास्टरमाइंड समेत 44 गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक स्क्वॉड (एएनएस) ने एक संगठित बांग्लादेशी घुसपैठ नेटवर्क का पर्दाफाश किया है, जिसमें मास्टरमाइंड चांद मियां समेत 44 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए लोगों में 6 बांग्लादेशी नागरिक और 5 भारतीय सहयोगी शामिल हैं, जबकि चेन्नई से 33 अन्य बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार कर दो एफआईआर दर्ज की गई हैं। पुलिस के अनुसार दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस ने यह कार्रवाई इंस्पेक्टर विष्णु दत्त के नेतृत्व में की। ऑपरेशन दिल्ली पुलिस की अवैध प्रवासियों के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' नीति को दर्शाता है और दस्तावेज जालसाजी के खिलाफ एक सख्त संदेश देता है। सूचना के आधार पर 12 मार्च को टीम ने तैमूर नगर से हाल ही में भारत में अवैध रूप से दाखिल हुए असलम उर्फ मसीम उर्फ महमूद को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला कि वह बांग्लादेश के नोआखली जिले का निवासी है और फर्जी आधार कार्ड रखता था। इसी से मामले की कड़ियां खुलीं और चांद मिया का नाम सामने आया। वह पिछले 10-12 वर्षों से बांग्लादेशियों की अवैध एंट्री कराने वाला मुख्य एजेंट है। चांद मिया बांग्लादेश के बागेरहाट जिले का निवासी है। उसने कबूला कि वह हर व्यक्ति से 20 हजार से 25 हजार रुपये लेकर उन्हें भारत लाता था। वह सीमावर्ती इलाकों - खासकर मेघालय और पश्चिम बंगाल के बेनापोल - के जरिए लोगों को लाता और फिर उन्हें दिल्ली, चेन्नई जैसे शहरों में बसाता था।

## देवी बसों से 10 वर्षों में रोका जा सकेगा 5,600 टन कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन : डॉ. आंचल जैन

**नई दिल्ली।** हरित परिवहन की दिशा में एक नए युग की शुरुआत करते हुए दिल्ली सरकार ने दिल्ली इलेक्ट्रिक व्हीकल इंटरचेंज (देवी) परियोजना के तहत आधुनिक, पर्यावरण-अनुकूल बसों के नए बेड़े को सड़क पर उतार दिया है। इन बसों का निर्माण भारत की अग्रणी इलेक्ट्रिक बस निर्माता कंपनी पीएमआई इलेक्ट्रो मोबिलिटी ने किया है। पीएमआई इलेक्ट्रो मोबिलिटी की सीईओ डॉ. आंचल जैन ने बताया कि पीएमआई हमेशा देश को स्वच्छ और पर्यावरण-संवेदनशील सार्वजनिक परिवहन की ओर अग्रसर करने के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। डीईवीआई बसों से दिल्ली में अगले 10 वर्षों में 5,600 टन कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन रोका जा सकेगा। उन्होंने बताया कि बसों ने देशभर में अब तक 20 करोड़ से अधिक ग्रीन किलोमीटर पूरे किए हैं और अब डीईवीआई बस पहल के साथ हम यह अनुभव और विशेषज्ञता अपने घर दिल्ली लाए हैं। पीएमआई इलेक्ट्रो मोबिलिटी आज 31 शहरों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुका है। उत्तर में लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली और उत्तर प्रदेश से लेकर, पूर्व में पश्चिम बंगाल और ओडिशा, दक्षिण में केरल, तथा पश्चिम में गुजरात, महाराष्ट्र और गोवा तक, पीएमआई प्रतिदिन लगभग 1,00,000 शून्य-एमिशन किलोमीटर की दूरी तय करता है और बड़े पैमाने पर टिकाऊ सार्वजनिक परिवहन की परिभाषा को लगातार नया रूप दे रहा है।

## लूटपाट के मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** वेलकम थाना पुलिस ने लूटपाट के मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से शिकायतकर्ता से लूटा हुआ बैग व मोबाइल फोन बरामद किया है। इसके अलावा लोगों को ठगने में काम आने वाली असली नोटों जैसी दिखने वाली रद्दी कागज की दो गड्डियां और वारदात में इस्तेमाल ऑटो भी बरामद किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान सलीम (48), रुस्तम (23) और आकाश (42) के रूप में हुई है। उत्तर पूर्वी जिले के डीसीपी हरेश्वर वी. स्वामी ने बताया कि 27 अप्रैल को वेलकम थाना पुलिस को लूटपाट की सूचना मिली। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस को 17 वर्षीय शिकायतकर्ता शिवम मिले। उन्होंने बताया कि दोपहर 3.45 बजे वह कश्मीरी गेट बस अड्डे से आनंद विहार बस अड्डे जाने की लिए ऑटो में बैठे थे। शिकायतकर्ता के अनुसार उस ऑटो में ड्राइवर व दो अन्य सवारी पहले से ही बैठी थीं। ऑटो जैसे ही वेलकम मेट्रो स्टेशन पार करके झील पार्क पहुंचा तो उतरने के बहाने से ऑटो मे पहले से सवार यात्रियों ने ऑटो को रुकवा लिया और उतरते वक्त उनका बैग छीन कर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर केस दर्ज किया। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। इस बीच पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर तीनों आरोपितों को गिरफ्तार किया।

## लापता बच्चे को खोजकर परिवार से मिलवाया

**नई दिल्ली।** घर का रास्ता भूलकर इधर उधर भटक रहे एक पांच वर्षीय बच्चे को सागरपुर पुलिस ने खोजकर परिजनों से मिलवाया है। पुलिस टीम ने परिजनों की तलाश में बच्चे के फोटो विभिन्न ग्रुप में साझा करने के अलावा सीसीटीवी कैमरों की जांच समेत घर घर पूछताछ की। दक्षिण पश्चिम जिले की अडिशनल डीसीपी ऐश्वर्या सिंह ने बताया कि सागरपुर पुलिस को सूचना मिली कि डाबड़ी दीपावली चौक पर पांच वर्षीय एक बच्चा भटक रहा है। घर का पता न बता पाने की वजह से वह रोए जा रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर बच्चे को कब्जे में लिया। इसके बाद उसके परिजनों की तलाश शुरू की गई। पुलिस ने बच्चे के मिलने वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। कई घंटों की मशक्कत के बाद बच्चे के परिजनों को पुलिस टीम ने खोज लिया।

# पंचायतों को स्थानीय विवादों में मध्यस्थता के लिए कानूनी रूप से सशक्त बनाना जरूरी : राष्ट्रपति

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में प्रथम राष्ट्रीय मध्यस्थता सम्मेलन में कहा कि पंचायतों को गांवों में विवादों में मध्यस्थता करने और उन्हें सुलझाने के लिए कानूनी रूप से सशक्त बनाया जाना चाहिए।राष्ट्रपति ने कहा कि मध्यस्थता अधिनियम, 2023 सभ्यतागत विरासत को मजबूत करने की दिशा में पहला कदम है। अब हमें इसमें गति लाने और इसके अभ्यास को मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मध्यस्थता अधिनियम के तहत विवाद समाधान तंत्र को ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावी रूप से विस्तारित किया जाना चाहिए ताकि पंचायतों को गांवों में विवादों को सुलझाने और मध्यस्थता करने के लिए कानूनी रूप से सशक्त बनाया जा सके। गांवों में सामाजिक सद्भाव राष्ट्र को मजबूत बनाने की एक अनिवार्य शर्त है। उल्लेखनीय है कि मध्यस्थता अधिनियम 2023 के तहत ऐसे



सिविल और व्यावसायिक विवादों का समाधान किया जा सकता है जिन्हें आपसी सहमति से हल किया जा सकता है। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में ग्रामीण स्तर पर विवाद समाधान की प्रणाली को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विशेष रूप से मध्यस्थता व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि गांवों में छोटे-छोटे विवादों को पंचायत स्तर पर सुलझाने की परंपरा रही है, लेकिन वर्तमान व्यवस्था में उनके पास कानूनी अधिकार नहीं होने के कारण उनका निर्णय प्रभावी नहीं हो पाता। उन्होंने सुझाव दिया कि पंचायतों को कानूनी रूप से सशक्त किया जाना चाहिए। इससे न केवल गांवों में शांति और सद्भाव बना रहेगा, बल्कि न्यायालयों पर बढ़ते बोझ को भी कम किया जा सकेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि न्याय दिलाने में मध्यस्थता की अहम भूमिका होती है। विवादों को सुलझाने में पंचायतों की अहम भूमिका रही है। भारत एक जीवंत लोकतंत्र है जो विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका- इन तीन स्तंभों पर टिका है। संविधान ने गांव से लेकर संसद तक एक सुगठित तंत्र की नींव रखी है, लेकिन गांवों में न्यायिक व्यवस्था अभी भी सशक्त नहीं बन पाई है। इस संदर्भ में उन्होंने मध्यस्थता अधिनियम 2023 और भारतीय मध्यस्थता परिषद की स्थापना का उल्लेख किया।

## सीआरपीएफ कॉन्स्टेबल सेवा से बर्खास्त, छिपाई थी पाकिस्तानी पत्नी से जुड़ी जानकारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कॉन्स्टेबल (जनरल ड्यूटी) मुनीर अहमद को पाकिस्तानी पत्नी से जुड़ी जानकारी छिपाने के कारण तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। सीआरपीएफ के 41 बटालियन के सीटी/जीडी मुनीर अहमद को एक पाकिस्तानी नागरिक से अपनी शादी को छिपाने और उसके वीजा की वैधता से परे उसे जानबूझकर शरण देने के लिए तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। उनके कार्यों को सेवा आचरण का उल्लंघन और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हानिकारक पाया गया है। जम्मू में तैनात सीआरपीएफ के जवान मुनीर अहमद ने पाकिस्तान की मीनल खान से पिछले साल मई में ऑनलाइन माध्यम से निकाह किया था। वे शार्ट टर्म वीजा पर भारत आयीं । उनका वीजा 22 मार्च को ही समाप्त हो गया था। मीनल ने आगे लांग टर्म वीजा के लिए आवेदन किया था। इसी बीच पहलगाम की आतंकी घटना के बाद भारत में रह रहे सभी पाकिस्तानियों नागरिकों का वीजा रद्द कर दिया गया। मीनल को 29 अप्रैल तक भारत छोड़ना था। हालांकि जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय ने उन्हें अंतरिम राहत दे दी और वे वापस जम्मू चली गईं। मामले के उजागर होने पर सीआरपीएफ ने अंतरिम जांच की और उसके आधार पर आज कार्रवाई की।

## देश के कई राज्यों में बारिश और तेज आंधी को लेकर अलर्ट, 8 मई तक दिल्ली में बारिश की संभावना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में मौसम विभाग ने बारिश और तेज आंधी का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के मुताबिक अभी इससे निजात मिलने के कोई आसार नहीं हैं। सात मई तक देश के उत्तर-पश्चिम हिस्से में गरज के साथ बारिश और तेज़ हवाएं चलने की संभावना है। अगले 4-5 दिनों के दौरान मध्य, पूर्व और प्रायद्वीपीय भारत में गरज के साथ बारिश, बिजली, ओलावृष्टि, तेज़ हवाएं चलने की संभावना है। आठ मई तक पूर्वोत्तर भारत में गरज के साथ भारी बारिश और बिजली गिरने की संभावना है। तेलंगाना में कुछ स्थानों पर 70-100 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवाओं के साथ तूफान आया। तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम, रायलसीमा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली, जम्मू-कश्मीर-लद्दाख-गिलगित-बाल्टिस्तान-मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर 40-70 किमी प्रति घंटे की गति से हवाएं चलीं। पूर्वी मध्य प्रदेश, तेलंगाना में अलग-अलग स्थानों पर ओलावृष्टि हुई। उत्तराखंड, आंतरिक कर्नाटक, केरल में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग के मुताबिक निचले और मध्य क्षोभमंडलीय स्तरों पर उत्तरी पाकिस्तान और पड़ोस पर एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में पश्चिमी विक्षोभ स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण उत्तर-पश्चिमी राजस्थान और दूसरा निचले क्षोभमंडलीय स्तरों पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर स्थित है। इसके कारण देश के कई क्षेत्रों में तेज हवाएं और बारिश देखने को मिल रही है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। बहुत हल्की बारिश के साथ गरज के साथ तूफान एवं बिजली चमकने और तेज़ सतही हवाएं चलने की संभावना है। गरज के साथ हवा की गति अस्थायी रूप से 30-40 किमी प्रति घंटे तक बढ़ सकती है, जो 50 किमी प्रति घंटे तक हो सकती है। अधिकतम तापमान 34 से 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 22 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। सोमवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और बहुत हल्की से हल्की बारिश व गरज-चमक के साथ तूफान और तेज़ सतही हवाएं चलने की संभावना है। इस दौरान हवा की गति अस्थायी रूप से 30-40 किमी प्रति घंटे तक बढ़ सकती है। अधिकतम तापमान 30 से 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 22 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

## राष्ट्रीय हरित अधिकरण में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने प्रधान न्यायपीठ स्थित परिसर में लंग केयर फाउंडेशन और डॉक्टर्स फॉर क्लीन एयर के सहयोग से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में फेफड़ों की कार्यप्रणाली का आकलन किया गया, साथ ही संबंधित प्रश्नावली भरने के बाद स्पाइरोमेट्री परीक्षण किया गया। शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय हरित अधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव ने एनजीटी के अन्य सदस्यों की उपस्थिति में किया। इस पहल का उद्देश्य कर्मचारियों और आगंतुकों के बीच स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को बढ़ावा देना है। एनजीओ की टीम का नेतृत्व सीईओ अभिषेक कुमार ने किया, जिसमें संस्थापक ट्रस्टी प्रो. (डॉ.) अरविंद कुमार, चेस्ट एंड लंग ट्रांसप्लांट



सर्जन, मेदांता अस्पताल और मेदांता अस्पताल के वरिष्ठ पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. विवेक सिंह और एलसीएफ के चार तकनीशियन और नर्सिंग अधिकारी शामिल थे। परीक्षण के बाद, सभी को फेफड़ों के स्वास्थ्य को बनाए रखने के महत्व के बारे में समझाया गया और फेफड़ों की क्षमता बढ़ाने वाले व्यायाम कर के दिखाए गए। यह शिविर लोगों के समग्र कल्याण में महत्वपूर्ण योगदान देने का प्रयास है, जिससे उन्हें फिट रहने और अपने कर्तव्यों को अधिक प्रभावी ढंग से करने में सहायता मिलेगी।

## चिकित्सा को डेटा विज्ञान, पर्यावरण अध्ययन, इंजीनियरिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ जोड़ना चाहिए : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

**नई दिल्ली।**उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने चिकित्सा ज्ञान के साथ प्रौद्योगिकी के एकीकरण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि हमें चिकित्सा को डेटा विज्ञान, पर्यावरण अध्ययन, इंजीनियरिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ जोड़ना चाहिए। धनखड़ नई दिल्ली के ली मेरिडियन होटल में इंडियन एसोसिएशन फॉर ब्रोंकोलॉजी के 27वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता हमारे घर, हमारी जीवनशैली, हमारे कार्यस्थल, हमारे शोध केंद्रों में प्रवेश कर चुकी हैं। विघटनकारी प्रौद्योगिकी औद्योगिक क्रांतियों के प्रभाव से कहीं आगे हैं लेकिन चुनौतियों को अवसरों में बदलना होगा। यह एक मिथक है कि जब इस तकनीक का उपयोग किया जाएगा, तो यह मानव संसाधन की रोजगार क्षमता को कम कर देगा।



आपको प्रौद्योगिकी को अपने वश में करना होगा। इसका उपयोग हमारे लाभ के लिए करना होगा। उन्होंने आज बढ़ते वायु प्रदूषण पर चिंता व्यक्त की और कहा कि शहर के वायु प्रदूषण सूचकांक पर विचार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चिंता की बात यह है कि हम इसके बारे में गंभीर नहीं हैं। धनखड़ ने जोर देकर कहा कि हमें पुराने वाहनों को तेजी से खत्म करने की जरूरत है। लोगों को यह समझना होगा कि पुराने वाहनों को स्वास्थ्य से जुड़े कारणों के चलते त्यागना है। सिर्फ इसलिए कि कोई पुराना वाहन सड़क पर चल रहा है, इसका मतलब यह नहीं है कि वह सड़क पर चलने लायक है। हमें सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने में गर्व महसूस करना चाहिए। कई देशों में ऐसा किया जाता है और यहां भी एयरपोर्ट तक पहुंचने का सबसे सुरक्षित, सबसे तेज और सबसे पक्का तरीका मेट्रो है, लेकिन हमें इसे आदत बनाने की जरूरत है। धनखड़ ने कहा कि हमारा पारंपरिक ज्ञान सिखाता है कि श्वसन स्वास्थ्य प्रकृति के संतुलन से अविभाज्य है। अब समय आ गया है कि हम अपनी बुद्धि और ज्ञान की ओर लौटें। यह हमारा खजाना है, जिसे दुनिया भर में मान्यता प्राप्त है। हमें मौसमी जीवन जीने की स्वदेशी प्रथाओं को देखना होगा। हमारे बुजुर्ग हमेशा कहते थे- ऐसी सब्ज़ियां खाएं जो उसी समय उगाई जाती हैं। ऐसे फल खाएं जो उसी समय उगाए जाते हैं। वन संरक्षण और आहार संबंधी ज्ञान आधुनिक निवारक चिकित्सा के साथ उल्लेखनीय रूप से मेल खाते हैं। इसलिए हमें अपनी जड़ों की ओर लौटना होगा।

## दिल्ली पुलिस का शिकंजा : बिना वैध दस्तावेजों के रह रहीं 6 बांग्लादेशी महिलाएं हिरासत में

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की पूर्वी जिला इकाई ने एक सफल अभियान में छह बांग्लादेशी महिलाओं को हिरासत में लिया है, जो बिना किसी वैध दस्तावेज के शहर में रह रही थीं। यह कार्रवाई मंडावली पुलिस स्टेशन की टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, टीम ने सबसे पहले एक महिला को पकड़ा। गहन पूछताछ के बाद, उससे मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने पहाड़गंज इलाके में दबिश दी और वहां से पांच अन्य बांग्लादेशी महिलाओं को भी हिरासत में लेने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार की गई महिलाओं की पहचान मीम अख्तर (23), मीना बेगम (35), शेख मुन्नी (36), पायल शेख (25), सोनिया अख्तर (36) और तानिया खान (34) के रूप में की गई है। पुलिस अब इन महिलाओं के दिल्ली में आने और रहने के कारणों की गहराई से जांच कर रही है। यह भी पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि क्या ये महिलाएं किसी संगठित गिरोह का हिस्सा हैं जो अवैध रूप से लोगों को सीमा पार कराने में शामिल है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले की सूचना तत्काल विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) को दे दी है। एफआरआरओ की सहायता से अब इन सभी छह महिलाओं के खिलाफ निर्वासन की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। पुलिस का मानना है कि इन महिलाओं के पास भारत में रहने के लिए कोई वैध वीजा या अन्य आवश्यक दस्तावेज नहीं थे।

## कम्युनिटी रेडियो सिर्फ मीडिया नहीं, सशक्तिकरण की प्रक्रिया है: डॉ. एल. मुरुगन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने कहा कि कम्युनिटी रेडियो सिर्फ मीडिया नहीं, बल्कि यह शासन की सक्रियता के साथ ही व्यवहारिक सशक्तिकरण है। यह सम्मेलन केवल एक विचार-विमर्श मंच नहीं, बल्कि जनता की आवाज़ों का उत्सव है। वास्तविक, प्रामाणिक और जमीनी आवाजें जो उन स्थानों से उठती हैं, जहां मुख्यधारा की मीडिया अक्सर नहीं पहुंचती। वह भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) के सहयोग से मुंबई में आठवें राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। यह सम्मेलन मंत्रालय की प्रमुख पहल वर्ल्ड आडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट-2025 (वेव्स) के अंतर्गत आयोजित हुआ। डॉ. मुरुगन ने सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में सामुदायिक रेडियो की भूमिका की सराहना की और इसे हाशिए पर रह रहे समुदायों के लिए एक जीवनरेखा और लोकतंत्र की सच्ची भावना बताया। उन्होंने कहा कि भारत डिजिटल संचार में वैश्विक लीडर है। देश भर में 531 से अधिक सामुदायिक रेडियो स्टेशन कार्यरत हैं।

सम्मेलन की प्रमुख विशेषता 10वें राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो



पुरस्कारों का वितरण भी रहा, जिसमें 12 उत्कृष्ट रेडियो स्टेशनों को सामुदायिक जुड़ाव और सामाजिक प्रभाव में उनके अद्वितीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. एल. मुरुगन ने विजेताओं को बधाई दी और कहा कि इस राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य नवाचार, समावेशिता और प्रभाव के माध्यम से भारत में सामुदायिक मीडिया को मजबूत करना है। ये स्टेशन महिलाओं, आदिवासी जैसे विभिन्न समुदायों और समूहों के लिए कल्याणकारी गतिविधियों का एक नया आयाम दे रहे हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त सचिव पृथुल कुमार ने कहा कि 531 से अधिक कार्यरत स्टेशनों के साथ, कम्युनिटी रेडियो अब जमीनी संचार की जीवनरेखा बन चुका है। यह लोगों को उनकी अपनी भाषा और बोली में जोड़ता है, स्थानीय मुद्दों को संबोधित कर परिवर्तन लाता है। अब तक 176 स्टेशनों को वित्तीय सहायता दी जा चुकी है और 50 से अधिक प्रस्तावों पर विचार किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने पूर्वी, दक्षिणी और उत्तरी भारत में तीन क्षेत्रीय सम्मेलनों की घोषणा की तथा सौर ऊर्जा अनुदानों के माध्यम से स्टेशनों की टिकाऊ संचालन प्रणाली को बढ़ावा देने की योजनाएं साझा कीं। इस सम्मेलन में देश भर के 400 से अधिक सामुदायिक रेडियो (सीआर) स्टेशनों के प्रतिनिधि एक मंच पर एकत्रित हुए, ताकि संवाद और सहयोग का अवसर प्रदान किया जा सके।

## पहलगाम आतंकी हमले के गुनहगारों पर सरकार सख्त कार्रवाई करेगी : रवि कुमार दहिया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले पर भारतीय पहलवान रवि कुमार दहिया ने दुख जताया है। उन्होंने कहा कि इस घटना की जितनी निंदा की जाए कम है। मुझे अपनी सरकार पर पूरा भरोसा है कि वह पहलगाम आतंकी हमले के गुनहगारों पर सख्त कार्रवाई करेंगे। दिल्ली में 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें भारतीय पहलवान रवि कुमार दहिया शामिल हुए। न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि पहलगाम घटना को लेकर सरकार कार्रवाई कर रही है और मुझे भरोसा है कि सरकार इस हमले के गुनहगारों को ढूंढ कर उन्हें सजा दिलाने का काम करेगी। 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' के बारे में रवि कुमार दहिया ने कहा कि फिटनेस बहुत जरूरी है क्योंकि स्वस्थ शरीर ही हमारी पहली सच्ची दौलत है। सरकार की पहल बेहतरीन है। इस कार्यक्रम में साइकिल चलाने के महत्व पर जोर दिया गया है। जब लोग चाहे युवा हों, पुरुष हों या महिलाएं आपको साइकिल चलाते देखेंगे, तो वे प्रेरित महसूस करेंगे। दूसरी ओर पहलगाम आतंकी हमले पर भारतीय पहलवान दीपक पूनिया ने कहा कि वह बहुत दुखद घटना थे और देश के सभी लोग इससे बहुत दुखी हैं। हम प्रार्थना कर रहे हैं कि भविष्य में ऐसी घटना फिर कभी न हो और हमें उम्मीद है कि सरकार इस पर सख्त कार्रवाई करेगी। 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' के बारे में उन्होंने कहा कि मैं आज इस अभियान का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं और मेरा मानना है कि देश के नागरिक होने के नाते हम सभी को इस अभियान से जुड़ना चाहिए और खुद को फिट रखना चाहिए। कुश्ती में भविष्य की योजना पर उन्होंने कहा कि इस महीने मेरा एक टूर्नामेंट भी है, यह वर्ल्ड रैंकिंग सीरीज इवेंट है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री के रूप में दोबारा चुने जाने पर एंथनी अल्बानीज को बधाई दी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एंथनी अल्बनीज को ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री के रूप में दोबारा चुने जाने और आम चुनावों में उनकी बड़ी जीत पर बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि वे अल्बनीज के साथ मिलकर भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच मजबूत होते रणनीतिक रिश्तों को और आगे बढ़ाने और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के साझा लक्ष्य को आगे ले जाने के लिए उत्सुक हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'एंथनी अल्बनीज को उनकी जबरदस्त जीत और दोबारा ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री चुने जाने पर बधाई! यह जीत दर्शाती है कि ऑस्ट्रेलियाई जनता को आपके नेतृत्व पर भरोसा है। मैं भारत-ऑस्ट्रेलिया के रणनीतिक संबंधों को और गहरा करने और हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए मिलकर काम करने को लेकर आशान्वित हूं।'एंथनी अल्बनीज ने अपनी जीत की घोषणा की और 'एक्स' पर लिखा, 'धन्यवाद, ऑस्ट्रेलिया।' अल्बनीज पिछले 21 वर्षों में पहले ऐसे ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री बने हैं जिन्हें लगातार



दूसरी बार तीन साल का कार्यकाल मिला है। लोक मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उनकी लेबर पार्टी ने चुनाव में बड़ी जीत हासिल की और बहुमत हासिल करने जा रही है।यह जीत इसलिए भी खास है क्योंकि 2004 के बाद पहली बार कोई प्रधानमंत्री लगातार दो बार सत्ता में लौटा है। चुनाव से पहले अल्बनीज ने विश्वास जताया था कि उनकी पार्टी को फिर से बहुमत मिलेगा। पांच सप्ताह के चुनाव अभियान के दौरान उनका प्रदर्शन विपक्षी नेता पीटर डटन से बेहतर रहा था। सिडनी में समर्थकों को संबोधित करते हुए अल्बनीज ने कहा, ऑस्ट्रेलियाई जनता ने फैसला किया है कि हम दुनिया की चुनौतियों का सामना अपने तरीके से करेंगे, एक-दूसरे का साथ देते हुए और भविष्य की तैयारी करते हुए। हमें किसी और से प्रेरणा लेने की जरूरत नहीं है, हमारी प्रेरणा हमारे अपने मूल्य और लोग हैं। लेबर पार्टी 151 सदस्यों वाले सदन में अपनी सीटों में इजाफा करती हुई नजर आ रही है। जबकि, आमतौर पर दूसरे कार्यकाल में सीटें कम हो जाती हैं।

# पहलगाम आतंकी हमले के बाद पीएम मोदी से मिले उमर अब्दुल्ला, सुरक्षा हालात पर हुई गंभीर चर्चा

एजेंसी

**नई दिल्ली।**जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। यह मुलाकात पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र और राज्य सरकार के बीच समन्वय और सुरक्षा रणनीति पर चर्चा के लिहाज से बेहद अहम मानी जा रही है। इस हमले में 26 निर्दोष नागरिकों की जान गई थी, जिनमें से अधिकांश पर्यटक थे। यह मुलाकात केंद्र शासित प्रदेश में 22 अप्रैल को हुए हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी और उमर अब्दुल्ला के बीच पहली बैठक थी। इस भीषण हमले में आतंकियों ने पीड़ितों को धर्म के आधार पर अलग किया और फिर निर्दयता से गोलियों से भून दिया। यह घटना पर्यटन स्थल बैसरन घाटी में हुई थी। प्रधानमंत्री आवास पर हुई यह बैठक करीब 30 मिनट चली। सूत्रों के अनुसार, दोनों नेताओं ने जम्मू-कश्मीर की वर्तमान स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था और भविष्य में इस तरह के हमलों को रोकने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर चर्चा की। हालांकि बैठक के बाद कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया, लेकिन माना जा रहा है कि दोनों नेताओं ने शांति व्यवस्था बनाए रखने और पीड़ितों को न्याय दिलाने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि इस कायराना हमले के पीछे जो भी लोग हैं, चाहे वे आतंकवादी हों, उनके हैंडलर हों या उन्हें समर्थन देने वाले, उन्हें जमीन के आखिरी छोर तक ढूंढकर सजा दी जाएगी। प्रधानमंत्री ने देश की सेना को ऑपरेशनल फ्री हैंड दे दिया है, ताकि वह इस हमले का माकूल जवाब दे सके। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री के साथ 40 मिनट लंबी बैठक की थी। इस बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) ने देश की सैन्य तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी थी। भारत ने पाकिस्तान पर कूटनीतिक दबाव भी बढ़ा दिया है। अब सभी डाक सेवाएं पाकिस्तान के साथ बंद कर दी गई हैं। इसके अलावा अटारी-वाघा सीमा बंद कर दी गई है, सिंधु जल संधि को निलंबित किया गया है और सभी पाकिस्तानी नागरिकों को देश से बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त वातावरण में नीट परीक्षा को लेकर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**जिले के 05 परीक्षा केन्द्रों पर विधि-व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर वरीय अधिकारी कर रहे हैं लगातार निगरानी**

**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**

जिले में आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर व पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुंग द्वारा सयुंक्त रूप से आज दिनांक-04.05.2025 को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान ए.एस कॉलेज, देवघर कॉलेज व पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय रिखीया में बनाये गये परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त वातावरण में परीक्षा सम्पन्न कराने को लेकर एन0टी0ए0 द्वारा जारी दिशा निर्देश का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश संबंधित अधिकारियों व केन्द्राधीक्षकों को दिया। इसके अलावा निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त विशाल सागर ने शांतिपूर्ण, नकल विहीन, पारदर्शिता से परीक्षा को लेकर सुरक्षा के सभी इंतजाम के अलावा परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की स्थिति के साथ अभ्यर्थियों के बॉयोमेट्रिक उपस्थिति, पेयजल, सीसीटीवी, शौचालय व बिजली



व्यवस्था की वस्तुस्थिति से अवगत हुए। आगे उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान केंद्र प्रभारियों एवं संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, अव्यवस्था या नकल की घटना न हो, इसका विशेष रूप से ध्यान रखें।

**कदाचारमुक्त परीक्षा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**

परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से बचने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इसको लेकर प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। साथ ही धारा 144 के अंतर्गत परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा। प्रत्येक केंद्र पर एक मजिस्ट्रेट की तैनाती भी की गयी है। इसके अलावे जिले के 05 परीक्षा केन्द्रों पर विधि-व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी देवघर, वरीय अधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिन रविवार को मांडर पल्ली में भिखारियेट संत जोसेफ का पर्व धूमधाम से मना




**दिव्य दिनकर संवाददाता**

मांडर - संत अलोईस कैथोलिक चर्च मांडर में रविवार को भिखरियेट स्तर पर संत जोसेफ का पर्व ( बाबा दिवस) धूमधाम से मनाया गया. कार्यक्रम में मांडर भिखारियेट के नौ पल्ली खलारी, चान्हो, मकुन्दा. नवाटाड़, मांडर, ब्राम्बे, सिदरौल, मखमंदरो से बड़ी संख्या में लोग शामिल थे. इस अवसर पर विशेष मिस्सा पूजा के ब्राम्बे पल्ली के डॉ फादर प्रदीप मिंज ने संपन्न कराया. कार्यक्रम में फादर वाल्टर कंडुलना, प्यारे लाल, एवं फादर जेम्स डूंगडुंग ने आदिवासियों की सामाजिक व्यवस्था परंपरा और संस्कृति पर अपने विचार व्यक्त किये. और आदिवासियों के धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक व्यवस्था पर आसन्न को खतरे पर चिंता जताई. इस अवसर पर मांडर पल्ली के यूथ द्वारा वंदना नाच, सोसई गांव की ओर से आदिवासी नाच, एवं ब्राम्बे गांव की ओर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया. मौके पर मांडर पल्ली के पुरोहित फादर बिपिन कंडुलना, फादर हुबर्ट बेक, फादर अल्बर्ट लकड़ा, फादर जेम्स डूंगडुंग,फादर चोन्हास तिग्गा, फादर समीर, फादर हेलारियुस, बिपिन बिलुंग, नवीन टोप्पो,एवं अन्य पुरोहित सहित बड़ी संख्या में मसीही विश्वासी उपस्थित थे!

### मांडर, सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**दिव्य दिनकर संवाददाता**

मांडर - बंझिला मोड़ के निकट शनिवार की शाम को सड़क दुर्घटना में बाइक सवार हीरो उरांव 38 वर्ष की मौत हो गयी वह महुआजाड़ी गांव का रहने वाला था. घटना शाम करीब साढ़े छह बजे की है. बताया गया की हीरो उरांव पिता स्व बिगलु उरांव दिन में किसी काम से मांडर के मसमानो गांव गया था और वहीं से वापस अपने घर जा रहा था. इसी क्रम में खुखरा सेल के निकट किसी वाहन ने उसे धक्का मार दिया. वाहन के धक्के से हीरो उरांव घायल होकर सड़क किनारे स्थित गड्ढे में जा गिरा था. जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी. सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंची मांडर पुलिस ने उसके शव को कब्जे में ले लिया है. जानकारी के अनुसार खेती बारी कर जीवन यापन करने वाले हीरो उरांव के तीन बच्चे हैं!

### गोरियाडीह जंगल में पुलिस पर पथराव करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**कोडरमा। विजय यादव**



गोरियाडीह जंगल में ग्रीन स्टोन की अवैध तस्करी की जांच करने गई पुलिस टीम पर 29 मार्च की रात पथराव करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना के बाद ढाब थाना में कांड संख्या 02/25 दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई थी। पुलिस अधीक्षक कोडरमा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर आरोपियों ओम प्रकाश मेहता उर्फ ऋषि मेहता और रवि यादव को क्रमशः डोमचांच और झुमरी तिलैया से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने दो बोरा अवैध ब्लू स्टोन (करीब 35 किलोग्राम), दो मोबाइल फोन और ऊळऊ एक्सप्रेस की दो रसीदें भी जब्त की हैं। कार्रवाई ढाब थाना प्रभारी रवि कुमार पंडित के नेतृत्व में की गई।

### निर्मल गंगा जल अभियान के तहत मिर्जाचौकी गायत्री परिवार की महिलाओं ने नदी पोखर में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**मंडरो** :मंडरो प्रखंड के मिजाचौकी दूर्गा मंदिर पोखर का गंगा सप्तमी के अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में निर्मला गंगा जल अभियान के तहत रविवार को गायत्री परिवार की प्रखंड समन्वयक सुप्रिया वर्णवाल के नेतृत्व में दर्जनों गायत्री परिवार की महिलाओं ने सफाई अभियान चलाया गया ।इस संबंध में सुप्रिया वर्णवाल ने बताईं कि इस पावन अवसर पर साहिबगंज गंगा घाट की सफाई एवं पूजन गायत्री परिवार के परिजनों द्वारा किया गया साथ ही मिजाचौकी पोखर का निर्मल गंगाजल अभियान चला कर पोखर की सफाई किया गई ।यह भी बताई की सर्वेभवन्तु सुखिन,सर्वे भवन्तु निरामया, विश्व का कल्याण हो,भारत देश की गरिमामई माता गंगा जल पावन एवं पवित्र है,शिव की जटा से निकली गंगा अगम्य प्राण दायिनी है,ये हमेशा विशुद्ध व निर्मल है,इसे हमेशा साफ सफाई एवं निर्मल रखना हम भारत वासियों का परम धर्म व कर्तव्य है, इस पावन अवसर पर निर्मल गंगाजल अभियान चलाया गया ।मोके पर गायत्री परिवार के परिजनों मे, राधिका देवी,रेखा देवी, रेशमी भगत,सुषमा सिंह,रीना देवी,बीमा देवी,नमिता पंडित पिंकी देवी, पुतुल देवी,उषा देवी,सुनीता वर्णवाल,प्रियंका देवी,मालती देवी, ललिता देवी सहित दर्जनों गायत्री परिवार की महिलाओं ने सफाई अभियान में शामिल थीं।

### ईलाज कराने आए झाझा निवासी एम्स के बाहर एक बुजुर्ग की हुई मौत

**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**



देवीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एम्स के बाहर स्टैंड के समीप एक 55 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। जानकारी हो कि झाझा निवासी संतोष कुमार अपना इलाज कराने एम्स आया हुआ था। जहां उसने शनिवार को इलाज कराया और एम्स के बाहर स्थित एक अस्थाई दुकान में रात्रि को वहीं रुक गया। उसके बाद सुबह उक्त व्यक्ति मारने की जानकारी लोगों को हुई। उसके पास से एम्स ओपीडी का बुकलेट एवं आधार कार्ड, मोबाइल नंबर मिला। जिसके बाद उसके घर पर फोन कर परिजनों को जानकारी दिया। जानकारी के पश्चात परिजन आए और अपने परिजन का शव लेकर चले गए। परिजनों के द्वारा किसी प्रकार का कोई किसी को दोष नहीं देते हुए किसी तरह का कानूनी कार्रवाई नहीं करने के लिए पुलिस को से आग्रह किया। खबर सुनकर पुलिस मौके पर पहुंची थी। परिजनों को आने तक और लाश सुरक्षित ले जाने तक पुलिस मौजूद रही। परिजनों ने बताया कि पहले से यह बीमार रहा करता था और पेट दर्द का शिकायत को लेकर एम्स आया हुआ था। यह घटना में किसी का कोई दोष नहीं है। परिजन ने लाश को वापस झाझा स्थित घर ले गए।

# भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री सूचिता सिंह ने शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर मंदिर में डस्टबीन डोनेट की

**दिव्य दिनकर संवाददाता**

रांची - छात्र क्लब पर्यावरण मंच की वरीय संरक्षक सह भाजपा की प्रदेश मंत्री सुचिता सिंह ने अपने 17 वीं शादी की सालगिरह धूम धाम से मनाई। कार्यक्रम के पहले चरण मे रातु रोड देवी मंडप रोड हेसल स्थित सर्वेश्वर महादेव मंदिर मे पूजा अर्चना कर डस्टबीन डोनट की ताकि मंदिर के आस पास स्वच्छता कायम रहे ।दूसरे चरण मे मधुकम,खादगड़ा एवं धुर्वा मे मिट्टी के घड़े,सुराही वितरण एवं प्याऊ का उद्घाटन साथ ही बच्चों के बीच जूस,बिस्किट्स आदि वितरण की एवं तीसरे चरण मे भजन कीर्तन आयोजन कर घर परिवार एवं देश में सुख शांति एवं खुशयाली के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष बबीता झा,महामंत्री रेणु सिंह,मंत्री नीलम चौधरी,छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा,संरक्षक शैलेश कुमार सिंह,विजय पाठक,लक्की एजुकेशनल एंड



चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी दीपक कुमार साहू, लायंस क्लब ऑफ रांची हरकनक ग्रेटर के अध्यक्ष एम.जे.एफ.लायन राजेश केडिया,झारखंड रत्न डॉक्टर आर.के. हाजरा( वर्ल्ड क्लास एक्यूपंक्चर स्पाईन स्पेशलिस्ट),चंद्रावती सह कांति कृष्ण फाउंडेशन के निदेशक ऋषिकेश लाल ने सुचिता सिंह को शादी के सालगिरह पर बधाई देते हुए लंबी उम्र,स्वास्थ्य लाभ एवं सुखमय जीवन की कामना की वहीं छात्र क्लब ग्रुप ने अपने वरीय संरक्षक सुचिता सिंह के शादी के सालगिरह पर घोषणा किया रांची के विभिन्न जरूरतमंद जगह पर दो दो घड़े की आठ प्याऊ लगाई जाएगी। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरूप से पी.एन. मिश्रा,कुमारी अनिता,अंजना प्रियदर्शनी,पिया बर्मन, गूंजा देवी,प्रतिभा कुमारी,सुबोध कुमार शर्मा,शोभा देवी,शकुंतला देवी,ऋषिका कुमारी एवं मंदिर के पुजारी प्रशांत तिवारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# निर्मला ठाकुर को मदर ऑफ द ईयर सम्मान देने का निर्णय

**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**

प्रफुल्ल-कनकलता सिकदार स्मृति न्यास एवं विवेकानंद शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा संस्थान के युग्म बैनर तले मातृ दिवस के अवसर पर इस माह के ग्यारह को, श्याम सुंदर शिक्षा सदन की संस्थापिका निर्मला ठाकुर को सिकदार ट्रस्ट के सचिव काजल कांति सिकदार एवं वेक्सो इंडिया के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार सिंह देव के करकमलों से ₹मदर ऑफ द ईयर₹ सम्मान देने का निर्णय लिया गया है। ज्ञात हो निर्मला ठाकुर गीता देवी पब्लिक स्कूल में सेवा देने के पश्चात चालीस वर्षो से श्याम सुंदर में विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करती आ रही है। शिक्षा के साथ साथ वे सामाजिक क्रिया कलापों में बढ़ चढ़ कर अपनी भागीदारी निभाती हैं। मातृ दिवस के संबंध में डॉ. प्रदीप ने कहा- मातृ दिवस मनाने का शुरूआत सर्वप्रथम ग्रीस देश में हुई थी, जहां देवताओं की मां को पूजने का चलन शुरू हुआ था। इसके



बाद इसे त्योहार की तरह मनाया जाने लगा। हर मां अपने बच्चों के प्रति जीवन भर समर्पित होती है। मां के त्याग की गहराई को मापना भी संभव नहीं है और ना ही उनके एहसानों को चुका पाना। लेकिन उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता को प्रकट करना हमारा कर्तव्य है। मां के प्रति इन्हीं भावों को व्यक्त करने के उद्देश्य से मातृ दिवस मनाया जाता है। यह दिन विशेष रूप से मां के लिए समर्पित है। इस दिन को दुनिया भर में लोग अपने तरीके से मनाते हैं। कहीं पर मां के लिए पार्टी का आयोजन होता है तो कहीं उन्हें उपहार और शुभकामनाएं दी जाती है। कहीं पर पूजा अर्चना तो कुछ लोग मां के प्रति अपनी भावनाएं लिखकर जताते हैं। इस दिन करे मनाने का तरीका कोई भी हो, लेकिन बच्चों में मां के प्रति प्रेम और इस दिन के प्रति उत्साह चरम पर होता है। काजल सिकदार ने कहा-धरती पर मौजूद प्रत्येक इंसान का अस्तित्व, मां के कारण ही है। मां के जन्म देने पर ही मनुष्य धरती पर आता है और मां के स्नेह दुलार और संस्कारों में मानवता का गुण सीखता है। हमारे हर विचार और भाव के पीछे मां द्वारा रोपित किए गए संस्कार के बीज हैं, जिनकी बदौलत हम एक अच्छे इंसान की श्रेणी में आते हैं। इसीलिए मातृ दिवस को मनाना और भी आवश्यक हो जाता है। हम अपने व्यस्त जीवन में यदि हर दिन न सही तो कम से कम साल में एक बार मां के प्रति पूर्ण समर्पित होकर इस दिन को उत्सव की तरह मना सकते हैं।

# देवघर के दीपक का भारतीय टीम में चयन

**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**

एशियाई हैंडबॉल महासंघ के नेतृत्व में आयोजित 10वीं एशियन बीच हैंडबॉल प्रतियोगिता जो कि 6 मई से 15 मई तक ओमान देश के राजधानी मस्कट में होने वाली है। इस प्रतियोगिता के लिए भारतीय हैंडबॉल टीम में देवघर जिला के दीपक कुमार का चयन बतौर गोलकीपर किया गया है। दीपक कुमार मूल रुप से गोड्डा जिला का रहने वाला है, पिछले दो वर्षो से दीपक देवघर के बिरसा हैंडबॉल अकादमी में निरंतर रूप से अपना अभ्यास राष्ट्रीय कोच सह जिला सचिव राजेश रंजन के नेतृत्व में कर रहे हैं। बता दें कि दीपक पहले भी यूथ भारतीय हैंडबॉल टीम के तरफ से साल 2022 में बहरीन देश के मानामा में आयोजित 9वां एशियन यूथ



हैंडबॉल प्रतियोगिता खेल चुके है । दीपक आज तक झारखंड हैंडबॉल टीम से बतौर गोलकीपर के 3 सीनियर राष्ट्रीय एवं 2 जूनियर राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके है। दीपक ने अपनी तैयारी देवघर के बिरसा हैंडबॉल अकादमी में रहते हुए अपने राष्ट्रीय कोच राजेश रंजन से की है । दीपक ने बताया कि वो अपने इस उपलब्धि का पहला श्रेय देवघर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ सुनील खवाड़े ,जिला खेल प्राधिकरण के सचिव आशीष झा,अपने कोच सह जिला हैंडबॉल संघ के सचिव राजेश रंजन,संघ के अध्यक्ष नवीन शर्मा,रामकृष्ण विवेकानंद विद्या मंदिर के निदेशक सौगाता कर, संघ के मुख्य संरक्षक डॉ जयचंद राज, चेयरमैन संजय मालवीय, उपाध्यक्ष रवि केसरी, सुनील कुमार, रीता चौरसिया के साथ झारखंड हैंडबॉल संघ के सचिव इमरान मसूद खान एंव झारखंड हैंडबॉल संघ के पूरे परिवार को दिया। दीपक के पिता जगदीश मिस्त्री एंव माता ने कहा कि ये काफी गौरव की बात हैं कि उनका बेटा एक बार फिर भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेगा। इसी मौके पर अकादमी के राष्ट्रीय खिलाड़ी अभिनव कुमार, साक्षी भारद्वाज, त्रृषा कुमारी, आयुषी कुमारी,सहित संघ के उपाध्यक्ष योगी तिवारी, संयुक्त सचिव प्रियम भारद्वाज ,रितेश केसरी,ने दीपक को ढेर सारी शुभकामनाएं दीं।

### क्रमटोला व मिर्जाचौकी स्टेशन के बीच ट्रेन में एक महिला ने शिशु को दिया जन्म

**मंडरो:** शनिवार के बीते रात अप बरौनी पैसेंजर ट्रेन में करमटोला व मिर्जाचौकी स्टेशन के बीच ट्रेन में एक महिला ने शिशु को जन्म दिया । सूचना मिलने पर मिर्जाचौकी आरपीएफ जवानों ने महिला को ट्रेन से उतार कर मिजाचौकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया,आशा रीना देवी को बुलाकर आरपीएफ रणवीर कुमार यादव एवं पी एन उपाध्याय ने आशा महिला से प्रार्थमिक उपचार के लिए कहा वहीं मिजाचौकी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पंकज कुमार ने एनएम से उपचार कराया एवं भोजन की व्यवस्था की। महिला हावड़ा से जमालपुर अपने घर जा रही थी , ट्रेन में ही महिला को प्रशव की पीड़ा होता देख महिला यात्री ने पुरुष यात्री को वहां से हटाया और साड़ी से पर्दा बनाकर प्रसव करवाया गया । वहीं जच्चा बच्चा स्वस्थ बताया गया। रविवार को उसके परिजन ने मिजाचौकी से घर लेकर चले गए।इधर इस तरह की कार्य पर आरपीएफ जवान को मिजाचौकी की महिला पुरुष ने सराहना की।

### यातायात नियमों के प्रति लोगों को किया गया जागरूक

**साहिबगंज:** रेलवे सुरक्षा बल साहिबगंज के उप निरीक्षक सरोज कुमार ,सहायक उप निरीक्षक रवींद्र तिवारी एवं आरक्षी अमित कुमार के द्वारा महादेवगंज कादिर नगर साहेबगंज में जागरूकता अभियान किलोमीटर स ख्या 235/03 के पास में चलाया गया ।जिसमें लोगों /जनता से ट्रेन पर पत्थर नहीं मारने,रेलवे लाइन में यातायात नहीं करने, रेलवे लाइन पर पत्थर नहीं रखने, रेल लाइन के किनारे जानवर नहीं चराने एवं यातायात नहीं करने, चलती ट्रेन पर नहीं चढ़े और ना ही उतरे रेलवे टोल फ्री नंबर 139 सहित अन्य महत्वपूर्ण बातों से अवगत कराया गया।

# करमडीह पंचमुखी हनुमान प्रतिष्ठात्मक निमित्त सूर्य कुंड पर की गयी जलभरी



**रिपोर्ट - प्रमोद कुमार सिंह**

औरंगाबाद :- जिले में श्री बालाजी सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा देव प्रखंड के करमडीह ग्राम में श्री श्री पंचममुखी हनुमान प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ का आयोजन 2 मई से 8 मई तक का आयोजन किया जा रहा है ' इस निमित्त आज करमडीह ग्राम से हजारों की संख्या में देव सूर्यकुण्ड से जलभरी कर कलश शोभा यात्रा का आयोजन किया गया ' समाजसेवी चन्दन सिंह एवं मुन्ना पाठक जी के द्वारा कलश शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए राधा कृष्ण, शंकर, पार्वती, श्री गणेश, हनुमान जी एवं काली जी की शोभायात्रा का आयोजन किया गया ' झांकी की आकर्षक नृत्य से देव की धरती भक्तिमय हो गया ' ट्रस्ट के विद्वान सदस्यों नें बताया की पंचमुखी हनुमान जी की स्थापना के लाभ बतायें और कहें की यह घर को नकारात्मक ऊर्जा से बचाता है.यह वास्तु दोष को दूर करता है. यह घर में सुख, शांति और समृद्धि लाता है.यह सभी प्रकार के डर और बाधाओं से छुटकारा दिलाता है. यज्ञ निमित्त प्रत्येक दिन भक्तिमय कार्यक्रम किया जायेगा जिसमे यज्ञ कर्ता के रूप में पीठाधिश्वर कृष्ण आध्यात्म आश्रम स्वामी कृष्ण मोहनानंद, प्रवचन कर्ता पूज्य रौशनी शास्त्री,सांस्कृतिक कार्यक्रम में राकेश मिश्रा,निशा उपाध्याय,शिवानी सिंह,भोजपुरी गायिका देवी जी,खुशी कक्कड़,आर्यन बाबू,ईश्वरत जहाँ,धनंजय शर्मा अपना योगदान देंगे ' श्री बालाजी सेवा ट्रस्ट के आयोजन कर्ता चन्दन सिंह नें सभी सदस्यों को सलाह दी की साधना करते समय ब्रह्मचर्य का पालन करें। हनुमान जी बहुत ही उग्र एवं त्वरित फल देने वाले देवता हैं इसलिए इनकी साधना में विशेष सावधानी की आवश्यकता होती है।

### स्विमिंग शार्क एकेडमी के सदस्यों द्वारा चलाया गया सफाई अभियान किया नंदन पहाड़ लेक का सफाई



**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**

नन्दन पहाड़ लेक जहां बच्चों को निःशुल्क स्विमिंग सिखाया जाता है और यहीं से स्विमिंग सीख के बच्चे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मेडल लाते है राष्ट्रीय स्तर पे भाग लेते हैं ।वहां आए दिन देखा जाता है गाड़ियों का सफाई होता है कपड़े धोते है कर्म कांड होता है घर का पूजा पाठ का सामान, और उसका कचरा,शराब की बोतल वहीं फेक दिया जाता जिससे गंदगी का भंडार लग गया था,और पानी से दुर्गंध भी आने लगा था,पानी अत्यधिक होने की वजह से सफाई बहुत महीने से नहीं हुआ था लेकिन इधर पानी का स्तर कुछ घटा और पानी कम होने की वजह से स्विमिंग शार्क एकेडमी के सदस्यों द्वारा रविवार दिनांक 4 मई को किया गया नंदन पहाड़ लेक का सफाई अभियान स्विमिंग शार्क एकेडमी के सुधाकर चौधरी और मुन्ना पासवान जी नेतृत्व में चलाया गया और लगभग बोटिंग घाट तक कचरे को निकाल के बाहर किया और कुछ दूरी पे जाके जहां कचरा रखा जाता है वहां रखा गया। ।जिससे पूर्व की स्थिति और वर्तमान की स्थिति देखते बन रही थी। ।इस अभियान में स्विमिंग शार्क एकेडमी के नवीन शर्मा,कृष्ण कुमार,लाल मोहन कुमार,विद्यानंद राय ,रोहित रंजन,, सोनू कुमार राय, शुभम कुमार, अनुराग कुमार, वंश कुमार, कुंदन कुमार सिंह, मनीष कुमार, सुमंत कुमार झा, संदीप मिश्रा, विकास कुमार वाजपेई, मनीष मिश्रा, सौरभ केशरी, पाखी कुमारी,अर्पित कुमार,मानव कुमार,मानवी कुमारी,सहित और भी कई लोग मौजूद थे।

## छापेमारी में 15 लीटर महुआ शराब बरामद, आरोपी फरार

**रिपोर्ट - अमरेन्द्र कुमार सिंह**

गोह(औरंगाबाद) बंदेया थाना क्षेत्र के चपरा गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर सूरत दास के घर से 15 लीटर महुआ शराब बरामद की है। पुलिस के पहुंचते ही आरोपी सूरत दास मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### बीआरबीसीएल क्रिकेट प्रीमियर लीग फाइनल में टीम 'Super Giant ने मारी बाजी।




**रिपोर्ट – प्रमोद कुमार सिंह**

औरंगाबाद :- बीआरबीसीएल द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला 3 मई को नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री दीपक रंजन देहुरी (मुख्य कार्यकारी अधिकारी, BRBCL), श्री बी.के. साहा (महाप्रबंधक, प्रचालन एवं अनुरक्षण) और सांगीनी लेडीज क्लब की उपाध्यक्षा श्रीमती रूना साहा की गरिमामयी उपस्थिति रही। सामूहिक प्रयास के बल पर टीम 'BRBCL Super Giant ने फाइनल में उत्कृष्ट खेल दिखाकर विजेता बनने का सम्मान प्राप्त किया। दूसरी ओर, 'BRBCL Super Giant की टीम ने पूरे टूनामेंट में अपने खेल से दर्शकों का दिल जीता। मुख्य अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान किए तथा खिलाड़ियों को प्रेरक शब्दों से उत्साहित किया। आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, आयोजन समिति और दर्शकों का BRBCL प्रबंधन ने आभार व्यक्त किया।

### पृथ्वीराज ट्रस्ट पहुंचे बिहार सरकार के मंत्री नीरज कुमार बब्लू को किया गया भव्य स्वागत




**रिपोर्ट– प्रमोद कुमार सिंह**

औरंगाबाद :- जिला मुख्यालय की महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट पृथ्वीराज चौक ब्लॉक मोड के प्रांगण में बिहार सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के माननीय मंत्री नीरज कुमार बबलू जी का आगमन हुआ।पृथ्वीराज चौहान ट्रस्ट के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह,उपाध्यक्ष डॉ ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह, वरीय सदस्य प्रोफेसर विजय कुमार सिंह,रामप्रवेश सिंह चंद्रप्रकाश विकास,पूर्व मुखिया सत्येंद्र नारायण सिंह, माध्यमिक शिक्षक संघ के नेता रामभजन सिंह, सरपंच संघ के प्रांतीय नेता रविंद्र कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, रंजीत कुमार सिंह,कोषाध्यक्ष विकास कुमार सिंह,मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी सहित अन्य सदस्यों द्वारा पुष्पहार एवं अंग वस्त्र देकर भव्य स्वागत किया गया। पृथ्वीराज चौहान स्मृति स्थल पहुंचने पर माननीय मंत्री द्वारा पृथ्वीराज चौहान एवं चंद्रवरदाई जी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।प्रोफेसर विजय कुमार सिंह ने मंत्री जी को बताया कि औरंगाबाद भारत का पहला जिला है जहां पृथ्वीराज चौहान के प्रतिमा के साथ-साथ चंद्रवरदाई जी की भी प्रतिमा लगी हुई है।स्मृति स्थल पहुंचने पर मंत्री जी काफी हर्षित दिखे एवं उन्होंने आगामी महाराणा प्रताप जयंती पटना में होने वाले भव्य एवं दिव्य समारोह में सभी लोगों को आमंत्रित किया।मौके पर जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष पंकज पासवान,रविंद्र कुमार रवि,राम सुरेश सिंह धनीबार के जितेंद्र कुमार सिंह,जयराम सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### दिव्यांग बच्चों के लिए आयोजन होगा चिकित्सा जांच शिविर

**रिपोर्ट – प्रमोद कुमार सिंह**

औरंगाबाद :- जिले के बारुण प्रखंड के समावेशी शिक्षा के बीआरपी लाल बहादुर ने बताया कि 5 मई को दिन सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारूण में बारुण प्रखंड के 03 वर्ष से लेकर 18 वर्ष के दिव्यांग बच्चों का जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा साथ में यू डी आईडी कार्ड (यूनिक डिसएबलिटी आइडेंटिटी कार्ड) भी बनेगा अतः बारुण प्रखंड के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं सहायक शिक्षकों, बारुण प्रखंड के विकास मित्रों, टोला सेवकों को सूचित किया जाता है कि अधिक से अधिक बच्चों को इस जाँच शिविर का लाभ दिलवाना सुनिश्चित करें इस कैंप में आने हेतु निम्नलिखित प्रमाण पत्र की आवश्यकता है , आधार कार्ड की छाया प्रति 2. पासपोर्ट साइज फोटो।जिन बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बन चुका है उनका यूडीआईडी कार्ड बनेगा अतः यूडीआईडी कार्ड हेतु निम्नलिखित डॉक्यूमेंट की आवश्यकता है ,दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड कि छाया प्रति 3 पासपोर्ट साइज फोटो , प्रमाण पत्र आधार को पत्र की छाया प्रति दो पासपोर्ट साइज फोटो

### बभाइन गांव में अपराधियों का कहर, नीतीश को मारी दो गोली

**प्रियंका कुमारी**



बखरी, बेगूसराय। बखरी थाना क्षेत्र के बभाइन गांव में शनिवार की देर शाम उस वक्त सनसनी फैल गई, जब अपराधियों ने एक युवक को घर से बुलाकर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। हमले में युवक नीतीश कुमार पासवान गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्हें इलाज के लिए बेगूसराय के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, हमलावर तीन मोटरसाइकिलों पर सवार होकर गांव पहुंचे थे और उनकी संख्या लगभग छह थी। उन्होंने किसी माध्यम से नीतीश को घर से बाहर बुलवाया और पास में ही अचानक फायरिंग शुरू कर दी। इस हमले में नीतीश को दो गोलियां एक सिर में और दूसरी जांघ में लगी।घायल युवक की पहचान बभाइन गांव निवासी ब्रह्मदेव पासवान के पौत्र और राजो पासवान के पुत्र 28 वर्षीय नीतीश कुमार पासवान के रूप में हुई है। परिजनों ने उन्हें तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।घटना की सूचना मिलते ही बखरी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। थानाध्यक्ष फैसल अहमद अंसारी ने बताया कि पीड़ित परिजनों द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर छह नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। घटना के बाद गांव में भय और तनाव का माहौल है। पीड़ित परिवार से मिलने और ढांढस बंधाने के लिए भाकपा नेता जितेन्द्र जीतू, राटन पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि बाला पासवान, वार्ड 12 के पंच प्रतिनिधि प्रवीण चक्रवर्ती और वार्ड 8 के सदस्य प्रतिनिधि रामविनय पासवान पहुंचे।जनप्रतिनिधियों ने घटना की निंदा करते हुए प्रशासन से अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उन्होंने प्रशासन से पीड़ित परिवार और गांव के लोगों को सुरक्षा प्रदान करने की भी अपील की।

# ओबरा महोत्सव की रुपरेखा तय करने हेतु बृहद बैठक बुलाने का लिया गया निर्णय

**रिपोर्ट – प्रमोद कुमार सिंह**



औरंगाबाद :-:जिले के ओबरा प्रखंड में होने वाले ओबरा महोत्सव को दिव्य एवं भव्य रुप से आयोजित किया जायेगा। ओबरा महोत्सव की रुपरेखा तय करने हेतु बृहद बैठक बुलाने का लिया गया निर्णय। उक्त निर्णय जिला महोत्सव परिवार कीओबरा प्रखंड में हुई एक बैठक में लिया गया। आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धेश्वर विद्यार्थी एवं भ्रष्टाचार निरोधक जांच ब्यूरो के राष्ट्रीय सचिव आदित्य श्रीवास्तव, मुखिया प्रतिनिधि गोविंद अग्रवाल शामिल हुए बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया रामसेवक प्रसाद ने की। वही सबकी सहमति से ओबरा महोत्सव की नई कमेटी की गठन हुई जिसमें अध्यक्ष की जिम्मेवारी रामसेवक प्रसाद को दी गई और कार्यकारिणी अध्यक्ष की जिम्मेवारी श्री कृष्णा कांत कुमार को दी गई, सचिव की जिम्मेवारी कौशिक दुबे हाथों में दी गई, कोषा अध्यक्ष अतुल आनंद को मनाया गया शह कोषा अध्यक्ष सुनील सिन्हा, उपाध्यक्ष कमलेश कुमार विकल, प्रमोद भगत, विनोद प्रसाद नाग, शंभू प्रसाद, शिवनारायण प्रसाद को शामिल किया गया। उप सचिव में विद्याधर तिवारी, पप्पू अग्रवाल संजय कुमार मालाकार को रखा गया। सभी लोगों ने संयुक्त रूप से निर्णय लिया है कि इस बार ओबरा महोत्सव आयोजन दो दिवसीय 6 सितंबर से 7 सितंबर तक आयोजित होगा। महोत्सव में स्थानीय कलाकारों के साथ बड़े कलाकारों को भी आमंत्रित किया जाएगा। बैठक संबोधन करते हुए सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने कहा कि बैठक का मूल उद्देश्य है ओबरा में प्राचीन स्थित देवी मां मंदिर , ऐतिहासिक महत्व के स्थल मनोरा एवं स्वतंत्रता सेनानी जगतपति कुमार को देश दुनिया में प्रचारित और प्रसारित करना है ।साथ ही स्थानीय कलाकारों, छात्र छात्राओं को मंच दिलाने और स्थानीय उत्पाद महत्व देना ताकि उसकी अच्छाई देश दुनिया स्तर पर पहुंच सके। इसी उद्देश्य महोत्सव को शुरूआत करने की पहल की जा रही है।। और यह तभी संभव है जब ओबरा के सभी लोगों की इसके प्रति सहयोग मिले। आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि महोत्सव की निरंतरता बनी रहेगी तब महोत्सव को राजकीय दर्जा मिल सकता है , जिस ओबरा सभी क्षेत्रों में विकास की गति को छू सके।बैठक मे कमल किशोर पांडे प्रदीप साव रवि शंकर दुबे अजय कुमार मेहता सुनील कुमार अजय कुमार शर्मा दूधेश्वर साहू आनंद पांडे अशोक सिंह शैलेश कुमार संजय कुमार उपस्थित थे।

## सारण जिलान्तर्गत अप्रैल माह में चलाये गये विशेष अभियान में 1350 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

### सारण पुलिस की सक्रियता की वजह से 7064 ली0 शराब जप्त



**पटना ,** । सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक, सारण द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में असमाजिक तत्वों / अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन / बिक्री/भण्डारण / निर्माण / परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्टी ध्वस्त करने हेतु कार्रवाई को दृष्टिगत रखते हुए माह-मार्च में विशेष अभियान चलाकर कुल 1350 (तेरह सौ पचास) अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें हत्या के कांड में 10, हत्या के प्रयास में-94, दहेज हत्या के कांड में-07. लूट के कांड में-14, डकैती कांड में-01, आर्म्स अधि० के कांड में-18, अपहरण के कांड में-21, पॉक्सो के कांड में-03, बलात्कार के कांड में-01, एस०सी० एक्ट के कांड में-14, पुलिस पर हमला के कांड में-26. सामप्रदायिक कांड में-01, दहेज प्रथा अधिनियम में-01, आई०टी०एक्ट० अधि०-03, अन्य विशेष प्रतिवेदित कांड में 121, चोरी में-06, छिनतई में-01, खनन के कांड में-05, मद्यनिषेध में-598, वारंट में-389 तथा अन्य कांडों में 16 अभियुक्त शामिल हैं। इस अवधि में लंबित वारंट के निष्पादन को दृष्टिगत रखते हुए वारंट-1306 एवं कुर्की-105 का निष्पादन किया गया। पूरे माह के दौरान चलाये गये इस विशेष अभियान में देशी/विदेशी / स्ट्रीट शराब-7064 ली०, देशी कट्टा/देशी पिस्टल-15, कारतूस-52, मोबाईल-53, लैपटॉप-07, चाकू-07, साईकिल-01, पिलेट-01, कटर मशीन-01, पोटाश-15 कि0ग्रा0, अपहता-35, बैट्री-04, रिक्सा-01, मवेशी-06, तास-01, पाइप-226 पीस, डीजल-20 ली०, तार 30 मीटर, लैम्प-01, हेल्मेट-01, गैस सिलेंडर-01, प्रिंटर-01, मॉनिटर-01, सी०पी०यू०-01, शावल-01. मोटरसाईकिल / स्कूटी/स्कूटर-56, तीन/चार पहिया वाहन-14, बालु लदा ट्रक-15, खोखा / मैगजीन-04, देशी रायफल-01, एवं नगद राशि 137750 रूपया जप्त / बरामद किया गया। जिलें में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से 7677500 रूपया जुमार्ना राशि वसूली गई। साथ ही देशी शराब की 64 भठ्ठीयो को ध्वस्त कर लगभग 46,000 लीटर अर्धनिर्मित शराब / पास विनष्ट किया गया। सारण पुलिस, आपकी सेवा में सदैव तत्पर रहेगा ।

## रक्तदान जागरूकता एवं सेवा के लिए औरंगाबाद के बमेंद्र,विजेता एवं अनीश को किया गया सम्मानित

**`रिपोर्ट – प्रमोद कुमार सिंह**



औरंगाबाद :- रक्तदान क्षेत्र में सेवा दे रहे औरंगाबाद क्षत्रिय नगर निवासी पथ प्रदर्शक संस्था के संस्थापक सह सचिव रक्तसेवक बमेन्द्र कुमार सिंह एवं जिला स्तरीय रक्त योद्धा कमिटी हसपुरा के सचिव अनीश केसरी एवं संरक्षक विजेता पटेल को उत्तर प्रदेश के दुद्धिनगर में अंतरराष्ट्रीय रक्तक्रांतिवीर सम्मान से सम्मानित किया ।रक्तदान के क्षेत्र में जागरूकता एवं क्रांति लाने एवं रक्तदान शिविर आयोजित करने के लिए बमेन्द्र को एवं ग्रामीण क्षेत्र हसपुरा में रक्तदान का अलख जगाने,युवाओं को जागरूक कर रक्तदान कराने के लिए विजेता एवं अनीश को मैडल,प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिलांतर्गत दुद्धीनगर की संस्था प्रगति फाउंडेशन द्वारा द्वितीय अंतरराष्ट्रीय रक्तक्रांतिवीर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था।इस कार्यक्रम में भारत एवं नेपाल के अलग-अलग प्रांतों से आए रक्तसेवा में योगदान एवं सेवा के लिए 100 रक्तसेवकों एवं रक्त सेविकाओं को सम्मानित किया गया।आयोजित कार्यक्रम में बिहार, झारखंड,पश्चिम बंगाल,उड़ीसा,तेलंगाना, उत्तर प्रदेश,मध्य प्रदेश,गुजरात,महाराष्ट्र सहित अठारह राज्यों एवं पड़ोसी देश नेपाल के रक्त सेवक एवं सेविकाओं ने भाग लिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक ने कहा की हौसला अफजाई के लिए देश एवं विदेश के रक्त सेवक एवं सेविकाओं को सम्मानित किया गया। कहा आपलोग समाज के धरोहर एवं युवाओं के लिए प्रेरणा हैं।आपलोगों के द्वारा किया जा रहा जीवन रक्षक कार्य काफी सराहनीय है।रक्तसेवक बमेंद्र ने बताया कि रक्तदान ही एक ऐसी सेवा है जो निस्वार्थ रूप से किया जाता है। इस सम्मान का श्रेय पथ प्रदर्शक के सभी रक्तदाताओं को जाता है जिनके सहयोग से समय-समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है एवं जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराया जाता है। औरंगाबाद की चर्चित स्वयंसेवी संस्था पथ प्रदर्शक के सचिव बमेंद्र कुमार सिंह लगातार रक्तदान के प्रति युवाओं को जागरुक कर उनसे रक्तदान कराते हैं।इस अवसर पर स्थानीय रक्तदाता सहित भारत और नेपाल के सैकड़ों रक्तसेवक एवं संस्था के परिवार उपस्थित थे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत मजदूर दिवस के आलोक में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

**रिपोर्ट – प्रमोद कुमार सिंह**




औरंगाबाद :- जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत मजदूर दिवस के आलोक में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसके तहत जिले के ग्राम धर्मपुर और कर्मा भगवान में कार्यक्रम आयोजित किया गया ' कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि देश के निर्माण में मजदूर और श्रमिकों का सबसे ज्यादा योगदान होता है ' अगर देश आद्यौगिक रूप से विकाश करता है तो उसमें श्रमिकों का योगदान है वहीं देश में कृषि उत्पादों में आत्म निर्भर बनाना है तो किसान के रूप में कार्य करने वाले श्रमिक का योगदान होता है ' देश के विकास में श्रमिकों के योगदान को देखते हुए कई कानूनों का निर्माण किया गया है जिससे कि श्रमिकों के अधिकारों का कोई हनन नहीं कर सके ' जिसमें फैक्ट्री अधिनियम, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, जैसे कई कानून बने हैं इसके अतिरिक्त श्रमिकों के अधिकार के हनन कोई नहीं करे और श्रमिकों के हितों की रक्षा हो इसके लिए श्रम न्यायालय की स्थापना की गई है और यह लगभग प्रत्येक जिले में कार्यरत रहता है ' इसके अतिरिक्त अगर श्रमिकों को कोई भी समस्या हो तो जिला विधिक सेवा प्राधिकार उन्हें उनके समस्याओं के निराकरण कराने में हर संभव विधिक सहायता उपलब्ध कराता है ' इसके साथ साथ प्राकृतिक आपदाओं से बचने और उसके प्रति जागरूक रहने पर लोगों को जागरूक किया गया 'इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को उनके कई अधिकार देश के प्रति कर्तव्य को लेकर जागरूक किया गया ' कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं जैसे मुफ्त विधिक जानकारी, योग्य व्यक्तियों को मुफ्त अधिवक्ता के माध्यम से उनके वाद में बचाव, आगामी 10 मई को आयोजित होने वाली लोक अदालत के संबंध में विस्तृत जानकारी ताकि वे अपने वाद को समाप्त कर सकें. जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर लोगों को जानकारी उपलब्ध कराया गया ' जहां धर्मपुर में मुख्य कानूनी बचाव अधिवक्ता युगेश किशोर पाण्डेय, उप मुख्य कानूनी बचाव अधिवक्ता अभिनन्दन कुमार, के साथ साथ अधिवक्ता रौशन कुमार , अधिवक्ता मृत्युंजय कुमार के साथ अर्द्ध विधिक स्वयं सेवक विनय कुमार ने भाग लिया वही कर्मा भगवान में उप मुख्य कानूनी बचाव अधिवक्ता मुकेश कुमार सहायक कानूनी बचाव अधिवक्ता चन्दन कुमार के साथ साथ अर्द्ध विधिक स्वयं सेवक नरेंद्र कुमार ने भाग लिया '

## पीएनबी गोह शाखा से स्थानांतरित तीन अधिकारियों को दी गई भावभीनी विदाई



**रिपोर्ट – अमरेन्द्र कुमार सिंह**

गोह (औरंगाबाद)पंजाब नेशनल बैंक, गोह शाखा से स्थानांतरित तीन अधिकारियों पुष्पा कुमारी, मुकेश कुमार सिंह और गौरव कुमार झ को विदाई देने हेतु एक भावभीन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैंक के ग्राहकों, ग्रामीण क्षेत्रों के सीएसपी संचालकों और गणमान्य नागरिकों ने मिलकर इन अधिकारियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह के दौरान तीनों अधिकारियों को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। विदाई समारोह में मौजूद सभी लोगों ने यह साझा किया कि ये तीनों अधिकारी सदैव ग्राहकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करते थे और बैंकिंग अनुभव को सहज बनाते थे। शाखा प्रबंधक श्री मनीष कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि इन अधिकारियों की कमी निश्चित रूप से ग्राहक सेवा को प्रभावित करेगी, लेकिन उनकी कार्यशैली और व्यवहार हमेशा प्रेरणा का स्रोत बने रहेंगे।

इस अवसर पर कृषि अधिकारी श्री रविभूषण कुमार सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे, जिनमें कृष्णा कुमार, तौसीफ आलम, दीपक कुमार, राजेश कुमार, नितेश नंदन, विंध्याचल कुमार, सीएसपी संचालक इंदल कुमार, सुजीत कुमार, मोहन कुमार, अफजल हुसैन, रवि कुमार, दीपक पासवान, अजय कुमार, टिंकू कुमार एवं जीविका दीदी अनीता कुमारी शामिल रहीं। समारोह का माहौल भावनात्मक एवं आत्मीयता से परिपूर्ण रहा, जहाँ सभी ने अपने प्रिय अधिकारियों को भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

## पूर्व सांसद वीरेन्द्र कुमार सिंह का नबीनगर विधानसभा क्षेत्र में लगातार जारी है ग्राम जन संपर्क यात्रा

**रिपोर्ट – प्रमोद कुमार सिंह**



औरंगाबाद। बिहार की विकास योजनाओं और कार्यक्रमों का अनुसरण आज पूरा देश कर रहा है। बेटियों को साइकिल, पोशाक और छात्रवृत्ति, महिलाओं को नौकरी में 33 फीसदी आरक्षण, हर घर जल का नल, हर घर को बिजली सहित अन्य क्षेत्रों में किये गये विकास कार्यों को केंद्र व दूसरे राज्यों की सरकारें अपना रही हैं। बिहार में वर्ष 2006 से पहले स्वयं सहायता समूहों की स्थिति काफी खराब थी। आज जीविका दीदियां कहां से कहां पहुंच गई हैं। खुद रोजगार से जुड़कर अन्य लोगों के लिए रोजगार का अवसर प्रदान कर रही हैं। बिहार की तर्ज पर ही केंद्र ने आजीविका शुरू की है। बिहार की तकदीर बदलने में जीविका दीदियों का काफी हाथ है। आज बिहार खुशहाल बन रहा है। अगला लक्ष्य बिहार को विकसित राज्य बनाने का है। केंद्र की सरकार भी बिहार को विकसित राज्य बनाने में मदद कर रही है। केंद्र ने हाल ही में जो बजट पेश किया है, उससे बिहार को विकास में मदद मिलेगी। यह बातें औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह ने रविवार को ग्राम जन संपर्क यात्रा के दौरान कही। नबीनगर के प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व सांसद नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बेलाई पंचायत में ग्राम जन संपर्क यात्रा किए। उन्होंने देवराज बीघा, चिरैली, बाना बीघा, पोखराहां, फेसरा, बड़वान, पोखराही, पांती, मोगलानी कर्मा, बनराही, बेलाई, अमौना, खिरी दयाल, भटवा भगली, बसडीहा, दानी बिगहा, कुशा पाण्डेय बीघा, ईटवा एवं दुखन बीघा, नोनिया बीघा गांव में ग्राम जन संपर्क यात्रा किया। इस दौरान पूर्व सांसद ने वहां के ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। साथ ही समस्या का समाधान करने का भी आश्वासन दिया। वहीं जगहझजगह ग्रामीणों ने भी पूर्व सांसद का माला पहना कर स्वागत किया। यात्रा में जिला उपाध्यक्ष सह प्रखंड बीस सूत्री सदस्य सूर्यवंश सिंह, पूर्व विधायक प्रतिनिधि रामेश्वर सिंह, जिला उपाध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य सुरेंद्र कुमार सिंह, सरपंच संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, जदयू युवा नेता रंजीत सिंह, पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, प्रखंड बीस सूत्री सदस्य महावीर कुशवाहा, उप सरपंच प्रमोद सिंह, ओम प्रकाश सिंह, बिगु सिंह, ललन सिंह, अमेरिका साव, रामजन्म सिंह, रविंद्र सिंह, जालंधर सिंह, फेकन राम, गुड्डू राम, सुनील सिंह, विजय सिंह आदि उपस्थित रहे। पूर्व सांसद की ग्राम जन संपर्क यात्रा को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## दिल्ली काव्य पाठ कर लौटे कवि को किया गया सम्मानित



**नन्दकिशोर दास**

बेगूसराय ब्यूरो। काव्य पाठ के बाद दिल्ली से बेगूसराय लौटे कवि मिन्टू कुमार झा का सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस समारोह में कवि मिन्टू कुमार झा को साहित्यिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। बताते चलें कि जिले के वीर रस के युवा कवि मिन्टू कुमार झा को बेगूसराय आगमन पर जेपी सेनानी व शहीद सुखदेव सिंह समन्वय समिति की ओर से सभागार में भव्य स्वागत किया गया। सम्मानित करने वालों में जेपी सेनानी के प्रदेश अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि यह सम्मान बेगूसराय जिलेवासियों के लिए गौरव का सम्मान है। युवा कवि मिन्टू दिनकर साहित्य सम्मान से सम्मानित होकर सम्पूर्ण जिले को गौरवान्वित किया है। मिन्टू कुमार झा ने कहा कि हर घर में दिनकर है, उन्हें प्रोत्साहन की जरूरत है। दिनकर साहित्य सम्मान का श्रेय मिन्टू ने अपने पिता स्व. चंद्रदेव झा को दिया। बधाई देने वालों में जिलाध्यक्ष राजेंद्र महतो, महिला सेल का सचिव सुनीता देवी, डॉ. महेश चंद्र चौरसिया, राजा कुमार आदि शामिल हैं।

## शराब के साथ युवक गिरफ्तार, 84 लीटर महुआ बरामद

**रिपोर्ट – अमरेन्द्र कुमार सिंह**

गोह( औरंगाबाद) बंदेया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झीकटिया में पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। शराब तस्करी में संलिप्त एक युवक को भारी मात्रा में अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक की पहचान श्रीनिवास कुमार एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर 84 लीटर महुआ शराब लेकर जा रहा था, जिसे पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रोका और तलाशी के दौरान शराब बरामद की। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# सारण क्रिकेट प्रीमियर लीग: युवा खिलाड़ियों को मिलेगा सुनहरा मंच

## सारण सांसद रूडी की प्रेरणा से पहली बार सारण क्रिकेट प्रीमियर लीग का आयोजन

**आईपीएल की तर्ज पर सारण जिला के 10 विधानसभा क्षेत्रों की 10 टीमें लेंगी भाग**

**छपरा वारियर्स, गरखा राइडर्स, मढ़ौरा ईगल्स, परसा लायंस, सोनपुर किंग्स, अमनौर टाइगर्स जैसी टीमें होंगी आमने-सामने**

**13 वर्ष या उससे ऊपर के खिलाड़ी लीग की वेबसाइट https://www.sclt20.in/ पर करा सकते हैं ऑनलाइन पंजीकरण**

**सितम्बर माह में राजेन्द्र स्टेडियम, छपरा में होगा टूनार्मेंट**

**वैभव सूर्यवंशी जैसे उभरते सितारे बन सकते हैं आने वाले कल के क्रिकेट चैंपियन**

**पटना**, ।बिहार की धरती आज केवल राजनीति, संस्कृति और बौद्धिक समृद्धि तक सीमित नहीं रही, बल्कि अब वह खेल के क्षेत्र में भी अपनी नई पहचान गढ़ रही है। बिहार के पटना, राजगीर, बेगूसराय, भागलपुर के साथ साथ दिल्ली में भी खेलो इंडिया के बिहार संभाग का आयोजन हो रहा है। बिहार के विभिन्न जिलों में खेल की अलख जल रही है। इसी कड़ी में अब सारण जिला एक ऐतिहासिक और अभूतपूर्व आयोजन की दहलीज पर खड़ा है जिसका नाम है सारण क्रिकेट प्रीमियर लीग। सारण क्रिकेट प्रीमियर लीग टूनार्मेंट का बीजारोपण किया है सारण सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी ने, जिनकी दूरदृष्टि और प्रेरणा से इस प्रतियोगिता का स्वरूप आकार ले रहा है। उनका यह प्रयास सारण के उभरते युवाओं को एक सुनहरा मंच प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, जहाँ प्रतिभा का चयन नहीं, उसका उत्सव होगा। इसमें छपरा वारियर्स, गरखा राइडर्स, मढ़ौरा ईगल्स, परसा लायंस, सोनपुर किंग्स, अमनौर टाइगर्स जैसी टीमें आमने-सामने होंगी। इस टूनार्मेंट में सारण जिले की दसों विधानसभा क्षेत्रों के नाम पर दस टीमें मैदान में उतरेंगी, जो क्रिकेट कौशल, टीम भावना और जीत के जज्बे से परिपूर्ण मुकाबले पेश करेंगी। यह आयोजन न केवल एक खेल प्रतियोगिता है, बल्कि यह सारण के युवाओं के आत्मविश्वास का उत्सव है। 13 वर्ष या उससे अधिक आयु के खिलाड़ी ऑनलाइन माध्यम से पंजीयन कर इस महायज्ञ का हिस्सा बन सकते हैं। टूनार्मेंट सितंबर माह में छपरा स्थित राजेन्द्र स्टेडियम में खेला जाएगा, जहाँ मैदान गूंजेगा छक्कों और चौकों की गूंज से, और दर्शक झूमेंगे क्रिकेट रोमांच की लय पर। इस पहल की सबसे प्रेरणादायक झलक है वैभव सूर्यवंशी जैसे युवा खिलाड़ी, जिन्होंने ग्रामीण पृष्ठभूमि से उठकर क्रिकेट की बारीकियों में महारत हासिल की है और आज इस टूनार्मेंट के माध्यम से आने वाले युवाओं के लिए प्रेरणा का प्रतीक बन रहे हैं। सारण क्रिकेट प्रीमियर लीग केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक क्रांति है झ प्रतिभा की, परिश्रम की और पहचान की। यह आयोजन साबित करेगा कि अब बिहार का युवा न केवल देख रहा है सपने, बल्कि उन्हें साकार करने का माद्दा भी रखता है।

## संक्षिप्त समाचार

### 223 बच्चों को पिलाई गई स्वर्ण प्राशन दवा की खुराक

**नन्दकिशोर दास**



बेगूसराय ब्यूरो। राजकीय अयोध्या शिव कुमारी आयुर्वेद महाविद्यालय बेगूसराय में रविवार को स्वर्ण प्राशन अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 223 बच्चों को स्वर्ण प्राशन के दवा की खुराक पिलाई गई।प्राचार्य डॉक्टर श्रीनिवास त्रिपाठी के निर्देशन में चल रहे इस प्रोग्राम के लिए रविवार को भी महाविद्यालय खोला गया। प्राचार्य डॉक्टर श्रीनिवास त्रिपाठी ने बताया कि स्वर्ण प्राशन अभियान के तहत पुष्य नक्षत्र के दिन बच्चों को पिलाई जाती है। इसीलिए रविवार को भी महाविद्यालय खोलकर रखा गया। उन्होंने इसे महत्वाकांक्षी अभियान बताते हुए कहा कि महाविद्यालय में स्वर्ण प्राशन के तहत पिलाई जाने वाली दवा के लिए बच्चों को जुटने वाली भारी भीड़ ही इसकी सफलता की कहानी कहती है। उन्होंने कहा कि यहां दवा की खुराक से बच्चे स्वस्थ रहते हैं। स्वर्ण प्राशन अभियान की डॉक्टर किश्वर सुल्ताना के नेतृत्व में बच्चों को दवा पिलाई गई। संपूर्ण कार्यक्रम का संयोजन स्वर्ण प्राशन प्रभारी डॉक्टर दिलीप कुमार वर्मा ने किया। इस अवसर पर दवा पिलाने में रेनू सिंहा, डेजी कुमारी, डाली सिन्हा, काजल कुमारी, रंजना कुमारी, अनिशा कुमारी, मोहम्मद जहीर आलम, पंकज कुमार सिंह आदि ने इस स्वर्णप्रशन अभियान के संचालन में मदद की।

### मॉर्निंग वॉक के दौरान 25 फीट गहरे गड्ढे में गिरी महिला

**प्रियंका कुमारी**



बखरी, बेगूसराय। परिहारा थाना क्षेत्र के परिहारा गांव वार्ड नंबर-7 में रविवार को सुबह मॉर्निंग वॉक के दौरान एक महिला 25 फीट गहरे गड्ढे में गिर गई। घायल महिला की पहचान संतोष पोद्दार की 35 वषीर्या पत्नी सोनी देवी के रूप में हुई है। जिन्हें गंभीर हालत में बखरी पीएचसी में भर्ती कराया गया है।परिजनों के अनुसार, सोनी देवी सुबह टहलने निकली थी और घर से थोड़ी दूर जाने पर अंधेरा होने के कारण शौचालय निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे में गिर गई। महिला के शोर मचाने पर गांव के लोग मौके पर पहुंचे। लेकिन गड्ढे में उतरने की हिम्मत कोई नहीं कर रहा था। इस दौरान गांव के मनीष कुमार ने साहस का परिचय देते हुए सीढ़ी के सहारे गड्ढे में उतरकर महिला को रस्सी की मदद से बाहर निकाला।स्थानीय लोगों ने बताया कि शनिवार को गड्ढे में सीमेंट का पाट लगाया गया था और रविवार को मिस्त्री आकर उसे ढंकने वाला था। लेकिन उससे पहले ही यह हादसा हो गया। घटना की सूचना एसडीएम सन्नी कुमार सौरव को दी गई है।

### गन्ना की खेती में लागत कम और मुनाफा अधिक कमाने की किसानों को दी गई जानकारी



**शकील बेग**

नावकोठी, बेगूसराय। गन्ना उत्पादक किसानों की बैठक पहसारा में रविवार को आयोजित की गयी। इसकी अध्यक्षता गन्ना विकास अधिकारी रामनाथ सिंह ने की। इंजीनियरिंग हेड टीकम सिंह ने गन्ना उत्पादक किसानों को गन्ना की खेती में लागत कम तथा अधिक उत्पादन लेने की तरकीब को बताया। उन्होंने कहा कि पहले गन्ना की खेती मजदूरों के द्वारा की जाती थी, जिससे इसमें लागत अधिक तथा मुनाफा कम होता था। इसकी खेती के लिए आधुनिक यंत्र आ गया है। इसके द्वारा रोपनी, कटाई, खूटी प्रबंधन काफी कम लागत पर आसानी से हो जाती है। इस यंत्र के खरीद करने के लिए किसानों को सबसिडी भी दी जाती है। उसने बताया कि गन्ना का खेत तैयार करने में पांच हजार रुपए प्रति एकड़, हरित खाद लगाने तथा इसे खेतों में दबाने में 5 हजार रुपए प्रति एकड़, गन्ना बीजों की कटाई तथा रोपाई में 45 हजार रुपए प्रति एकड़ लागत आती है। इसके साथ यदि खीरा की खेती की जाती है तो इसके उत्पाद से होने वाले लाभांश से लागत मूल्य में कटौती हो जाती है। किसानों ने नये प्रभेद के संबंध में जानकारी चाही जो 0238 के समान उत्पादन दे, आलू के साथ गन्ना की खेती को बढ़ावा देने, कोराजन पर अनुदान देने, कैलेंडरिंग में सुधार करने, तौल सेतु का साइज बढाने का सुझाव दिया। किसानों ने ट्रैक्टर चालित यंत्र को देखा तथा इसके द्वारा किये जाने वाले कार्य के संबंध में जानकारी ली। इन पदाधिकारियों ने क्षेत्र भ्रमण कर गन्ना के खेत का मुआयना कर आवश्यक सुझाव दिया। मौके पर प्रबंधक अमित कुमार, किसानों में यशवंत कुमार, महेन्द्र यादव, नीरज कुमार, मो ताहिर, अरविंद कुमार सहित कई अन्य मौजूद थे।

### महिला श्रद्धालुओं ने की बैशाखी छठ महापर्व की पूजा-अर्चना

**शकील बेग**



नावकोठी, बेगूसराय। प्रखंड के विभिन्न गांव में बैशाखी का पर्व धूमधाम से मनाया गया।महिलाओं ने सात्विक वस्त्र पहनकर सूर्य भगवान को जल चढ़ाते हुए प्रसाद का भोग अर्पण किया। बैशाखी छठ माह के पिछले पक्ष में पहले या दूसरे रविवार को मनाया जाता है। इस पर्व को इसलिए मनाया जाता है क्योंकि नई फसल का आगमन होता है। बैशाखी का पर्व देश के विभिन्न राज्यों में धूमधाम से मनाया जाता है। इस पर्व को मुख्य रूप से उत्तर भारत में मनाया जाता है। पंजाब और हरियाणा में इस पर्व का विशेष महत्व है। बैशाखी को कृषि उत्सव के साथ-साथ एक धार्मिक पर्व के रूप में भी देखा जाता है। सिख धर्म के लोग सिख नववर्ष के रूप में भी मनाते हैं। वहीं हिंदू धर्म के लोग भी बैशाखी पर्व को बैशाखी छठ के रूप में सदियों से मनाते आ रहे हैं। छठवर्ती महिलाओं ने रविवार के दिन नदी घाट पर जाकर फल और प्रसाद चढ़ाकर चढते सूर्य को अर्घ्य अर्पण किया। परिवार के सुख, शांति व निरोग काया की कामना की।

# भैया बहनों के सर्वांगीण विकास के लिए आचार्यों को प्रशिक्षण के माध्यम से कराया जाता है ज्ञानार्जन

## विभागीय बैठक में 38 शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य ने लिया हिस्सा



**जमालपुर**। प्रेमानंद तिवारी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर केशोपुर में रविवार को एकदिवसीय विभाग स्तरीय प्रधानाचार्य बैठक का आयोजन किया गया। विभागीय बैठक में मुंगेर विभाग अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर तथा सरस्वती विद्या मंदिर के संचालित हो रहे कुल 38 विद्यालयों के प्रधानाचार्य ने हिस्सा लिया। बैठक का उद्घाटन जिला निरीक्षक सतीश कुमार सिंह, सचिव हरिओम मंडल, कोषाध्यक्ष लाला उमेश नारायण वर्मा, सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह तथा शिशु मंदिर केशोपुर के प्रधानाचार्य प्रभाष कुमार द्वारा पुष्पार्चन तथा दीप प्रज्वलन कर किया गया। विद्यालय के भैया बहनों में शामिल हंसराज, अंकिता कुमारी, माधवी कुमारी, आद्या कुमारी, श्रुति कुमारी ने गायत्री मंत्र, शांति पाठ और महामृत्युंजय मंत्र का पाठ किया। आगंतुक अतिथियों के स्वागत में अभिनन्दन गीत प्रस्तुत किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला निरीक्षक सतीश कुमार सिंह ने कहा कि देश का भविष्य भैया बहनों पर निर्भर करता है। देश के भविष्य के ली भैया बहनों का सर्वांगीण विकास होना अति आवश्यक हैं। भैया बहनों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न स्तर के विद्यालय स्तरीय, संकुल स्तरीय, विभाग स्तरीय, प्रांत स्तरीय योजना बनाना और कार्यक्रम का होना अत्यंत आवश्यक हैं। बैठक में आचार्य स्थायित्व वर्ग, आचार्य कल्याण कोष तथा विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण तथा प्रतियोगिता के बारे में चर्चा वार्ता हुई। विभागीय बैठक के दूसरे सत्र के दौरान सभी 38 सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस सत्र में संकुल सह विभिन्न संकुल के संकुल प्रमुख द्वारा अलग अलग बैठक की गई। जिसमें संकुल स्तरीय विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं की चार्चा हुई। संबोधन के क्रम में सतीश कुमार सिंह ने पाठ्यक्रम, ग्रेच्युटी, ग्रीष्मावकाश पुस्तिका, पंचपदी शिक्षण पद्धति पर चर्चा किया। उन्होंने सलाह दिया कि नवयुवक आचार्य को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षणों में भेजा जाना चाहिए। ताकि वे अधिक से अधिक ज्ञानार्जन कर सके और भैया बहनों भी उनसे लाभान्वित हो सकें। दैनिक पाठ्योजन के बारे में बताया गया। मौके पर रकिश कुमार अम्बष्ट, जयंत चौधरी, दिनेश कुमार, ऋचा कुमारी, विमल कुमार सिंह, संगीता कुमारी, परमानंद कुमार, संजय कुमार सिंह, सुरेश कुमार वर्मा, संतोष कुमार सिंह, संतोष आनन्द, सुनीला कुमारी, इंदुला कुमारी, नूतन कुमारी, अनिल कुमार सिंह, आशुतोष कुमार सिंह, संतोष झा, साकेत कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### स्वस्थ और सुंदर के लिए योग करने की है जरूरत: सर्वेश कुमार



**नन्दकिशोर दास**

बेगूसराय ब्यूरो। रविवार को सर्वोदय नगर स्थित योग संस्थान में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विधान पार्षद सर्वेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिये। इस अवसर पर जेपी सेनानी व संपूर्ण क्रांति मोर्चा बिहार के अध्यक्ष व शिक्षक नेता अमरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य रहने के लिए योग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महीने में 1 से 5 तक हर महीने में शिविर का आयोजन सुबह 7 बजे से लेकर 9 बजे तक होता है। मुख्य अतिथि विधान पार्षद सर्वेश कुमार ने कहा कि योग करने से जितना दूर रोग भागता है, उतना ही लोग सुंदर देखने में लगते हैं। क्योंकि योग से शरीर का रक्त संचार होता है। जिसके कारण लोग स्वस्थ और सुंदर लगते हैं। डॉ एके रॉय ने कहा कि महिलाओं को योग में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। जिससे उनको स्वस्थ जीवन जीने में मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम में पिंकी देवी, डॉ शशि भूषण सिंह शिशु विशेषज्ञ, प्रो डीपी चौधरी समाजसेवी, विश्वनाथ सिंह, राजीव सिंह, धर्मेंद्र सिंह सहित करीब 50 लोगों ने शिविर में भाग लिया।

### बिहार से गुजरात के लिए श्रमिकों के लिए स्पेशल ट्रेन खोलने की तैयारी में है मोदी सरकार : कुंवर चंद्रेश

**बिहार से पलायन को बढ़ावा गुजरात को विकसित बनाने के लिए पीएम मोदी ने गुजरात जाने वाली ट्रेनों पर दे रहे विशेष ध्यान**

**जन सुराज की सरकार आने पर बिहारी को गुजरात या अन्य राज्य में पलायन नहीं करना पड़ेगा**




**मुंगेर**। बिहार से पलायन रोकने को लेकर लगातार अभियान चला रही जन सुराज पार्टी ने एक बार फिर पलायन के मुद्दे पर केंद्र की एनडीए सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला है। जन सुराज पार्टी के पूरबसराय स्थित मुंगेर जिला कार्यालय में एक प्रेस वार्ता के दौरान पार्टी के नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा विगत दिनों मधुबनी में बिहार के मजदूरों पर किए गए टिप्पणी को लेकर नाराजगी व्यक्त की है। पार्टी के नेता कुंवर चंद्रेश ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के विकास को लेकर ना तो अब तक विशेष राज्य का दर्जा दिया है और ना ही बिहार से पलायन को रोकने की दिशा में कोई ठोस योजना पर कार्य किया है। बिहार में एनडीए की सरकार हर मोर्चे पर भी फल साबित हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मधुबनी में बिहार के मजदूरों और श्रमिकों के लिए गुजरात जाने के लिए स्पेशल ट्रेनों के परिचालन को लेकर घोषणा कर यह साबित कर दिया है कि केंद्र की एनडीए सरकार और बिहार की डबल इंजन की सरकार बिहार में पलायन को बढ़ावा देना चाहती है। उन्होंने कहा कि बिहार से पलायन को बढ़ावा गुजरात को विकसित बनाने के लिए पीएम मोदी ने गुजरात जाने वाली ट्रेनों पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। जन सुराज विचार मंच के मुंगेर जिला अध्यक्ष संतोष सहाय ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले जातीय जनगणना का घोषणा किया जाना पूरी तरह से चुनावी राजनीति का हिस्सा है। 2025 विधानसभा चुनाव से पहले जातीय जनगणना शुरू नहीं किया जा सकता है। जातीय जनगणना को लेकर सभी प्रक्रियाएं पूरी होने में दो से तीन सार्थक का वक्त लगेगा। चुनाव से चंद महीने पहले जातीय जनगणना का ऐलान बिहार चुनाव को जातीय रंग में रंगने की एक कोरी कल्पना है। बिहार की जनता इस जुमलेबाज सरकार के जुमले में फंसने वाली नहीं है। जन सुराज संगठन के युवा जिला अध्यक्ष ऋतुराज बसंत ने कहा कि बिहार में शराबबंदी कानून महज एक छलावा है। बिहार में शराब की दुकान बंद है लेकिन होम डिलीवरी सेवा में प्रत्येक प्रखंड में हजारों युवा डिलीवरी बॉय के रूप में काम कर रहे हैं। सरकार की इस गलत नीति के कारण बिहार के युवा शराब के अवैध कारोबार से जुड़कर अपने भविष्य को अंधकार में धकेल रहे हैं। आज शराब के अवैध कारोबार से जुड़े युवा अपराध जगत की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। बिना सटीक नीति के लागू शराबबंदी कानून बिहार के लिए एक काला अध्याय साबित होगा।

# फुलका स्थित मुरघट पुल बना बालू और पत्थर का अवैध विक्रय केंद्र

## विद्यालय से सटे पुल पर ट्रक और जेसीबी मशीन अवैध रूप से की जाती है पार्किंग

**रेलवे विभाग, स्थानीय प्रशासन तथा पुलिस की मिलीभगत से नवनिर्मित पुल बना बालू और पत्थर का अवैध स्टॉक प्वाइंट**



**जमालपुर**। एक तरफ जहां बिहार में लगातार पुल गिरने का सिलसिला जारी है तो वहीं दूसरी ओर स्थानीय प्रशासन, रेलवे विभाग तथा पुलिस की मिलीभगत से नवनिर्मित पुल को बालू और पत्थर का अवैध बिक्री केंद्र बना दिया जाता है, जिसकी सुध लेने वाला तक कोई नहीं है। मामला जमालपुर-धरहरा मुख्य मार्ग पर मुरघट नदी पर नवनिर्मित पुल से जुड़ा है जो इन दिनों बालू और पत्थर का स्टॉक प्वाइंट बना हुआ है। जमालपुर प्रखंड और धरहरा प्रखंड को जोड़ने वाली यह मुरघट पुल जमालपुर से धरहरा की ओर जाने वाली एकमात्र मुख्य सड़क के रूप में इस्तेमाल होती है। इस पुल से ठीक सटे ज्योति युगल सरस्वती शिशु मंदिर फुलका का वाटिका सेक्शन संचालित होता है। जिसमें 5 साल तक के उम्र के बच्चे पढ़ाई करते हैं। मुरघट पुल से महज 25 मीटर की दूरी पर मध्य विद्यालय फुलका तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फुलका अवस्थित है। मध्य विद्यालय फुलका में कक्षा प्रथम से लेकर कक्षा अष्टम के छात्र-छात्राएं अध्यनरत है तो वहीं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फुलका में कक्षा नवम से 12वीं तक के छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। बावजूद, मुरघट पुल पर बालू और पत्थर के अवैध बिक्री से जुड़े रेलवे संवेदक बच्चों के सुरक्षा को ताक पर रखकर पुल को ही अवैध रूप से कब्जा कर उसे अपना स्टॉक प्वाइंट बना लिया है।

**आए दिन सड़क हादसे का शिकार होते हैं आम राहगीर व वाहन चालक**

फुलका मुरघट नदी के ऊपर बने पुल पर बालू-गिट्टी माफिया द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण किए जाने के कारण पुल का महज एक चौथाई हिस्सा ही आम राहगीरों तथा वाहन चालकों के आवागमन के लिए उपलब्ध होता है। पुल का लगभग आधे से अधिक हिस्सा अतिक्रमण कर लिया गया है। लगभग आधे किलोमीटर तक बालू माफिया का कब्ज होने के कारण सड़क पर भी चारों ओर बालू अक्सर फैला हुआ होता है। जिससे आए दिन आम राहगीर व वाहन चालक सड़क हादसे के शिकार होते रहता है।

**क्या कहना है स्थानीय सामाजिक कार्यकताओं का**

सामाजिक कार्यकर्ता सह जन सुराज पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष रकिश गोप ने कहा कि करीब एक साल से अधिक समय से सड़क को अतिक्रमण किया गया है। पुल के पास में विद्यालय होने के बावजूद अतिक्रमणकारी सभी नियम व कानून को ताक पर रखकर हादसों को दावत दे रही है।

# नीतीश कुमार के विजन के आधार पर केंद्र सरकार ने जातीय जनगणना का लिया निर्णय : मुनिलाल

## नीतीश कुमार की वर्षों पुरानी मांग को आखिरकार मिला सम्मान : जदयू

**जमालपुर**। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर जातीय जनगणना कराई जाने को लेकर किए गए ऐलान के बाद एनडीए गठबंधन के नेता लगातार इसे एनडीए की बड़ी उपलब्धि बताने में जुटे हैं। जनता दल यूनाइटेड के जमालपुर प्रखंड अध्यक्ष सह प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मुनीलाल मंडल ने एक प्रेस वार्ता कर बताया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विजन को राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली एनडीए सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में जातीय आधारित जनगणना कराकर जो पहल की है उसे मोदी सरकार राष्ट्रीय स्तर पर लागू कर सीएम नीतीश कुमार के विजन पर कार्य कर रही है। भारत में 74 साल बाद जातीय जनगणना की पहल किसी सरकार ने की है। जातीय जनगणना पर इंडिया गठबंधन के द्वारा क्रेडिट लिए जाने पर बिफरते हुए जदयू प्रखंड अध्यक्ष मुनीलाल मंडल ने कहा कि जातीय जनगणना पर कांग्रेस और राजद की ना सिर्फ श्रेय लेने की कोशिश है बल्कि यह पूरी तरह से हास्यास्पद है। उनका यह रवैया उनकी दोहरी नीति को भी उजागर करती है। क्योंकि जब मौका था, तब इन्होंने ही इस मुद्दे को सिरे से खारिज कर दिया था। 2014 के पहले देश में कांग्रेस की अगुवाई वाली यूपीए की सरकार थी। आज जातीय जनगणना को लेकर पीएम मोदी जी के फैसले को कांग्रेस की जीत बताने वाले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी चाहते तो इससे पहले ही देश भर में जातीय जनगणना कर सकते थे। लेकिन उन्होंने इस दिशा में कोई पहल नहीं की थी। देश में वर्ष 1931 के बाद पहली बार केंद्र की एनडीए सरकार ने जातीय जनगणना कराने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। यह निर्णय लंबे समय से सामाजिक न्याय, समान अवसर और समावेशी विकास की मांग कर रहे करोड़ों लोगों की उम्मीदों को नया आधार देगा। जातीय जनगणना से देश को सही सामाजिक-सांख्यिकीय आंकड़े प्राप्त होंगे। जिनके आधार पर नीति निर्माण, योजनाओं का लक्ष्य निर्धारण और संसाधनों का न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित किया जा सकेगा। यह कदम न केवल वंचित और कमजोर वर्गों की पहचान को सशक्त करेगा बल्कि 'न्याय के साथ विकास' व 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' की भावना को भी मजबूती प्रदान करेगा। नीतीश कुमार की वर्षों पुरानी मांग को आखिरकार सम्मान मिला है। जातीय जनगणना को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अगुवाई की, जिसे आज केंद्र सरकार राष्ट्रीय स्तर पर साकार करने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जल-नल योजना पूरी तरह से सफल है और बिहार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि जन सुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर के द्वारा सीएम नीतीश कुमार की योजनाओं को लेकर जो खामियां बताई जा रही है, वह पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है। 2025 में बिहार में एक बार फिर एनडीए सरकार की जीत होगी और नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री बने रहेंगे।



# क्या सुप्रीम कोर्ट 'वक्फ संशोधन अधिनियम - 2025' को अवैध घोषित कर सकता है ?

## >> विचार

> " हम सबों को यह जानना चाहिए कि इसी देश में शाहबानो प्रकरण में जब सुप्रीम कोर्ट ने शाहबानो को तलाक की अवधि में भी उनके शौहर द्वारा मासिक भत्ता दिए जाने का फैसला सुनाया था । इस फैसले के विरोध में संपूर्ण देश भर में जोरदार आंदोलन हुआ था। आंदोलन को देखते हुए तत्कालीन राजीव गांधी की सरकार को सुप्रीम कोर्ट के उक्त आदेश के विरुद्ध एक नया संशोधित बिल लोकसभा और राज्यसभा में लाना पड़ा था। लोकसभा और राज्यसभा से यह संशोधित बिल पारित होने के बाद राष्ट्रपति द्वारा उक्त कानून को मंजूरी मिली थी । तब सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिया गया वह फैसला निरस्त हुआ था। और देश में चल रहे आंदोलन समाप्त हो पाया था।

**विजय केसरी**

वक्फ संशोधन अधिनियम - 2025 के विरोध में सुप्रीम कोर्ट में 70 से अधिक याचिकाएं दाखिल की गई ,जिसे सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार भी कर लिया। याचिका कर्ताओं की दलीलें सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि फिलहाल केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों में कोई नई नियुक्ति न की जाए। यह आदेश वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने दिया। सुप्रीम कोर्ट के उक्त आदेश का निहितार्थ यह है कि वक्फ संशोधन अधिनियम - 2025 एक तरह से एक अवैध अधिनियम है। इसलिए इस पर रोक लगाई गई है। अब सवाल यह उठता है कि क्या सुप्रीम कोर्ट को देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा और राज्यसभा द्वारा पारित तथा राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद किसी कानून को अवैध घोषित करने का अधिकार है? सुप्रीम कोर्ट के उक्त निर्देश से विधायिका और न्यायपालिका पूरी तरह आमने सामने आ गए हैं ।यह किसी भी सूरत में उचित नहीं है। विधायिका और न्यायपालिका की टकराहट से देश में एक असमंजस की स्थिति बन गई है ।देश भर में यह भी सवाल उठ रहे हैं कि लोकसभा और राज्यसभा तथा राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद क्या सुप्रीम कोर्ट को उक्त कानून के विरोध में याचिकाओं को स्वीकार करने का अधिकार है ? अगर देश में सुप्रीम कोर्ट द्वारा ऐसा किया गया है, तब सवाल यह उठता है कि क्या यह अधिकार उसे भारत का संविधान ने दिया है? भारत के संविधान के अनुसार विधायिका व न्यायपालिका दोनों एक संवैधानिक संस्था हैं ,जो संविधान के अनुसार अपने-अपने कानून सम्मत कर्तव्यों का निर्वहन से बंधे हुए हैं ।न्यायपालिका और विधायिका दोनों के संबंध में भारत के संविधान में उन दोनों के अधिकार और कर्तव्यों पर बहुत ही सारगर्भित ढंग उल्लेख है। अब सवाल यह उठता है कि देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा और राज्यसभा ने जिस कानून को बहुमत के आधार पर पारित कर दिया तथा राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के






अधिकारों पर रोक लगाकर सुप्रीम कोर्ट ने किस संवैधानिक कर्तव्य का निर्वहन किया है? इसकी चर्चा आज संपूर्ण देश भर में हो रही है। संभवत यह देश का पहला ऐसा मामला है, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा और राज्यसभा द्वारा पारित कानून पर रोक लगाई है। हम सबों को यह जानना चाहिए कि इसी देश में शाहबानो प्रकरण में जब सुप्रीम कोर्ट ने शाहबानो को तलाक की अवधि में भी उनके शौहर द्वारा मासिक भत्ता दिए जाने का फैसला सुनाया था । इस फैसले के विरोध में संपूर्ण देश भर में जोरदार आंदोलन हुआ था। आंदोलन को देखते हुए तत्कालीन राजीव गांधी की सरकार को सुप्रीम कोर्ट के उक्त आदेश के विरुद्ध एक नया संशोधित बिल लोकसभा और राज्यसभा में लाना पड़ा था। लोकसभा और राज्यसभा से यह संशोधित बिल पारित होने के बाद राष्ट्रपति द्वारा उक्त कानून को मंजूरी मिली थी ।तब सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिया गया वह फैसला निरस्त हुआ था। और देश में चल रहे आंदोलन समाप्त हो पाया था। यह सब करने का अधिकार भारत का संविधान ने विधायिका को प्रदान किया था। अगर भारत का संविधान लोकसभा और राज्यसभा को यह अधिकार नहीं दिया होता, तब सुप्रीम कोर्ट द्वारा शाहबानो प्रकरण में दिए गए फैसले के बाद जो देश भर में अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो गई थी, उससे निजात मिल पाती । भारत के संविधान के अनुसार न्यायपालिका को विधायिका द्वारा निर्मित कानून को चुनौती अथवा अवैध घोषित करने का अधिकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट लोकसभा - राज्यसभा और राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद जो कानून अस्तित्व में आते हैं, उसका पालन करना है न कि उसे अस्वीकार करना है।जैसा कि शाहबानो प्रकरण में हुआ था। भारत एक जनतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष देश है। जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि ही देश का संचालन करते हैं ।अर्थात देश का संचालन विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के हाथों संपन्न होता है। भारत जैसे विशाल जनतांत्रिक देश के लिए विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका सबसे बड़ी संस्था है। इसके साथ ही हम सबों को यह समझना होगा कि जनता द्वारा चुनी गई विधायिका देश की सबसे बड़ी संस्था होती है। जिस तरह सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के विरोध में याचिकाओं को स्वीकार किया है, इससे प्रतीत होता है कि सुप्रीम कोर्ट विधायिका द्वारा निर्मित कानून को मानने से इनकार कर रहा है ? यह बड़ा अहम सवाल है। इस विषय पर देश के तमाम कानूनविदों को गंभीरता पूर्वक विचार करने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट में वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 पर सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत से केंद्र की ओर से प्रारंभिक जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा।? जिसे सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार भी कर लिया। 5 मई को भारत सरकार को सुप्रीम कोर्ट में वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के औचित्य के पक्ष में अपनी बातों को खना है। सुप्रीम कोर्ट के उक्त निर्देश पर केंद्र सरकार ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में जवाब दाखिल किया और कहा कि पिछले सौ वर्षों से उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ को केवल पंजीकरण के बाद ही मान्यता दी जाती है, मौखिक रूप से नहीं। इसलिए, संशोधन जरूरी था। केंद्र सरकार ने कहा कि वक्फ परिषद और वक्फ बोर्ड में 22 सदस्यों में से अधिकतम दो गैर-मुस्लिम होंगे, यह एक ऐसा उपाय है, जो समावेशिता का प्रतिनिधित्व करता है । वक्फ के प्रशासन में हस्तक्षेप नहीं करता है। केंद्र ने कहा कि जानबूझकर यह गलत तरीके से वक्फ संपत्तियों के रूप में उल्लिखित सरकारी भूमि की पहचान राजस्व रिकॉर्ड को सही करने के लिए है।यह संशोधित अधिनियम सरकारी भूमि को किसी भी धार्मिक समुदाय से संबंधित भूमि नहीं माना जा सकता है। वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल जवाब के जरिए वक्फ कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज करने की मांग की है। केंद्र सरकार ने अपने जवाब में कहा है कि सुप्रीम कोर्ट किसी भी कानून के प्रावधान पर आंशिक रूप से अंतरिम रोक नहीं लगा सकती है। न्यायिक समीक्षा करते हुए पूरे कानून पर रोक लगानी होती है। इसके अलावा ये भी माना जाता है कि संसद ने जो कानून ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी के सुझावों पर बनाया है, वह सोच समझकर बनाया होगा। वक्फ मुसलमानों की कोई धार्मिक संस्था नहीं है। आगे केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वक्फ संशोधन कानून के मुताबिक मुतवल्ली का काम धर्म निरपेक्ष होता है न कि धार्मिक। ये कानून निर्वाचित जन प्रतिनिधियों की भावनाओं को परिलक्षित करता है। इसे बहुमत से इसे पारित किया गया है। इस बिल को पारित करने से पहले संयुक्त संसदीय समिति की 36 बैठकें हुईं और 97 लाख से ज्यादा हितधारकों ने सुझाव और ज्ञापन दिए। समिति ने देश के दस बड़े शहरों का दौरा किया और जनता के बीच जाकर उनके विचार लिए गए। तब जाकर वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 का ड्राफ्ट तैयार हुआ।

आज 5 मई को देश की सबसे बड़ी अदालत सुप्रीम कोर्ट को वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के औचित्य पर फैसला लेना है ।भारत सरकार ने अपनी ओर से सुप्रीम कोर्ट में जवाब दाखिल कर दिया है। वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के विरुद्ध में याचिका कर्ताओं ने भी अपनी ओर से सारी बातों को अपने अपने दस्तावेजों के जरिए सुप्रीम कोर्ट के सुपुर्द कर दिया है । सुप्रीम कोर्ट को वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 पर फैसला करना एक अग्नि परीक्षा के समान होगा । सुप्रीम कोर्ट के सामने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के विरोध में याचिका कर्ताओं के दस्तावेज है तो दूसरी ओर जॉइंट पार्लियामेंट द्वारा पारित वक्फ संशोधन कानून 2025 है, दोनों को ध्यान में रखकर फैसला लेना है ।?अब देशवासियों को देखना यह है कि सुप्रीम कोर्ट वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को अवैध घोषित करती है अथवा याचिकाकर्ताओं के दस्तावेजों को खारिज करती है

## संपादकीय

# गुस्सा सही लेकिन निशाना गलत

पहलगाम आतंकी हमले और उसमें जान गंवाने वालों के परिजनों का दुख समूचा देश महसूस कर रहा है और आतंकियों के खिलाफ सबमें आक्रोश है। सभी यही चाहते हैं कि आतंकवादियों और उन्हें संरक्षण देने वालों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई हो। मगर व्यापक स्तर पर ऐसी भावनाएं अगर अनियंत्रित होने लगें और उसकी मार ऐसे लोगों पर पड़ने लगे, जिनका आतंकवाद से कोई लेना-देना न हो, तो वाजिब दुख और आक्रोश की दिशा भटक जाना स्वाभाविक है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद आक्रोश के नतीजे में एक अफसोसनाक प्रतिक्रिया यह देखी गई कि कई जगहों पर बिना किसी वजह के मुस्लिम पहचान वाले लोगों को उनका नाम पूछ कर निशाना बनाया गया, उनके साथ मार-पीट गई या उनके व्यवसाय को नुकसान पहुंचाया गया। यह न केवल भावुकता के दिशाहीन हो जाने का सबूत, बल्कि देश की कानून-व्यवस्था के सामने एक गंभीर चुनौती भी है। सवाल है कि क्या इस तरह की प्रतिक्रिया देश की लोकतांत्रिक परंपरा के सामने चुनौती नहीं खड़ी कर रही है। पहलगाम हमले में जान गंवाने वाले लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की पत्नी ने अपने पति के लिए न्याय और आतंकियों के लिए सजा सुनिश्चित करने की मांग जरूर की है, लेकिन उन्होंने सिर्फ आक्रोश की वजह से निर्दोष लोगों को निशाना बनाने और नफरत भरे बयान देने की प्रवृत्ति पर अपनी आपत्ति जाहिर की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में लोगों से सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने और मुसलमानों या कश्मीरियों को निशाना न बनाने तथा सिर्फ शांति की अपील की। अपने ऊपर दुख का पहाड़ टूटने के बावजूद उन्होंने जिस तरह अपनी संवेदना और अपने धैर्य को संतुलित बनाए रखा, वह मानवीय मूल्यों के प्रति उनकी आस्था को दर्शाती है। जम्मू-कश्मीर में पिछले कई दशक से आतंकवादियों ने जो किया है, उसका मुकम्मल और ठोस हल निकालने की जरूरत है, चाहे इसके लिए कानूनी दायरे में हर स्तर पर सख्ती बरतनी पड़े। मगर आतंकियों की हरकतों की प्रतिक्रिया में अगर आम लोग उत्तेजना में निर्दोष नागरिकों के खिलाफ अराजक होने लगें, तो यह न केवल मानवीय संवेदनाओं और मूल्यों के विपरीत होगा, बल्कि देश के लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और सौहार्द की परंपरा को भी नुकसान पहुंचाएगा।

# वैश्विक शांति में आतंकवाद एक बड़ा अवरोध

**संजीव**

समग्र रूप से वैश्विक स्तर पर देखें तो आतंकवाद कई देशों के लिए बड़ा नासूर बन चुका है। भारत में पहलगाम घटना को लिया जाए तो निर्दोष 27 भारतीय पर्यटकों की निर्मम हत्या इसका एक बड़ा उदाहरण है वैश्विक परिपेक्ष में देखें तो वैश्विक शांति के लिए आतंकवाद बहुत बड़ा अवरोध और बड़ी रुकावट है इसका स्थाई समाधान निकाला जाना चाहिए अन्यथा मानवता कराहने लगेगी और ऐसे ही निर्दोष मासूम नागरिकों की हत्या होती रहेगी इनके विरुद्ध कडे से कड़ा कदम उठाकर इनकी जड़े ही खत्म कर देनी चाहिए और आतंकवादियों को चुन चुन कर मारा जाना चाहिए।इसराइल हमास युद्ध किसकी एक बड़ी कड़ी है और अब भारत सरकार भी पाकिस्तान में बैठे आतंकवादियों के साथ उनके पालनहारों को भी खत्म करने में लगी हुई है। आतंकवाद एक मानसिक विकृति की विचारधारा है, जिसके द्वारा हिंसक कार्यों और गतिविधियों से जनमानस अशांति और भय की स्थापना करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति का प्रयास करना होता है। जिससे किसी भी क्षेत्र में आधिपत्य का अधिकार प्राप्त करने के लिए हिंसा और आतंक का सहारा लेकर जनमानस में अशांति का वातावरण निर्मित करने अपने मंसूबे पूरे कर आर्थिक सामाजिक और राजनैतिक विध्वंस का तांडव मचाना होता है। कुछ व्यक्तियों के समूह द्वारा संचालित मानव विरोधी गतिविधियां ही हैं जो कि समाज के विरुद्ध लूट, अपहरण, बम विस्फोट,हत्या जैसे जघन्य अपराधों को जन्म देती है। आतंकवाद मूलतः धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक परिवेश लिए हुए होता है। भारत में आतंकवाद धार्मिक और राजनीतिक ज्यादा परिलक्षित हुआ है। भारत में कश्मीर, लद्दाख, असम मैं विभिन्न अलगाववादी समूह द्वारा हिंसक अपराधिक कृत्य कर लोगों को भयभीत तथा पलायन करने पर



मजबूर करने का कृत्य राजनीतिक आतंकवाद ही है। अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा ,जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन धार्मिक कट्टरता की भावना से अपराध को अंजाम देते हैं। देश में नक्सलवाद ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड ,बिहार और पश्चिम बंगाल में अपना मौत का परचम फेहरा के रखा है। नक्सलवाद मूलतः सामाजिक क्रांतिकारी समूह द्वारा सरकार के विरोध में आमजन तथा आदिवासियों के मध्य अपनी समानांतर सरकार चलाने हेतु हिंसक घटनाएं की हैं। यह आतंकवादी ग्रुप हिंसा के द्वारा अलग अलग तरीके से आतंकवाद फैलाने का प्रयास करते हैं ,यह ज्यादातर भीड़भाड़ वाले इलाकों में जैसे रेलवे स्टेशन बस स्टैंड रेल रेल पटरियों वायुयानो का अपहरण निर्दोष लोगों को बंदी बनाना बैंक में डकैतियां कर समाज में अराजकता तथा वैमनस्यता फैलाने का काम करते हैं। भारत में नक्सलवाद तो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के नक्सल वाली क्षेत्र से पनपा है, जो पूरे भारत में धीरे-धीरे फैल कर हिंसक रूप अपनाए हुए हैं। आतंकवाद केवल भारत में न होकर उसका साम्राज्य वैश्विक स्तर पर भी दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से फैला हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद ने अनेक घटनाओं को जन्म देकर विश्व शांति सद्भावना की मूल कल्पना को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया है। दुनिया के प्रत्येक देश में आतंकवाद किसी न किसी रूप में आज मौजूद है। आतंकवाद कहीं रंगभेद, कहीं भाषा विभेद, कहीं राजनीतिक विचारधाराओं में विरोध और कहीं रंगभेद के कारण ,नस्ली समस्या आतंकवाद का कारण बनी है। यह समस्याएं हथियारों से सुलझाने के प्रयास में अत्यंत हिंसक बन गई हैं। आतंकवाद को वृहद रूप देने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ने भी बड़ा साथ दिया है, आतंकवादियों, नक्सलवादियों और नस्ल वादियों के लिए रसायनिक, नाभिकीय, जैविक मानव बम जैसे आधुनिक हथियार उपलब्ध होने से यह आतंकवादी गतिविधियां और भी खतरनाक हो गई है। इसके अलावा मीडिया में इंटरनेट उपलब्धता से यह सारी सरकारी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हो जाती है इससे आतंकवादी और ज्यादा खतरनाक साबित हो रहे हैं। विश्व में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर 11 सितंबर 2001 आतंकवादी हमला मानव इतिहास की सबसे क्रूर तम हमला माना जाता है। पाकिस्तान के पेशावर जिले में आर्मी स्कूल में 150 मासूम बच्चों की निर्मम हत्या भी एक क्रूर आतंकवादी घटना है' भारत में 1993 में मार्च में श्रृंखलाबद्ध बम विस्फोट इसी तरह दिसंबर 2001 में संसद भवन पर हमलावाराणसी बम विस्फोट, अहमदाबाद में बम विस्फोट, 2008 में मुंबई ताज होटल पर हमला,2016 में पठानकोट एयरबेस हमला, 2017 में अमरनाथ तीर्थयात्रियों हमला, 2019 में पुलवामा हमला आतंकवादी घटनाएं हैं जिससे मानवीय संवेदनाएं, शांति स्थापना की मूल धारणा की धज्जियां उड़ जाती है' भारत में तो नक्सलवाद भी आतंकवाद का एक वृहद रूप ले चुका है' आतंकवाद का सबसे भयानक रूप यह है की कोई भी देश यह नहीं जानता कि आतंकवाद का अगला निशाना कौन सा देश और कौन सी इमारत, रेलवे स्टेशन, वायुयान और कौन सा धार्मिक स्थल होगा' वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ असुरक्षा की भावना पूरी तरह व्याप्त हो चुकी है' आतंकवाद का सबसे विस्तृत और भयानक रूप अफगानिस्तान में सरकार का तख्तापलट का ही है' वहां तालिबानी आतंकवादियों द्वारा सरकार को गिरा कर अफगानिस्तान देश पर जाकर वहां शासन स्थापित कर लिया था, और पूरी दुनिया तमाशबीन बनी रही। रूस यूक्रेन युद्ध मैं भी लाखों लोगों की आक्रमण कर हिंसक हत्या तानाशाही तथा मानसिक आतंकवाद का ही एक भयानक रूप है। पूरे विश्व में आतंकवाद के खिलाफ भारत सहित अनेक कानून बनाए गए एवं उन पर अमल भी किया जा रहा है। पर आतंकवाद को समूल नष्ट करने के लिए आतंकवादी विचारधारा को ही समूल रूप से नष्ट करना होगा, क्योंकि आतंकवाद कोई तात्कालिक कारणों से पैदा नहीं होता,यह एक घिनौनी, हिंसक आतंक पैदा करने वाली विचारधारा है। अशांति की इस विचारधारा में जन समुदाय में रोश तथा खौफ पैदा कर दिया है और यह मानवता के लिए अभिशाप की तरह व्याप्त हो गया है। जिससे विश्वव्यापी वैश्विक शांति की अवधारणा को नष्ट कर दिया है। वैसे तो पूरे विश्व में आतंकवाद के खिलाफ प्रयास किए जा रहे हैं पर हर देश के हर नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि इस विचारधारा और इनकी गतिविधियों पर नजर रख इसे समूल नष्ट करने का प्रयास किया जाना चाहिए।

**(संजीव स्तंभकार, चिंतक लेखक, रायपुर )**

# डॉक्टरों को जेनेरिक दवाएं लिखना जरूरी हो

**अरुण कुमार**

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही एक टिप्पणी में कहा कि यदि डॉक्टरों को जेनेरिक दवाएं लिखने के लिए कानूनी रूप से बाध्य किया जाए, तो दवा कंपनियों द्वारा डॉक्टरों को महंगी और ब्रांडेड दवाएं लिखने के लिए रिश्वत देने की समस्या काफी हद तक समाप्त हो सकती है। कोर्ट ने दवा कंपनियों की अनैतिक मार्केटिंग पर तत्काल रोक लगाने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की आवश्यकता पर बल दिया। कोर्ट की यह टिप्पणी स्वास्थ्य क्षेत्र की दिशा में एक अहम कदम हो सकता है। यहीं नहीं, आम जनता को सस्ती और सुलभ दवाओं का भी मार्ग प्रशस्त हो सकता है। भारत में दवा उद्योग एक विशाल और जटिल क्षेत्र है, जहां दवा कंपनियां अक्सर अपने मुनाफे को बढ़ाने के लिए अनैतिक तरीकों का सहारा लेती हैं। ये कंपनियां डॉक्टरों को मुफ्त उपहार, विदेश यात्राएं, महंगे रात्रिभोज और अन्य प्रलोभन देकर अपनी ब्रांडेड दवाओं को प्रचारित करने के लिए प्रेरित करती हैं। नतीजतन, डॉक्टर कई बार मरीजों को ऐसी दवाएं लिखते हैं, जो न केवल महंगी होती हैं, बल्कि कई बार अनावश्यक भी होती हैं। इसका सीधा असर मरीजों की जेब और स्वास्थ्य पर पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट ने इस गंभीर मुद्दे को संज्ञान में लेते हुए एक याचिका की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की, जिसमें दवा कंपनियों की अनैतिक प्रथाओं को नियंत्रित करने के लिए



यूनिफॉर्म कोड ऑफ फार्मास्युटिकल मार्केटिंग प्रैक्टिसेज को कानूनी रूप देने की मांग की गई थी। जेनेरिक दवाएं, जो ब्रांडेड दवाओं का सस्ता विकल्प होती हैं, वही सक्रिय तत्व (एक्टिव इंग्रेडिएंट) रखती हैं और उतनी ही प्रभावी होती हैं। फिर भी, इनका उपयोग भारत में अपेक्षाकृत कम है, क्योंकि डॉक्टरों पर कोई बाध्यकारी कानून नहीं है। हालांकि, भारतीय मेडिकल काउंसिल ने डॉक्टरों को जेनेरिक दवाएं लिखने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, लेकिन ये बाध्यकारी नहीं, एक स्वैच्छिक संहिता है, जिसका पालन दवा कंपनियां अपनी मर्जी से करती हैं। केंद्र सरकार ने इस मुद्दे पर एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है, लेकिन इसकी अनुशंसाएं अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई हैं। दवा कंपनियों की अनैतिक प्रथाएं केवल आर्थिक शोषण तक सीमित नहीं हैं, ये मरीजों के स्वास्थ्य और जान को भी खतरे में डालती हैं। महंगी दवाओं के प्रचार के कारण कई बार गरीब मरीज इलाज से वंचित रह जाते हैं। यदि जेनेरिक दवाओं को अनिवार्य किया जाए, तो न केवल दवाओं की कीमतें कम होंगी, बल्कि स्वास्थ्य सेवाएं भी अधिक समावेशी और सुलभ बनेंगी। इसके अलावा, यह कदम दवा कंपनियों और डॉक्टरों के बीच अनैतिक गठजोड़ को तोड़ने में भी मदद करेगा। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी सरकार और नीति निर्माताओं के लिए एक स्पष्ट संदेश है कि स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार अब और टाला नहीं जा सकता। यह न केवल आम जनता के हित में होगा, बल्कि लाखों लोगों की जिंदगी बचाने में भी योगदान देगा।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक और प्रकाशक व संपादक सरोज चौधरी द्वारा विजय प्रेस, नया टोला पटना से मुद्रित तथा 302, मां तारा कंपलेक्स, नारायण मूर्ति पथ, नागेश्वर कॉलोनी, बोरिंग रोड पटना से प्रकाशित! संपादक सरोज चौधरी, R.N.I. No:- BIHHIN/ 2016/72168

## संक्षिप्त समाचार

### विजिलेंस टीम की जांच से बरौनी रेल प्रक्षेत्र में मचा हड़कंप

**दर्जनों रजिस्टर को जप्त कर ले गई विजिलेंस का टीम**




**नन्दकिशोर दास**

बेगूसराय ब्यूरो। गुप्त सूचना पर सोनपुर मंडल के गढ़हरा-बरौनी में सीबीआई एवं विजिलेंस टीम की संयुक्त छापेमारी हुई। टीम के डीएसपी सीबीआई के नेतृत्व में छापेमारी हुई। हालांकि जांच छापेमारी से सम्बंधित बातें बताने में सभी लोग परहेज कर रहे हैं।जांच के बाद गढ़हरा-बरौनी क्षेत्र के विभिन्न कार्यालय में हड़कम्प मच गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सीनियर सेक्शन इंजीनियर समाडि गढ़हरा के कार्यालय में विजलेंस की टीम पहुंची। यहां पर टैंक वैगन मरम्मती व पार्ट्स सप्लाई कांट्रेक्ट बेसिस पर किया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार जितना काम होता है, उतना ठेकेदार को राशि भुगतान की जाती है। बताया जाता है गढ़हरा और नारायणपुर अनंत कार्यालय का पूरा बिल कार्य मुजफ्फरपुर से होता है। इस दौरान पहुंचे जांच टीम के सदस्यों ने दर्जनों रेल कर्मचारियों का मोबाइल जप्त कर लिया। मोबाइल की पूरी जांच की गयी। जांच के बाद उन सभी को मोबाइल लौटा दिया गया। वहीं करीब एक दर्जन संबंधित रजिस्टर को जांच टीम अपने साथ ले गयी। बताया जाता है कि जांच टीम या तो भ्रष्टाचार या अनियमितता की जांच करती है। कार्यालय में ऑनलाइन नेट के माध्यम से सारा कार्य होता है। इसमें कार्य के अनुरूप मरम्मती व मशीन का पार्ट्स संबंधित जो कार्य होते हैं उनकी भुगतान ठेकेदार को होती है। संविदा पर विभिन्न कार्यालय में कार्य होती है। जिसकी जांच अधिकारियों ने की। उनको पता चला कि कई जगहों पर रेल अधिकारियों व ठेकेदारों के बीच बड़े पैमाने पर गोरखधंधा भी होता है। जिससे रेलवे के राजस्व की क्षति ना हो, इसको लेकर जांच की गई। अब जप्त रजिस्टरों से ही चौकाने वाली राज सामने आ सकती है। जांच में कुछ खामियां निकल सकती है या फिर कुछ अलग हो सकता है। इस मामले पर लोगों की नजरें टिकी हुई है।

### भूखे-प्यासे रखकर कराते थे काम, खाना मांगने पर दांत तोड़े, होंठ काटे और प्राइवेट पार्ट को जला....' बिहार के मासूम के साथ जयपुर में बर्बरता

**बिहार** : बिहार के मासूम के साथ बर्बरता का शर्मनाक मामला सामने आया है। दरअसल, पढ़ाई का झांसा देकर जयपुर ले जाए गए नाबालिग लड़के को खाना मांगने पर बेहरमी से पीटा गया। उसके दांत तोड़ दिए गए और होंठ काट दिया गया। इतना ही नहीं, बच्चे के प्राइवेट पार्ट को भी जलाने की कोशिश की गई। पुलिस ने इस मामले में पीड़ित का बयान दर्ज कर लिया है।

#### भूखे-प्यासे रखकर करवाया जाता था काम

बताया जा रहा है कि मधुबनी जिले के बिस्फी थाना क्षेत्र के एक गांव के नाबालिग बच्चे को पढ़ाई का झांसा देकर आसमीन परवीन और उसका पति जयपुर में ले गए। लेकिन वहां बच्चे के साथ बर्बरता की गई। मासूम ने बताया उसे भूखे-प्यासे रखकर काम करवाया जाता था। वहीं खाना मांगने पर उसे डंडे और रॉड से बेरहमी से पीटा जाता था। उसके दांत तोड़ दिए गए और होंठ भी काट दिया गया।

#### बेहोश होने पर घर से बाहर फेंका

पति-पत्नी की बर्बरता यहीं खत्म नहीं हुई, इसके बाद उन्बोंने नाबालिग बच्चे का प्राइवेट पार्ट भी जलाने की कोशिश की। वहीं कुछ दिन पहले बेहोश होने पर उसे घर से बाहर फेंक दिया गया तो किसी व्यक्ति ने उसे घर पहुंचाया। 29 अप्रैल को घर पहुंचने के बाद परिजनों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस ने पीड़ित के बयान के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### नमाज पढ़कर मस्जिद से बाहर आए युवक को मारी गोली, हत्या के बाद इलाके में बवाल; जांच में जुटी पुलिस



**बिहारः** बिहार के वैशाली में बेखौफ बदमाशों ने एक युवक को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। वहीं घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार, घटना जिले के नगर थाना क्षेत्र की है। मृतक की पहचान मोहम्मद शब्बीर आलम के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मोहम्मद शब्बीर आलम मस्जिद से नमाज अदा कर बाहर निकला था तभी बदमाशों ने उसे अपना निशाना बना लिया। उस पर फायरिंग की। गोली उसकी पीठ में लगी। जिससे उसकी जान चली गई। हालांकि हत्या के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो सका। इधर घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दी। साथ ही तोड़फोड़ और आगजनी भी की। वहीं पुलिस ने तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया है। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

### शादी की झांसा देकर लॉ की छात्रा से 2 वर्षो तक बनाए शारीरिक संबंध... पटना HC के एडवोकेट और टाइपिस्ट पर गंभीर आरोप, एक गिरफ्तार



**बिहारः** कानून की पढ़ाई करने वाली 24 वर्षीय छात्रा के साथ यौन शोषण मामले में पटना हाईकोर्ट के सीनियर एडवोकेट के टाइपिस्ट को गिरफ्तार किया गया है। बताया जाता है कि टाइपिस्ट ने शादी का झांसा देकर छात्रा के साथ दो साल तक शारीरिक संबंध बनाए और बाद में अपने वादे से मुकर गया। वहीं छात्रा ने सीनियर वकील पर भी छेड़खानी का गंभीर आरोप लगाया है।

#### अकेले पाकर छेड़खानी करता था सीनियर वकील

दरअसल, पीड़िता के बयान पर पुलिस ने फरवरी माह में एसके पुरी थाने में मुकदमा दर्ज किया था। वहीं 3 मई यानी शनिवार को पुलिस ने हाजीपुर से आरोपी टाइपिस्ट गिरफ्तार किया है। पीड़िता का आरोप है कि वह पिछले कुछ वर्षों से सीनियर वकील के अधीन इंटर्नशिप कर रही थी। सीनियर वकील उसे अकेले पाकर छेड़खानी करता था। पीड़िता के अनुसार, जब उसने इस बात को वकील के टाइपिस्ट जितेंद्र कुमार के साथ साझा किया तो उसने सहानुभूति दिखाते हुए मदद का वादा किया। जितेंद्र ने पीड़िता से दोस्ती बढ़ाई और शादी का वादा किया।

# जिले में 12 स्थान पर 17वें दिन महिला जन संवाद कार्यक्रम आयोजित

## महिलाओं ने किया जन संवाद में स्वरोजगार की मांग

**दिव्य दिनकर प्रखंड संवाददाता**

असरगंज। असरगंज प्रखंड के ममई पंचायत के चौरगांव में किरण जीविका महिला ग्राम संगठन में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम संगठन क्षेत्र की लगभग 200 दीदियों ने भाग लिया। सामुदायिक समन्वयक रत्नाकर भारती ने बैठक का संचालन किया। कार्यक्रम में दीदियों को माननीय मुख्यमंत्री महोदय का संदेश पत्र पढ़ कर सुनाया गया। इसके बाद संवाद रथ के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित योजना जिसमें महिलाओ एवं लड़कियों हेतु चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री बालिका पोशाक एवं साइकिल योजना, मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री किशोरी स्वास्थ्य योजना, जीविका अंतर्गत सतत जीविकोपार्जन योजना, दीदी का अधिकार केंद्र, दीदी की रसोई, सिलाई सेंटर, कस्टम हायरिंग सेंटर आदि योजना के बारे में वीडियो आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाया गया। इस दौरान सरकार की योजनाओं से लाभान्वित कुछ महिलाओं ने अपना अनुभव साझा किया। जिसमें सुलोचना देवी ने बीपीएससी से सहायक अध्यापक बनने, किरण देवी को साइकिल योजना का लाभ मिलने, मधु और प्रमिला देवी को सतत जीविकोपार्जन योजना का लाभ मिलने से कपड़े की दुकान खोलने, कल्पना देवी को शौचालय का लाभ मिलने मिलने से खुशी व्यक्त की गई। इसके बाद कुछ दीदियों के द्वारा अपनी आकांक्षाएं व्यक्त करते हुए रंभा देवी वार्ड में में स्थित आंगनवाड़ी में शौचालय बनवाने की मांग, सरिता देवी एवं अन्य सदस्य द्वारा वार्ड 8 में सामुदायिक भवन का निर्माण, सुप्रिया कुमारी द्वारा उच्च संस्थानों में पढ़ाई के लिए तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग संस्थान में दाखिल की मांग, एवं सभी सदस्यों ने जीविका भवन निर्माण, अनाज गोदाम की मांग, दलहन के बीज में शत प्रतिशन सब्सिडी की मांग, फसल बीमा निःशुल्क करने आदि की मांग की गई। इसके बाद सभी ने सामाजिक कर्तव्यों एवं दायित्व को निभाने हेतु शपथ लिया। हवेली खड़गपुर प्रखंड अंतर्गत आंचल जीविका महिला ग्राम संगठन गोबड्डा और कमल जीविका महिला ग्राम संगठन बढौना में महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें दोनों ग्राम संगठन के क्षेत्र से महिलाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधक गुरुदेव, प्रखंड परियोजना प्रबंधक अंजु कुमारी, प्रशिक्षण अधिकारी प्रशांत कुमार सिंह



शामिल हुए। जिला परियोजना प्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा कि महिला संवाद कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण के दिशा में मिल का पत्थर साबित हो रही है। इस संवाद के माध्यम से महिलाओं की सरकार से क्या अपेक्षाएं है, उसको संकलित कर उसे राज्य स्तर पर भेजा जाएगा। जिस पर आगे काम करने की रणनीति बनेगी। जिससे आगे चलकर लोग उसका समुचित लाभ ले पाएंगे। इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित महिलाएं अपना अनुभव भी साझा कर रही है कि किस योजना से किस प्रकार उनके जीवन में परिवर्तन आया है। गौरी देवी बताई कि जीविका परियोजना में जुड़ने से कैसे उनके जीवन में परिवर्तन आया है। सोनी देवी बताई कि सतत जीविकोपार्जन योजना में जुड़ने से उनकी जिंदगी बदल गई है। इसके अलावे महिलाओं ने अपनी आकांक्षाएं भी दर्ज करवाई है। प्रेमलता दीदी सिंचाई की आकांक्षा है कि व्यवस्था होनी चाहिए। अनुराधा देवी के द्वारा बताया गया कि धागा बनाने का कंपनी खोला जाए। संगीता देवी पर्सनल लोन बैंक के ब्याज में जो चक्रवृद्धि ब्याज लगता है उसको कम कर दिया जाए। अनीता देवी के द्वारा आकांक्षा किया गया की पेन पेंसिल बल्ब बनाने की फैक्ट्री इत्यादि अपने पंचायत में ही लगाया जाए जिसमें दीदी अधिकार केंद्र , पक्की नली, सिलाई केंद्र, जीविका भवन निर्माण , जीविका बैंक, वृद्धा और विधवा पेंशन में बढ़ोतरी, गोबड्डा में स्वास्थ्य उपकेंद्र तथा कोल्ड स्टोरेज, बच्चों के लिए पार्क, हर पंचायत में उच्च विद्यालय आदि की मांग की है। खुशी कुमारी और गुड़िया कुमारी के द्वारा इंटर पास लड़कियों के लिए एक स्कूटी और लैपटॉप सरकार से प्रोत्साहन और आगे की पढ़ाई के लिए आकांक्षा रखी गई। इसके अलावा सभी पंचायत में पुस्तकालय खुलवाने की मांग रखी गई ताकि आगे के पढ़ाई में सहयोग मिल सके। तारापुर प्रखंड के परभारा पंचायत में लक्ष्मीबाई जीविका महिला ग्राम संगठन के क्षेत्र में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें इस कार्यक्षेत्र की आकांक्षा एवं मुद्दा को रखा जो निम्न है। पंचायत की स्तर पर बच्चों को पढ़ने के लिए पुस्तकालय होना चाहिए। पंचायत स्तर पर जीविका का अपना महिला बैंक होना चाहिए तारापुर बाजार में सार्वजनिक शौचालय होना चाहिए। पंचायत स्तर पर खेल मैदान होना चाहिए स्मार्ट मीटर बिल ज्यादा (दोगुना)आ रहा है इसका समस्या का समाधान हो बरियारपुर प्रखंड के नीरपुर पंचायत के आशा टोला दुर्गा स्थान के प्रांगण में दर्पण जीविका महिला ग्राम संगठन के कार्यक्षेत्र में महिला संवाद कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संवाद रथ के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित 36 प्रकार से भी ज्यादा योजनाओं से अवगत कराया गया जैसे कन्या उत्थान योजना, पोशाक योजना, पेंशन योजना, नल जल योजना इत्यादि। इसी के साथ दीदी क्षेत्र के लोगों ने अपनी कुछ आकांक्षा एवं मुद्दा को रखा जैसे कि सभी बेरोजगार महिलाओं को काम मिल सके। दीदी के द्वारा ये भी कहा गया कि अन्य प्रखंड में संचालित जीविका दीदी की रसोई की तरह ही हमारे यहां भी एक दीदी की रसोई खोली जाए ताकि कई महिलाओं को रोजगार मिल सके। दयमंती दीदी द्वारा कहा गया कि जीविका बैठक के लिए एक सामुदायिक भवन होना अति आवश्यक है बाढ़ के बाद जल निकासी में समस्या होती है जल निकास की समस्या का समाधान किया जाए ताकि बीमारी ना फैले साथ ही प्रखंड स्तर पर डिग्री कॉलेज की व्यवस्था की मांग की।इस महिला संवाद का कार्यक्रम के अंत में संवाद में उपस्थित सभी महिला के द्वारा घरेले हिंसा नहीं करने एवं पीड़ित महिला का साथ देने एवं बैंक या जीविका या अन्य स्त्रोत से प्राप्त राशि का सदुपयोग कर अपने परिवार को 10000रु मासिक आय के लक्ष्य के प्राप्ति में सहयोग देने की शपथ ली इसके विस्तृत जानकारी हेतु लीफलेट का भी वितरण किया गया।

# बखरी में गुरु मिल्खा सिंह फिजिकल एकेडमी का हुआ उद्घाटन

## सिपाही भर्ती की तैयारी में युवाओं को मिलेगा सुनहरा अवसर

**प्रियंका कुमारी**

बखरी, बेगूसराय। रविवार को सिपाही भर्ती की तैयारी कर रहे बखरी क्षेत्र के युवाओं के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई। बखरी प्रखंड के शकरपुरा में गुरु मिल्खा सिंह फिजिकल एकेडमी का भव्य उद्घाटन किया गया। जो क्षेत्रीय अभ्यर्थियों को फिजिकल ट्रेनिंग में उत्कृष्ट मार्गदर्शन प्रदान करेगा। इस एकेडमी की स्थापना युवाओं को सिपाही भर्ती जैसे शारीरिक परीक्षण आधारित प्रतियोगिताओं में सफलता दिलाने के उद्देश्य से की गई है।इस एकेडमी का विधिवत उद्घाटन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुंदन कुमार, आरएसएस के मनोरंजन वर्मा, बखरी थाना के सब इंस्पेक्टर हरेंद्र राम, अर्चना झा तथा विद्यार्थी परिषद के प्रिंस सिंह परमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में अतिथियों ने अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए सिपाही भर्ती में फिजिकल टेस्ट की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि



शारीरिक दक्षता ही भर्ती प्रक्रिया का सबसे अहम पहलू है। इस एकेडमी के माध्यम से स्थानीय युवाओं को सशक्त तैयारी का अवसर मिलेगा।एकेडमी के मुख्य ट्रेनर के रूप में कृष्णमोहन कुमार, मणिरत्नम कुमार व उनकी विशेषज्ञ टीम की भूमिका प्रमुख होगी। इन प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में अभ्यर्थियों को आधुनिक व व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में अभ्यर्थी एकेडमी परिसर में उपस्थित थे। जिनमें जोश और उमंग का माहौल देखने को मिला। स्थानीय लोगों और विद्यार्थियों ने इस पहल की भूरी-भूरी प्रशंसा की और कहा कि इससे क्षेत्र के युवा अब बड़े स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हो सकेंगे। बताते चलें कि गुरु मिल्खा सिंह फिजिकल एकेडमी निश्चित ही बखरी क्षेत्र में खेल और शारीरिक प्रशिक्षण की दिशा में एक मजबूत कदम है, जो आने वाले समय में कई युवाओं को उनके सपनों की मंज़िल तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा।

# महिलाओं में जागरूकता लाना और संस्थाओं से जोड़ना महिला संवाद का लक्ष्य

## नावकोठी में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**शकील बेग**

नावकोठी, बेगूसराय। नावकोठी पंचायत के महादलित मुहल्ले में पायल और रचना जीविका महिला ग्राम संगठन के बैनर तले महिलाओं के उत्थान के लिए महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड परियोजना प्रबंधक मनोरंजन कुमार ने की तथा कार्यक्रम का उदघाटन मेंटर रंजू, रेणु, किरण ने दीप प्रज्जवलित कर किया। बीपीएम मनोरंजन कुमार ने कहा कि महिला संवाद का उद्देश्य महिलाओं में जागरूकता लाना और उन्हें उन संस्थाओं एवं अवसरों से जोड़ना है। जीविका से जुड़कर महिलाओं में जागृति आयी है।अपने हक के लिए महिलाएं आगे बढ़ रहीं हैं। राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी मिलने से उसका लाभ बढ़ चढ़कर ले रही हैं। सरकार भी महिलाओं को



सहायता मुहैया करवा रही है। आयोजित महिला संवाद के माध्यम से महिलाओं के लिए आरक्षण, नशा मुक्ति अभियान, बाल विवाह, दहेज प्रथा, जीविका से संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। इस आयोजन के दौरान मेंटर रंजू कुमारी ने अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा कि समाज की महिलाओं को जीविका ने रोशनी दी है। महिलाएं आर्थिक रुप से भी समृद्ध हो रही है। मौके पर रोहित, रुपम, जनिता, रेखा, पुष्प लता, किरण, पिंकी, अन्नु, पूनम, रुक्मिणी आदि मौजूद थे।

# बिहारः अब बिजली कट से पहले मिलेगी जानकारी, सोशल मीडिया और एसएमएस से किया जाएगा अलर्ट

**पटनाः** ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव के निर्देश पर विद्युत भवन में ऊर्जा सचिव पंकज कुमार पाल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पेसू क्षेत्र में निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने एवं शटडाउन की समीक्षा की गई। गर्मी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए ऊर्जा मंत्री ने पेसू टीम को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा देने के लिए तत्परता से कार्य करें। बैठक में सीएमडी पाल ने कहा कि आवश्यकतानुसार ही परियोजनाओं के कार्यान्वयन एवं दैनिक अनुरक्षण कार्य के लिए समीक्षा कर न्यूनतम समय के लिए ही शटडाउन किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि परियोजना एवं



रखरखाव कार्य के लिए जो शटडाउन जरूरी हो, उसकी पहले से योजना बनाकर समाचार पत्रों और विभागीय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाए। इसके साथ-साथ माइकिंग के जरिए भी उपभोक्ताओं को सूचित किया जाए ताकि लोग आवश्यक तैयारियां, जैसे पानी संग्रह, पहले से कर सकें। पाल ने कहा कि हर शटडाउन की निगरानी संबंधित अधीक्षण अभियंता करेंगे और स्थल पर सहायक या कनीय अभियंता की उपस्थिति अनिवार्य होगी। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि पॉवर कट की जानकारी सभी उपभोक्ताओं को एसएमएस के माध्यम से समय से दी जाए। निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पेसू कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली की समीक्षा भी की गई। इस बैठक में साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के मुख्यालय तथा पेसू के सभी वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# क्या गोपालपुर में जीत का पंजा लगा पाएंगे गोपाल मंडल

**गोपालपुरः** गोपालपुर विधानसभा सीट भागलपुर लोकसभा के तहत आता है। 1957 में गोपालपुर सीट अस्तित्व में आया था। 1957 में गोपालपुर सीट (ऋक्ष्स्त्रं'स्त्र४१ अ२-शुे'८ रीं३) से सीपीआई कैंडिडेट मनीराम सिंह ने जीत हासिल किया था। 1962 में कांग्रेसी कैंडिडेट माया देवी ने जनता का समर्थन हासिल कर लिया था। वहीं 1967 में सीपीआई की टिकट पर एम सिंह ने विरोधियों को मात देकर गोपालपुर सीट पर जीत हासिल की थी। वहीं 1969 और 1972 में कांग्रेस की टिकट पर दो बार लगातार मदन प्रसाद सिंह ने गोपालपुर में विरोधियों को करारी मात दे दिया था। 1977 के विधानसभा चुनाव में यहां से सीपीआई उम्मीदवार मनीराम सिंह ने जीत हासिल किया था। 1980 और 1985 के चुनाव में कांग्रेसी कैंडिडेट मदन प्रसाद सिंह ने गोपालपुर में सभी विरोधियों को मात देने में कामयाबी हासिल की थी। वहीं 1990 में बीजेपी कैंडिडेट ज्ञानेश्वर यादव ने जीत हासिल की थी। 1995 में गोपालपुर सीट से जेडीयू कैंडिडेट रविन्द्र कुमार राणा ने जनता का समर्थन हासिल कर लिया था। वहीं 2000 में आरजेडी उम्मीदवार के तौर पर रविन्द्र कुमार राणा ने विरोधियों को मात दे दिया था। हालांकि इसके बाद लगातार चार बार से जेडीयू ने यहां वर्चस्व बरकरार रखा है। 2005, 2010, 2015 और 2020 में हुए विधानसभा चुनाव में गोपालपुर से जेडीयू कैंडिडेट नरेंद्र कुमार नीरज उर्फ गोपाल मंडल ने जीत का परचम लहराया था। इस बार भी गोपाल मंडल यहां से चुनाव लड़ सकते हैं। GopÔlpur Assembly SeÔt Result 2020 ।। एक नजर 2020 विधानसभा चुनाव के नतीजों पर वहीं 2020 के चुनाव में गोपालपुर में जेडीयू उम्मीदवार नरेंद्र कुमार नीरज उर्फ गोपाल मंडल ने विरोधियों को फिर से शिकस्त दे दिया था। नरेंद्र कुमार नीरज को 75 हजार पांच सौ 33 वोट मिला था तो आरजेडी कैंडिडेट शैलेश कुमार को 51 हजार 72 वोट ही मिल पाया था। इस तरह से नरेंद्र कुमार नीरज ने शैलेश कुमार को 24 हजार चार सौ 61 वोट के अंतर से हरा दिया था। वहीं एलजेपी कैंडिडेट सुरेश भगत 23 हजार चार सौ छह वोट लाकर तीसरे स्थान पर रहे थे। GopÔlpur Assembly SeÔt Result 2015 ।। एक नजर 2015 विधानसभा चुनाव के नतीजों पर 2015 के विधानसभा चुनाव में गोपालपुर सीट (Gopalpur Assembly Seat) से जेडीयू उम्मीदवार नरेंद्र कुमार नीरज उर्फ गोपाल मंडल ने जीत हासिल की थी। नरेंद्र कुमार नीरज को 57 हजार चार सौ तीन वोट मिला था तो बीजेपी कैंडिडेट अनिल कुमार यादव को 52 हजार दो सौ 34 वोट ही मिल पाया था। इस तरह से नरेंद्र कुमार नीरज ने अनिल कुमार यादव को 5 हजार एक सौ 69 वोट के अंतर से हरा दिया था। वहीं निर्दलीय कैंडिडेट सुरेश भगत, 6 हजार चार सौ 10 वोट लेकर तीसरे स्थान पर रहे थे। : 1980 और 1985 के चुनाव में कांग्रेसी कैंडिडेट मदन प्रसाद सिंह ने गोपालपुर में सभी विरोधियों को मात देने में कामयाबी हासिल की थी। वहीं 1990 में बीजेपी कैंडिडेट ज्ञानेश्वर यादव ने जीत हासिल की थी। 1995 में गोपालपुर सीट से जेडीयू... Gopalpur Assembly Seat गोपालपुर विधानसभा सीट भागलपुर लोकसभा के तहत आता है।

### उड़े परखच्चे,घिसटते हुए खाई में जा गिरी कार...भयानक सड़क हादसे में 2 की मौत; तीन महिलाएं घायल

**बिहारः** बिहार के गोपालगंज में आज यानी रविवार एक दर्दनाक हादसा हो गया। दरअसल यहां एक ट्रक ने कार को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। वहीं इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई जबकि तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई।

#### तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने कार में मारी जोरदार टक्कर

मिली जानकारी के अनुसार, घटना बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के दिघवा गांव के पास स्टेट हाइवे की है। मृतकों की पहचान सोनू शर्मा और छोटू कुमार के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि हाईवे पर तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने ऑल्टो कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और गाड़ी कुछ दूरी तक घिसटते हुए खाई में जा गिरी। वहीं इस हादसे में कार सवार दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई, जिन्हें आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती करवाया गया। बताया जा रहा है कि कार में सवार होकर सभी लोग यूपी से गया जा रहे थे। इधर घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल में भेजा। पुलिस द्वारा मामले की छानबीन की जा रही है।

### पहले गला दबाया, फिर बोरे में शव ठूंस 2 फीट जमीन के नीचे गाड़ा...हैरान कर देगी वारदात; पुलिस ने ऐसे किया खुलासा

**Bettiah:** बिहार के बेतिया से एक सनसनीखेज वारदात की खबर निकल कर सामने आ रही है जहां ससुराल वालों ने एक महिला का गला दबाकर उसे दर्दनाक मौत दी। उसके बाद अपराध छुपाने के लिए शव को जमीन में दबा दिया। वहीं इस दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी है।

#### जानें कैसे पुलिस ने किया खुलासा

मिली जानकारी के अनुसार, मझौलिया थाना क्षेत्र के मझरिया शेख गांव की है। मृतक महिला की पहचान सनोज पासवान की पत्नी 26 वर्षीय प्रमिला देवी के रूप में हुई है। दोनों का एक 5 वर्षीय बेटा भी है। घटना के संबंध में मायके वालों ने बताया कि प्रमिला देवी को प्रताड़ित किया जाता था। उन्हें सूचना मिली कि उनकी लड़की दो दिन से लापता है। फिर सूचना मिलने पर मायके वाले लड़की के ससुराल पहुंचे। मायके वालों ने पुलिस प्रमिला देवी के लापता होने की शिकायत दर्ज करवाई। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रमिला देवी के जेठ को हिरासत में ले पूछताछ की। पूछताछ में हत्या का भेद खुला। बताया कि प्रमिला देवी की गला दबाकर हत्या कर दी गई और उसके बाद गुनाह को छुपाने के लिए शव को बोरी में भरकर 2 फीट जमीन में दबा दिया। ताकि किसी को अपराध की जानकारी न हो। वहीं पुलिस ने शव को जमीन से बाहर निकाल पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर दी शुभकामनाएं

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला के मीडिया संस्थानों, प्रतिनिधियों और पत्रकारों को शुभकामनाएं देते हुए समाज और राष्ट्र हित में स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना गया है। इसी स्तंभ की मजबूती, पत्रकारिता के सम्मान, स्वतंत्रता और सुरक्षा की सुनिश्चितता के लिए पूरी दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है। भारतीय संविधान में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के रूप में प्रेस की स्वतंत्रता को मौलिक अधिकारों में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और साहसिक पत्रकारिता से ही एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। उपायुक्त ने बताया कि हर साल 3 मई को मनाए जाने वाले विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस का उद्देश्य दुनिया भर में स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता को समर्थन देना और पत्रकारों का आने वाली चुनौतियों पर जागरूकता फैलाना है। यह दिन संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1993 में घोषित किया गया था ताकि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को प्रोत्साहित किया जा सके। तेजी से बदलते डिजिटल परिदृश्य में, यह दिन हमें सार्वजनिक विश्वास को बढ़ावा देने के लिए विश्वसनीय और स्वतंत्र पत्रकारिता के महत्व के बारे में जागरूक बनाता है।

## तावडू में 2 दिनों से हो रही वर्षा से गर्मी से शहर वासियों को मिली राहत

**तावडू ।** शहर व क्षेत्र में गत कई दिनों से चली आ रही भीषण गर्मी से हुई बारिश ने राहत दिला दी। आसमान में बादल लगभग पूरे दिन छाए रहे। क्षेत्र में दोनों दिन प्रात तेज बारिश व हवा ने मौसम का रंग बदल दिया है। इससे जहां गर्मी ठंडी पड गई है, वहीं तेज हवाओं व बारिश से बिजली व्यवस्था प्रभावित रही। उल्लेखनीय है तेज धूप और बढ़ते तापमान के चलते कई दिनों से लोग गर्मी से बेहाल थे। तेज गर्मी के चलते शीतल पेयों व कूलर तथा एसी की बिक्री में बढ़ोतरी चल रही थी। लेकिन मौसम के बदले मिजाज के कारण गर्मी शांत हो रही है। क्षेत्रवासियों ने गर्मी से राहत की सांस ली है। हालांकि बारिश से किसानों की चिंता बढा दी है। लेकिन जिन किसानों ने सब्जी की बाड़ी लगाई हुई है उन्हें बारिश से फायदा भी है।

## नरसिंहपुर एफओबी पर निर्माण कार्य के चलते एक लेन को किया जाएगा बंद

**गुरुग्राम।** जीएमडीए द्वारा नरसिंहपुर एनएच-48 फुटओवर ब्रिज (एफओबी) पर निर्माण कार्य किया जाना है। जो सुरक्षा की दृष्टि से आज रविवार को दिल्ली से जयपुर की ओर जाने वाले मार्ग और इसी प्रकार जयपुर से दिल्ली की ओर जाने वाले मार्ग पर सुबह 9 बजे से सायं 6 बजे तक निर्माण कार्य के दौरान कुछ समय के लिए एक- एक लेन को बंद किया जाएगा। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि नरसिंहपुर एनएच-48 फुटओवर ब्रिज (एफओबी) की ओर आने व जाने वाले वाहन चालक यातायात नियमो की पालना करते हुए उपरोक्त निर्माण कार्य स्थल पर सावधानीपूर्वक अपने गंतव्य स्थान की ओर जाये, ताकि वाहनो चालको को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पडे। द्वारका एक्सप्रेस वे अंडरपास मे बसई की ओर से सैक्टर 110 की ओर जाने वाले सडक मार्ग की मरम्मत का कार्य एलएंडटी कंपनी द्वारा बजे से सोमवार सुबह 11 बजे तक किया जाना है जिस कारण सुरक्षा की दृष्टि से उपरोक्त मार्ग को मरम्मत कार्य के दौरान बंद किया जाएगा। इस ओर आने वाले वाहन चालक वैकल्पिक मार्गो स्लीप रोड का प्रयोग करके अपने गंतव्य स्थान पर जा सकते है।

## जमानोत्तर अपराधी को पुलिस ने किया काबू

**गुरुग्राम।** पुलिस ने कार्यवाही कर एक जमानोत्तर अपराधी को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एनआई एक्ट के मामले में आरोपी देव को अदालत द्वारा जमानत पर छोड़ा गया था और आगामी तारीख पेशी निश्चित करते हुए न्यायालय में पेश होने के आदेश दिए गए थे, किन्तु उपरोक्त आरोपी निश्चित की गई तारीख पेशियों पर अदालत के सम्मुख पेश ना होने व अदालत के आदेशों की अवहेलना करने पर उपरोक्त आरोपियों को जमानोत्तर अपराधी घोषित किया गया था। अदालत द्वारा घोषित उपरोक्त जमानोत्तर अपराधी को पीओ स्टॉफ पश्चिम टीम द्वारा गिरफ्तार करके अदालत के सम्मुख पेश किया गया।

## ओम शांति रिट्रीट सेंटर के सहयोग से गुरुग्राम पुलिस कर रही लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम पुलिस गुरुग्राम को नशा मुक्त करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसके लिए गुरुग्राम पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्यवाही कर रही है तथा आमजन को भी नशे के विरुद्ध जागरूक कर रही है। इसी कड़ी में पुलिस उपायुक्त मानेसर दीपक के नेतृत्व में कार्य करते हुए गुरुग्राम पुलिस व ओम शांति रिट्रीट सेंटर बोहडा कलां द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करके आमजन को खेलों की महत्वता, नशा ना करने/नशा मुक्ति, नशे के दुष्प्रभाव व उनसे बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया जा रहा है। इस दौरान गुरुग्राम पुलिस व ओम शांति रिट्रीट सेंटर के द्वारा गांव तुर्कपुर,पालासोली, कापड़ीवास, जोनियावास, मालपुरा, सिधरावली, नरेहड़ा, जनौला सहित लगभग 18 स्कूलों में में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करके आमजन को नशे के दुष्प्रभाव, नशा मुक्ति व नशे के आदि लोगों के पुनर्वास तथा खेलों का जीवन में महत्व इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया।

# 'पंजाब की संस्कृति तो छबील लगाकर प्यासे को पानी पिलाने की थी'

### लेकिन आज पंजाब ने हरियाणा के लोगों के पीने वाले पानी का गिलास छीन लिया है : अनिल विज

एजेंसी

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा नंगल बांध के कंट्रोलिंग स्टेशन पर ताला लगवाने की कड़ी निंदा करते हुए इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. अभय सिंह चौटाला ने कहा कि यह संघीय ढांचे पर चोट है और एक गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। इसलिए मुख्यमंत्री भगवंत मान पर मुकदमा दर्ज कर इस पूरे मामले की जांच सीबीआई द्वारा करवाई जानी चाहिए। देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि जब हिमाचल से आए



पानी पर पंजाब के मुख्यमंत्री ने ताला लगाया है। केंद्र सरकार को इस मामले में हस्तक्षेप करके इस स्थिति को अपने हाथ में लेना चाहिए। बीबीएमबी में तुरंत अर्धसैनिक बल मुहैया करवाकर पंजाब पुलिस को बीबीएमबी से वापिस भेजे जाएं। साथ ही बीबीएमबी में हरियाणा सरकार की तरफ से तकनीकी सदस्य की नियुक्ति तुरंत प्रभाव से की जाए। अगर जल्द ही केंद्र सरकार ने स्थिति को नियंत्रित नहीं किया तो कानूनी स्थिति बिगड़ सकती है। हरियाणा में चारों तरफ पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। अगर केंद्र की सरकार ने इस स्थिति को नहीं संभाला तो इनेलो पार्टी हरियाणा की जनता के साथ सडक़ों पर उतरेगी। अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान ने हरियाणा विधानसभा चुनावों में कहा था कि हरियाणा को उसके हक का पानी देंगे। अब हरियाणा में चुनाव हारने के बाद पानी देने से इंकार करके हार की खीज मिटा रहे हैं। जहां आप, कांग्रेस और भाजपा पंजाब में हरियाणा को पानी न देने के मामले में एकमत हो गई हैं वहीं हरियाणा के लोगों के सामने पंजाब से अपना हक लेने का ढोंग करती है। इससे भाजपा, कांग्रेस और आप पार्टी का दोहरा चेहरा हरियाणा के लोगों के सामने उजागर हो गया है।

## निजी विद्यालयों को छात्रों का विवरण 15 मई तक लिंक पर करना होगा अपलोड

### चिराग योजना के तहत कक्षा पांचवीं से बारहवीं के छात्रों को दी जानी है मुफ्त शिक्षा

एजेंसी

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री हरियाणा समान शिक्षा राहत, सहायता एवं अनुदान चिराग स्कीम के तहत शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में कक्षा पांचवीं से बारहवीं में मान्यता प्राप्त 689 निजी विद्यालयों में गरीब परिवारों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान की जानी है। शिक्षा विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि मौलिक शिक्षा निदेशालय द्वारा निजी विद्यालयों द्वारा दर्शायी गई सीटों पर दाखिला छात्रों का विवरण विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करवाने के लिए लिंक http://117.239.183.208/cheerag2925-26/ को 15 मई 2025 तक लाइव कर दिया गया है। उक्त लिंक तथा MIS पर छात्रों का विवरण 15 मई तक अपडेट करवाने बारे संबंधित विद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं।

प्रवक्ता ने जानकारी दी गई है कि इस बारे में प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखकर अवगत करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि अधिकारी विद्यालयों से डाटा अपडेशन की दैनिक रिपोर्ट प्राप्त कर शिक्षा निदेशालय को अवगत करवाना सुनिश्चित करें, ताकि डाटा अपडेशन अनुसार दाखिल छात्रों की फीस प्रतिपूर्ति राशि का क्लेम विद्यालयों को जारी किया जा सके।

## संत महापुरुषों के जीवन मूल्यों के अनुरूप हरियाणा में हो रहा प्रत्येक वर्ग का उत्थान - कृष्ण कुमार बेदी

### ईमानदारी, कर्मठता और मेहनत की बदौलत सैनी समाज की रही है हमेशा अपनी विशेष पहचान

### सैनी धर्मशाला के लिए कैबिनेट मंत्री ने अपने निजी कोष से दिए 25 लाख रूपये

एजेंसी

**नरवाना।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि ईमानदारी, कर्मठता और मेहनत की बदौलत सैनी समाज की हमेशा अपनी विशेष पहचान रही है। महाराजा शूरसैनी के वंशज सैनी समाज की आपसी भाईचारा और मिलनसार व्यवहार भी खूबी है। श्री कृष्ण कुमार बेदी नरवाना में आयोजित सैनी सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महाराजा शूरसैनी, महात्मा ज्योतिबा फूले व माता सावित्री बाई फूले की शिक्षा आज भी बराबर प्रासंगिक है और वर्तमान सरकार इन्हीं महात्माओं द्वारा बताए आदर्शों का अनुसरण करते हुए जन कल्याण के प्रति समर्पित भाव से कार्य कर रही है। समाज के आर्थिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े व्यक्ति के जीवन स्तर में सुधार वर्तमान सरकार की प्रतिबद्धता है। इस दिशा में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा अंत्योदय कल्याण के लिए गए फैसलों से नए सामाजिक उत्थान का सूत्रपात हो रहा है।श्री बेदी ने कहा कि महापुरूषों के जीवन मूल्य किसी



भी समाज की उन्नति के लिए जीवंत आधार होते हैं। प्रदेश सरकार संत कबीर, डॉ. भीमराव अम्बेडकर, गुरू रविदास, संत धन्ना भगत, महात्मा ज्योतिबा फूले जैसे साधु संतों द्वारा दिखाए रास्ते पर ही चल रही है। समाज में साधु संतों की शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार हो और उन्नत एवं सभ्य समाज का निर्माण हो, इसके लिए राज्य सरकार अपने स्तर पर सभी संत महापुरुषों की जयंतियां मना रही है। श्री बेदी ने सैनी सभा धर्मार्थ समिति को धर्मशाला के लिए 25 लाख रुपये की अनुदान राशि देने की भी घोषणा की। इसके अलावा, गत कबीर जयंती समारोह में 17 लाख रुपये की घोषणा अनुदान राशि के चौक भी वितरित किए। इस अवसर पर पानीपत नगर निगम की मेयर कोमल सैनी, हरियाणा कॉन्फेड के चेयरमैन कर्मबीर सैनी, नगर परिषद जींद की चेयरपर्सन डॉ अनुराधा सैनी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## नूंह में 4 परीक्षा केंद्रों पर 1329 परीक्षार्थी देंगे नीट परीक्षा- 2025- उपायुक्त मीणा

### नीट परीक्षा के लिए प्रशासन ने की सभी तैयारियां पूर्ण

एजेंसी

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम मीणा ने बताया कि एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) द्वारा इस बार नीट परीक्षा के लिए जिला नूंह में भी परीक्षा केंद्र बनाने की मंजूरी दी है। इसी के मद्देनजर कल नीट की परीक्षा जिले में 4 परीक्षा केंद्रों पर दोपहर बाद 2 बजे से 5 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें एक हजार 329 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

उन्होंने बताया कि जिला नूंह के सभी परीक्षा केंद्रों पर नीट परीक्षा-2025 को नकल रहित व पारदर्शी ढंग से करवाने के लिए जिला प्रशासन ने सभी जरूरी व्यवस्थाएं पूरी कर ली हैं। सभी केंद्रों पर केंद्र अधीक्षक सहित जरूरी स्टाफ व सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। उपायुक्त ने ड्यूटी पर तैनात रहने वाले स्टाफ का आह्वान किया कि वे परीक्षा केंद्रों के अंदर एनटीए द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार ही सुचारू ढंग से परीक्षा आयोजित करवाएं। परीक्षा केंद्रों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे पूरा समय चलने चाहिए। सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए, जिसमें बिजली, पेयजल, शौचालय, प्राथमिक चिकित्सा और अन्य बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता



शामिल हो। दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए भी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि केंद्र में मोबाइल सहित कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूर्ण रूप से बैन रहेंगे। परीक्षा की पूरी प्रक्रिया की निगरानी होगी तथा सभी 4 परीक्षा केन्द्रों की हर गतिविधि पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। सभी सेंटर पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा और किसी भी स्तर पर कानून व्यवस्था प्रभावित नहीं होने दी जाएगी। किसी भी रूप से परीक्षा केंद्रों पर बाहरी हस्तक्षेप न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन सतर्क है।

**नीट-2025 परीक्षा के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त**

जिलाधीश विश्राम कुमार मीणा ने नीट परीक्षा-2025 के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के खंड 16(1) व 17(2) के तहत ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशों के तहत बीडीपीओ इंडरी राजेश टीवाना को जीएमएसएसएस -1 में बने परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगाया गया है। नायब तहसीलदार तावडू जतिंदर गिल को जीएमएसएसएस -2 में बने परीक्षा केंद्र पर व डीआरओ जोगेंद्र शर्मा को शहीद लेफ्टिनेंट किरण सिंह शेखावत महिला महाविद्यालय सालाहेड़ी में बने परीक्षा केंद्र पर व डिवीजनल फॉरेस्ट ऑफिसर नूंह प्रदीप को राजकीय आईटीआई मरोड़ा में बने परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगाया गया है। बीडीपीओ तावडू अरुण कुमार व डीएसडब्ल्यूओ नूंह सरफराज खान को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में रिजर्व रखा गया है। एसडीएम नूंह अश्विनी कुमार परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए ओवरऑल इंचार्ज रहेंगे।

## पूर्व शिक्षा मंत्री के आह्वान पर अखंड भारत के निर्माण के लिए विप्र सभा ने हाथ उठाकर प्रस्ताव पारित किया

एजेंसी

**नारनौल।** इतिहास बताता है कि हिंदू धर्म पर अतीत से हमला होता रहा है। सनातन धर्म की रीढ़ होने के कारण ब्राह्मणों को समय-समय पर अत्याचार का सामना करना पड़ा, फिर भी समाज के लोगों ने अपने दायित्व का निर्वहन किया। उपरोक्त उद्गार पूर्व शिक्षा मंत्री एवं विप्र शिरोमणि पंडित रामबिलास शर्मा ने श्री गौड़ ब्राह्मण सभा द्वारा भूमि



पूजन समारोह में उपस्थित हजारों विप्र जनों के सम्मुख व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि ब्राह्मणों ने हमेशा समाज को संस्कार देते हुए उसे मजबूती प्रदान करने के लिए हमेशा कार्य किया। उन्होंने कहा कि अन्याय के खिलाफ भगवान परशुराम ने अपने शस्त्र का इस्तेमाल करते हुए धरती को पापियों से मुक्त कराया। श्री शर्मा ने आगे कहा कि आज श्री गौड़ ब्राह्मण सभा जिला महेंद्रगढ़ जिस गौरवशाली स्थान पर खड़ी है उसके पीछे उससे जुड़े आजीवन सदस्यों तथा पूर्व प्रधानों का बड़ा योगदान रहा है। जिसे भूलाया नहीं जा सकता। उन्होंने सभा से जुड़े अपने संस्मरण सुनाते हुए भूमि क्रय में योगदान देने वाले सभी लोगों के योगदान को सराहा। उन्होंने आह्वान किया कि हमें परशुराम मंदिर बनाने के साथ-साथ ब्राह्मण विद्वान भी तैयार करने होंगे। इसके लिए संस्कृत विद्यालय, आधुनिक लाइब्रेरी बनानी होगी, ताकि वेदपाठी युवा ब्राह्मण बनाए जा सके। हमें देश की रक्षा के लिए अपने युवाओं को शस्त्र शिक्षा दिलाने के लिए तथा समाज सुदामा विद्या धर प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि आज देश एक बार फिर संकट के दौर से गुजर रहा है। पहलगाम हमले के बाद स्थिति पर बोलते हुए उन्होंने उपस्थित समाज से अनुरोध किया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करने के लिए प्रस्ताव पारित करें।

## 199 पेटी अवैध शराब से भरी गाड़ी सहित आरोपी काबू

**गुरुग्राम।**अपराध शाखा ने चेकिंग के दौरान अवैध शराब से भरी 01 पिकअप गाड़ी सहित गाड़ी चालक अजय को केएमपी फ्लाईओवर के नीचे फर्रुखनगर-गुरुग्राम रोड से काबू करने में सफलता हासिल की। पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त आरोपी के कब्जे से 199 पेटी अवैध देशी शराब बरामद करने पर उसके खिलाफ थाना में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी से पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि इसके कब्जा से बरामद हुई गाड़ी व इसमें भरी हुई शराब को बहादुरगढ़ से गुरुग्राम ले जाया जाना था, परन्तु पुलिस ने इसे शराब से भरी गाड़ी सहित पहले ही पकड़ लिया।

# दिल्ली के हारे हुए सीएम के इशारे पर हरियाणा के पानी को रोकना गलत : सांसद धर्मबीर

### अब समय आ गया है पानी का विषय केंद्र के पास हो: सांसद धर्मबीर

एजेंसी

**मंडी अटेली।** भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा के सांसद चौधरी धर्मबीर ने कहा है कि पंजाब सरकार की ओर से भाखड़ा डैम पर सिक्योरिटी लगाकर हरियाणा का पानी रोक ना सरासर गलत है। फेडरल समझौते में पंजाब द्वारा पानी को रोकना, दिल्ली के हारे हुए मुख्यमंत्री के इशारे पर हो रहा है। अब समय आ गया है कि पानी का विषय केंद्र के अधीन होना चाहिए। जिस प्रकार हवा, पानी प्रकृति के अनुरूप होता है, इनको अपने प्रवाह के अनुसार चलने देना चाहिए।

पानी के विवादों को खत्म करने के लिए संसद में दो बार सर्वसम्मति बनी है कि यह विषय केंद्र के पास हो। सांसद अटेली स्थित कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव के कार्यालय पर नारनौल जाते समय एक घंटे के करीब ठहरे तथा लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निवारण करने का भरोसा दिया। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह के पीए विकास यादव के सांसद



धर्मबीर का स्वागत अभिनंदन कर केंद्र से जुड़े मसलों को संसद के समक्ष रखा। सांसद धर्मबीर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जातिवार गणना के देरी पर कहा कि सही समय आने पर केंद्र सरकार द्वारा जातिवार गणना का निर्णय लिया है। जातिवार गणना होने से हर जाति की गणना के साथ हर व्यक्ति के पास संसाधनों की गिनती भी होगी। इससे सटीक तथ्य मिलने पर देश के विकास में गति तेज होगी। एक प्रश्न के उतर में सांसद ने कहा कि अगर अटेली क्षेत्र के लोगों द्वारा सीएसडी कैंटीन खोलने के लिए मांग पत्र आता है तो उसको सिरे चढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब से भाजपा नीत सरकार केंद्र में सत्ताशीन हुई है तब से प्रदेश में नेशनल हाईवे, मेडिकल सुविधा सहित दूसरे आधारभूत ढांचे की बढ़ोतरी हुई है। सांसद ने गांव बेगपुर में गत वर्ष जनसंवाद में घोषित मांग पत्र को गांव के सरपंच द्वारा रिमाइंडर लिया। इसके अलावा गांव गणियार में कूड़े के ट्रैक्टर ट्राली की मांग को भी अपने संग लेकर क्रियान्वयन करने का भरोसा दिया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन अशोक यादव, बेगपुर के सरपंच रणबीर, बाबूलाल मुंडिया खेड़ा, विनोद कटकई, मुकेश प्रधान, प्रदीप तिगरा, डीके धन्नौदा, राजपाल नावदी, भूपेश कटारिया आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## पुलिस ने जिलेभर में सीलिंग प्लान के तहत नाकाबंदी कर वाहनों की चेक किया

एजेंसी

**नारनौल।** पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के निर्देशानुसार महेंद्रगढ़ पुलिस ने आज शाम को जिलेभर में एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना, संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाना और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना था।

पुलिस टीमों ने विभिन्न नाकों पर बैरिकेड लगाकर वाहनों की गहनता से जांच की। इस दौरान दोपहिया वाहन, चार पहिया वाहन और अन्य प्रकार के वाहनों को रोककर उनके कागजात, जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट और बीमा आदि की जांच की गई। साथ ही, वाहनों में संदिग्ध वस्तुओं की तलाश भी की गई। इस विशेष चेकिंग अभियान के दौरान, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कई वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें बिना हेलमेट या सीट बेल्ट के वाहन चलाने, बिना नंबर प्लेट वाहन चलाने, बिना वैध कागजात के वाहन चलाने और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले शामिल थे। पुलिस ने मौके पर ही



चालान काटे और कुछ मामलों में वाहनों को जब्त भी किया। महेंद्रगढ़ जिला पुलिस द्वारा किसी भी आपात स्थिति से निपटने,आरररपराध को अंजाम देकर भागने वाले अपराधी को पकडने व अपराधों की रोकथाम के लिए तुरंत कार्रवाई के लिए सीलिंग प्लान के तहत जिले भिन्न-भिन्न स्थानों पर नाके लगाकर चैकिंग की गई। सीलिंग प्लान के तहत पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर चेकिंग लगाकर वाहनों को चेक किया। इस दौरान पुलिस ने वाहन के पेपर, चालक का डीएल, नंबर प्लेट और वाहनों की डिग्गी आदि की चेकिंग की। चेकिंग के दौरान कुछ वाहन बिना नंबर प्लेट के भी मिले, जिनकी सघनता से चैकिंग की गई।

## रिटायर्ड फौजी अधिकारी का अज्ञात चोर बैंग लेकर हुआ फरार

**महेंद्रगढ़।** शहर के सिनेमा रोड पर रिटायर्ड फौजी अधिकारी का अज्ञात चोर बैंग का उठाकर फरार हो गया हैं। रिटायर्ड फौजी अधिकारी के बैंग में 30 हजार रुपये की नकदी जरूरी कागजात थे। पीड़ित ने सिटी पुलिस थाने में शिकायत देकर रुपये बरामद करने तथा चोर को पकडने की मांग की हैं। पुलिस ने केस दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। गांव खातोद निवासी उमराव सिंह (80), जो भारतीय थल सेना से जूनियर कमीशन अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। उमराव सिंह ने बताया कि एक अप्रैल को वह पंजाब नेशनल बैंक की सिनेमा रोड शाखा से 30 हजार रुपये निकालकर एक स्थानीय डॉक्टर के पास चेकअप के लिए गए थे। मेडिकल काउंटर पर रखे उनके बैग को एक युवक उठाकर फरार हो गया। घटना मेडिकल स्टोर के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित का कहना है कि जब वह बैंक से पैसे निकालकर आ रहे थे, तभी से एक युवक उनका पीछा कर रहा था। संभावना है कि वहीं व्यक्ति बैग की चोरी में शामिल है।

# एक दिन की बारिश ने खोली सरकार की अनाज मंडियों में समुचित प्रबंधों की पोल : कुमारी सैलजा

एजेंसी

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की अनाजमंडियों में सरकार की ओर से कैसी व्यवस्था की गई है कि इसकी पोल एक ही दिन की बारिश ने खोलकर रख दी है। समय पर उठान न होने के कारण मंडी में गेहूं बारिश में भीगकर खराब हो रहा है। आखिर इसके लिए जिम्मेदार कौन होगा, बारिश से गेहूं खराब होने को लेकर किसानों और आढ़तियों में भारी रोष है क्योंकि भीगने से गेहूं की गुणवत्ता घटेगी, तो उसका नुकसान या तो किसानों को झेलना पड़ेगा या फिर व्यापारियों को जबकि तुलाई के बाद किसान की जिम्मेदारी खत्म हो जाती है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि अनाजमंडियों में व्यापक प्रबंध न होने पर उनकी ओर से पहले भी कई बार यह मुद्दा उठाया था कि सरकार द्वारा मंडियों की सुध ली जा रही है जिससे पूरा उठान भी नहीं हो पा रहा है। अब जब किसानों की मेहनत बर्बाद हो रही है, क्या किसी की कोई जवाबदेही तय होगी? भाजपा सरकार बिना देरी के इस व्यवस्था को सुधारे ताकि मंडियों में पड़ा अनाज यूं ही खराब न हो। समय पर उठान न होने के कारण अनाजमंडियों में गेहूं बारिश में भीगकर खराब हो रहा है। एक दिन की बारिश में ही भाजपा सरकार के तमाम दावों की पोल खुल गई। इसे लेकर किसानों और व्यापारियों में गुस्सा हैं। हर बार बरसात में ऐसा ही होता है, लेकिन प्रशासन सिर्फ खानापूर्ति करता है। अब जब गेहूं की गुणवत्ता घटेगी, तो उसका नुकसान या तो किसानों को झेलना पड़ेगा या फिर व्यापारियों को। सरकार की लापरवाही से जो अनाज खराब हुआ है, उसका उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए।

## वित्तीय अनियमितता को रोकने में सेबी की मदद के लिए शोध पत्र तैयार करेगा: आईसीएआई

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** चार्टर्ड अकाउंटेंट की शीर्ष इकाई भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) के अध्यक्ष चरणजोत सिंह नंदा ने कहा कि आईसीएआई वित्तीय धोखाधड़ी से निपटने में बाजार नियामक सेबी की मदद के लिए एक शोध पत्र तैयार करेगा। श्री नंदा ने आज यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आईसीएआई ने वित्तीय धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों को देखते हुए एक अहम निर्णय लिया है। आईसीएआई एक विशेष कार्य समूह (वर्किंग ग्रुप) बनाएगा, जो इन धोखाधड़ी मामलों से निपटने की रणनीति तैयार करेगा। यह समूह धोखाधड़ी को रोकने को लेकर भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के साथ चर्चा करेगा। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर उनकी हाल ही में सेबी के तुहिन कांत पांडे के साथ बैठक हुयी है। उन्होंने बताया कि हाल के वर्षों में भारतीय शेयर बाजारों में खुदरा निवेशकों की भागीदारी काफी बढ़ी है, लेकिन इसके साथ ही वित्तीय हेराफेरी, शेयरों की कीमतों में हेरफेर जैसे मामलों में भी इजाफा भी हुआ है। ऐसे में जरूरी हो गया है कि आम निवेशकों की सुरक्षा और जागरूकता के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उन्होंने बताया कि आईसीएआई और सेबी मिलकर इस दिशा में काम करेंगे, ताकि निवेशकों का भरोसा बाजार में बना रहे और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को समय रहते रोका जा सके।

## एसबीआई का चौथी तिमाही में मुनाफा 10 प्रतिशत घटा

**मुंबई।** देश के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने मार्च 2025 को समाप्त चौथी तिमाही में 18643 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 20698 करोड़ रुपये के लाभ की तुलना में 9.93 प्रतिशत कम है। बैंक ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद यहां जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में उसने 70901 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 61077 करोड़ रुपये के लाभ की तुलना में 16.08 प्रतिशत अधिक है। उसने कहा कि मार्च 2025 में समाप्त तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय 42775 करोड़ रुपये रही है जो मार्च 2024 को समाप्त तिमाही की 41655 करोड़ रुपये की आय की तुलना में 2.69 प्रतिशत अधिक है। मार्च 2025 में समाप्त वित्त वर्ष में उसकी शुद्ध ब्याज आय 166965 करोड़ रुपये रही जो इससे पिछले वित्त वर्ष की 159876 करोड़ रुपये की आय की तुलना में 4.43 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने कहा कि चौथी तिमाही में नुकसान की भरपाई के लिए 3964 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है जो मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में किये गये 3294 करोड़ रुपये के प्रावधान की तुलना में 20.35 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह से मार्च 2025 में समाप्त वित्त वर्ष में बैंक ने इस मद में 14418 करोड़ रुपये का प्रावधान किया जो पिछले वित्त वर्ष में किये गये 9518 करोड़ रुपये के प्रावधान की तुलना में 51.49 प्रतिशत अधिक है।

## आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक सहित चार बैंकों पर 1.91 करोड़ रुपये का जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एक्सिस बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और आईडीबीआई बैंक पर अलग अलग मामलों में कुल मिलाकर 1.91 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने आज देर शाम जारी बयान में कहा कि आईसीआईसीआई बैंक पर 'बैंकों में साइबर सुरक्षा ढांचे', 'अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी)', और 'क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड - जारी करना और आचरण' पर आरबीआई द्वारा जारी कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए 97.80 लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 46(4)(आई) के साथ धारा 47ए(1)(सी) के प्रावधानों के तहत आरबीआई को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लगाया गया है। इसी तरह से केन्द्रीय बैंक ने एक्सिस बैंक लिमिटेड पर 'आंतरिक/कार्यालय खातों के अनधिकृत संचालन' पर आरबीआई द्वारा जारी कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए 29.60 लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 46(4)(आई) के साथ धारा 47ए(1)(सी) के प्रावधानों के तहत आरबीआई को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लगाया गया है।

## पाकिस्तान से वस्तुओं के आयात/ट्रांजिट पर रोक के निर्णय का कैट ने किया स्वागत

**नयी दिल्ली।** खुदरा व्यापारियों के शीर्ष संगठन कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने भारत सरकार की ओर से पाकिस्तान से निर्यातित या पाकिस्तान में उत्पन्न किसी भी वस्तु के प्रत्यक्ष या परोक्ष आयात और परिवहन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के साहसी और निर्णायक कदम का हार्दिक स्वागत किया है। संगठन ने कहा, यह निर्णय एक सशक्त और स्पष्ट संदेश देता है कि पाकिस्तान की ओर से निरंतर शत्रुतापूर्ण गतिविधियों और भारत विरोधी रुख के बीच व्यापारिक एवं आर्थिक संबंध नहीं बनाए जा सकते। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं दिल्ली के चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने एक बयान में कहा कि यह कदम न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा हितों के अनुरूप है, बल्कि देश के व्यापारिक समुदाय और आम नागरिकों की भावना का भी सम्मान करता है।

# भारत अंगोला को देगा 20 करोड़ डॉलर का रक्षा ऋण

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत अंगोला के सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण के लिए 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रक्षा ऋण देगा। दोनों देशों के नेताओं के बीच आज हुई द्विपक्षीय वार्ता के बाद इसकी घोषणा की गई। दोनों देशों ने आतंकवादियों और उनके समर्थकों के खिलाफ दृढ़ और निर्णायक कार्रवाई की प्रतिबद्धता जताई है। साथ ही स्वास्थ्य सेवा, हीरा प्रसंस्करण, उर्वरक और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्रों में आपसी सहयोग को मजबूत करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हैदराबाद हाउस में अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंसाल्वेस लौरेंको के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा 38 वर्षों के बाद अंगोला के राष्ट्रपति की भारत यात्रा से दोनों देशों के संबंधों को नई दिशा मिल रही है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष, भारत और अंगोला अपने राजनयिक संबंधों की 40वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी है कि अंगोला की सेनाओं के



आधुनिकीकरण के लिए 200 मिलियन डॉलर की डिफेन्स क्रेडिट लाइन को स्वीकृति दी गई है। रक्षा प्लेटफॉर्म्स के सुधार, बदलाव और सप्लाई पर भी बात हुई है। अंगोला की सशस्त्र सेनाओं की ट्रेनिंग में सहयोग करने में हमें खुशी होगी। उन्होंने कहा कि हम एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति राष्ट्रपति लोरेंसू और अंगोला की संवेदनाओं के लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। हम आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ दृढ़ और निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में अंगोला के समर्थन के लिए आभार व्यक्त करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी कर रहे हैं। भारत अंगोला से तेल और गैस के सबसे बड़े खरीदारों में से एक है। हमने अपनी ऊर्जा साझेदारी को बढ़ाने का फैसला किया है। हम अंगोला के साथ डिजिटल पब्लिक इन्फ्रा, स्पेस टेक और क्षमता निर्माण में अपने अनुभव साझा करेंगे। हमने स्वास्थ्य सेवा, हीरा प्रसंस्करण, उर्वरक और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्रों में अपने संबंधों को मजबूत करने का भी निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि हम भारत और अंगोला के बीच युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम शुरू करने जा रहे हैं ताकि लोगों के बीच आपसी संबंध बेहतर हो सकें। हम अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन में शामिल होने के अंगोला के फैसले की सराहना करते हैं। 140 करोड़ भारतीयों की ओर से, मैं अंगोला को 'अफ्रीकन यूनियन' की अध्यक्षता के लिए शुभकामनाएं देता हूं। हमारे लिए यह गौरव की बात है कि भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान 'अफ्रीकन यूनियन' को जी-20 की स्थायी सदस्यता मिली।

# विदेशी मुद्रा भंडार 1.98 अरब डॉलर बढ़कर 688.11 अरब डॉलर पर

**एजेंसी**

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 25 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.98 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 688.12 अरब डॉलर पर पहुंच गया।इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 8.3 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 686.1 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक द्वारा जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 25 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.16 अरब डॉलर की मजबूती के साथ 580.66 अरब डॉलर पर पहुंच गई। आलोच्य सप्ताह एसडीआर 2.1 करोड़ डॉलर की तेजी लेकर 18.58 अरब डॉलर हो गया। इस अवधि में आईएमएफ के




पास आरक्षित निधि में 20 लाख डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह पिछले सप्ताह के मुकाबले बढ़कर 4.51 अरब डॉलर पर पहुंच गई। हालांकि इस दौरान स्वर्ण भंडार में 20.7 करोड़ डॉलर की कमी आयी और यह घटकर 84.36 अरब डॉलर पर आ गया।

# पिछले 10 साल के प्रदर्शन के आधार पर मई में शेयर बाजार में मजबूती की उम्मीद

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में पिछले कुछ समय से लगातार उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में बनी अनिश्चितता की स्थिति, अमेरिका में मंदी की आशंका और दुनिया के कई हिस्सों में जारी जियो-पॉलिटिकल टेंशन के कारण दुनिया के ज्यादातर स्टॉक मार्केट प्रभावित हुए हैं। इसी क्रम में भारतीय शेयर बाजार भी जबरदस्त उतार-चढ़ाव का शिकार हुआ है। इसके बावजूद पिछले 10 साल के प्रदर्शन के आधार पर माना जा रहा है कि मई का महीना घरेलू शेयर बाजार के लिए बेहतर साबित हो सकता है। पिछले 10 साल के परफॉर्मेंस को देखा जाए तो नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी मई के महीने में छह बार मासिक आधार पर मजबूत के साथ हरे निशान में बंद हुआ है। इस दौरान निफ्टी का एवरेज रिटर्न 1.5 प्रतिशत रहा है, जबकि मीडियम रिटर्न 1.9 प्रतिशत के करीब रहा है। जेएम फाइनेंशियल की एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले 10 साल की अवधि में निफ्टी के मिडकैप इंडेक्स ने भी मई महीने के



दौरान छह बार मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार का अंत किया। हालांकि मिडकैप इंडेक्स के शेयरों का एवरेज रिटर्न 0.4 प्रतिशत रहा, जबकि मेडियन रिटर्न 1.2 प्रतिशत रहा। सेक्टोरल परफॉर्मेंस की बात करें, तो मई के महीने में एफएमसीजी और ऑटोमोबाइल सेक्टर ने पिछले 10 साल के दौरान सबसे बेहतर प्रदर्शन किया। निफ्टी के ऑटोमोबाइल इंडेक्स ने 10 साल में से 8 बार मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार का अंत किया। इस दौरान ऑटोमोबाइल इंडेक्स में शामिल शेयरों ने 3.9 प्रतिशत का एवरेज रिटर्न दिया, जबकि मीडियम रिटर्न 4.9 प्रतिशत का रहा। इसी तरह एफएमसीजी इंडेक्स ने भी 10 साल में से 8 बार मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार का अंत किया। इस दौरान एफएमसीजी इंडेक्स में शामिल शेयरों ने 3 प्रतिशत का एवरेज रिटर्न दिया, जबकि मीडियम रिटर्न 2.6 प्रतिशत का रहा। इन दोनों सेक्टर्स के अलावा बैंक और फाइनेंशियल सेक्टर 10 साल में से सात बार मजबूती के साथ में बंद हुए। इस दौरान इन दोनों सेक्टर्स में शामिल शेयरों ने 2.5 प्रतिशत का एवरेज रिटर्न दिया।

# आईजीएल ने ग्राहकों को दिया झटका, सीएनजी की कीमत में बढ़ोतरी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) को एक बार फिर महंगा कर दिया है। कंपनी ने आज सीएनजी की कीमत में प्रति किलोग्राम एक रुपये की बढ़ोतरी कर दी। कीमत में हुई बढ़ोतरी के बाद अब राजधानी दिल्ली में 1 किलोग्राम सीएनजी की कीमत 77.09 रुपये हो गई है, जबकि पहले इसकी कीमत 76.09 रुपये प्रति किलोग्राम थी। आईजीएल की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार कीमत में बढ़ोतरी होने के बाद दिल्ली के अलावा नोएडा में सीएनजी 85.70 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर मिल रहा है?। इसी तरह गाजियाबाद में भी सीएनजी की कीमत 85.70 रुपये प्रति किलोग्राम है। इसके अलावा गुरुग्राम में सीएनजी 83.12 रुपये प्रति किलोग्राम, कानपुर में 89.92 रुपये प्रति किलोग्राम और मेरठ में 87.08 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर मिल रहा है। उल्लेखनीय की दिल्ली




के अलावा हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में सीएनजी की मार्केटिंग का काम इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) के पास है। आईजीएल द्वारा की जाने वाली सीएनजी की बिक्री में दिल्ली की हिस्सेदारी सबसे अधिक है। आईजीएल की कुल बिक्री में 70 प्रतिशत सीएनजी दिल्ली में बिकती है, जबकि शेष 30 प्रतिशत सीएनजी यूपी या हरियाणा के अलग-अलग शहरों में बिकती है।

# मेट्रो ट्रेनों में कार्गो कम्पार्टमेंट जोड़ने से शहरों में व्यापार दक्षता बढ़ेती : केंद्रीय मंत्री

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि मेट्रो ट्रेन में कार्गो कम्पार्टमेंट जोड़ने से शहरों में व्यापार दक्षता बढ़ेगी। राष्ट्रीय राजधानी में भारत मंडपम में दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के 31वें स्थापना दिवस पर बोलते हुए मंत्री ने कहा कि आम नागरिक के दैनिक जीवन में दिल्ली मेट्रो की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि आसान, विश्वसनीय और सुरक्षित आवागमन प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है और दिल्ली मेट्रो जैसी शहरी परिवहन प्रणालियां शहरी जीवन का अनिवार्य हिस्सा बन गई हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2047 तक भारत की लगभग 50 प्रतिशत आबादी शहरी क्षेत्रों में निवास करेगी, जिससे आज शहरी मोबिलिटी इन्फ्रास्ट्रक्चर की योजना बनाना और उसे मजबूत करना अनिवार्य हो गया है। उन्होंने मेट्रो ट्रेनों में माल कार्गो कम्पार्टमेंट को जोड़ने का दूरदर्शी विचार शेयर करते हुए कहा कि इससे छोटे व्यवसायी, विक्रेता और फेरीवाले शहर भर में अपने सामान को आसानी से यात्रा कर सकेंगे। यह एक ऐसा कदम




है जिससे समय की बचत होगी,ऊर्जा की खपत कम होगी और शहरी श्रमिक वर्ग के लिए व्यावसायिक दक्षता बढ़ेगी। केंद्रीय मंत्री के मुताबिक देश के सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप मेट्रो परिचालन में हरित और नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों को एकीकृत करना आवश्यक है।

उन्होंने दोहराया कि मेट्रो प्रणाली भारत के हर शहर की जीवन रेखा होगी और उनका निरंतर विस्तार और आधुनिकीकरण स्मार्ट, समावेशी और भविष्य के लिए तैयार शहरी केंद्रों के निर्माण की कुंजी है। कार्यक्रम के दौरान, संगठन में उनके योगदान के लिए व्यक्तियों और टीमों को डीएमआरसी के वार्षिक पुरस्कार प्रदान किए गए। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी इस अवसर पर दिल्ली मेट्रो को बधाई दी। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान कहा, दिल्ली मेट्रो ने लोगों के दिलों में जो जगह बनाई है, वह वास्तव में जीवन रेखा से कम नहीं है। जब कोई यात्री दिल्ली मेट्रो में प्रवेश करता है तो उसे 'अच्छा महसूस' होता है। वे इसे साफ रखते हैं और नियमों का पालन भी करते हैं। इससे व्यवहार में भी बदलाव आया है।

# खाद्य तेलों और दाल दलहन में मिश्रित रूख

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** विदेशी बाजारों के मिलेजुले रूख के बीच स्थानीय स्तर पर चुनिंदा जिंसों में मांग निकलने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों और दाल दलहन में मिश्रित रूख देखा गया जबकि अनाज और मीठे के बाजार में टिकाव रहा। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा सप्ताहांत पर 13 रिंगिट बढ़कर 4145 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 3.57 सेंट की तेजी के साथ 51.03 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान सरसों तेल 366 रुपये और पाम ऑयल में 366 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में नरमी देखी गयी। मूंगफली तेल 733 रुपये, सूरजमुखी तेल 219 रुपये, सोया रिफाइंड 110



रुपये और वनस्पति तेल 368 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। सप्ताहांत पर सरसों तेल 15751 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 18314 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16484 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 14725 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13919 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16116 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

# मई की शुरुआत में एफआईआई ने खरीदारी का जोर दिखाया, डीआईआई ने भी जमकर की लिवाली

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों ने मई के महीने की शुरुआत जोरदार खरीदारी करके की है। इस महीने के पहले कारोबारी दिन विदेशी निवेशकों ने स्टॉक मार्केट में 2,770 करोड़ रुपये की खरीदारी की। इस तरह घरेलू शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की खरीदारी लगातार 12वें सत्र में भी जारी रही। पहले कारोबारी दिन घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने जमकर खरीदारी की। स्टॉक मार्केट के प्रोविजनल आंकड़ों के मुताबिक 2 मई को डीआईआई ने घरेलू शेयर बाजार में 3,291 करोड़ रुपये की शुद्ध खरीदारी की। साल 2025 की पहली तिमाही यानी जनवरी से मार्च के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों ने घरेलू शेयर बाजार में 1.29 लाख करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की थी। इस बिकवाली के कारण शेयर बाजार को जबरदस्त गिरावट का सामना करना पड़ा था। हालांकि अप्रैल में इस स्थिति में परिवर्तन हुआ। अमेरिका द्वारा टैरिफ वॉर में नरमी का संकेत देने के कारण ग्लोबल मार्केट के साथ-साथ भारतीय शेयर बाजार के सेंटिमेंट्स में भी बदलाव हुआ, जिसकी वजह से विदेशी निवेशकों ने बिकवाली का रास्ता छोड़ कर खरीदारी शुरू कर दी। अब मई के महीने में भी घरेलू शेयर बाजार में एफआईआई की खरीदारी जारी रहने की उम्मीद जताई जा र ही है। जडिपॉजिटरी के प्रोविजनल आंकड़ों के अनुसार 2मई के कारोबारी सत्र में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 18,130 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। वहीं, पूरे दिन के कारोबार में उन्होंने 15,360 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री भी की। इस तरह विदेशी निवेशकों ने शुद्ध रूप से 2,770 करोड़ रुपये की खरीदारी की। इसी तरह घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 2 मई के कारोबारी सत्र के दौरान 13,906 करोड़ रुपये के शेयरों की खरीदारी की। वहीं, 10,615 करोड़ रुपये के शेयरों की बिकवाली की। इस तरह डीआईआई की शुद्ध खरीदारी 3,291 करोड़ रुपये की रही। इस साल विदेशी संस्थागत निवेशक ओवरऑल बिकवाल की भूमिका निभाते रहे हैं। इस अवधि में उन्होंने 1.34 लाख करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिक्री की है।

दूसरी ओर, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने इस साल की शुरुआत से लेकर अभी तक 2.10 लाख करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की है। जहां तक स्टॉक मार्केट के कारोबारी प्रदर्शन की बात है तो शुक्रवार को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह के बाद भारतीय शेयर बाजार ने लगातार तीसरे सप्ताह भी अपनी बढ़त का सिलसिला जारी रखा। दिसंबर 2024 के बाद पहली बार घरेलू शेयर बाजार लगातार 3 सप्ताह तक बढ़त का सिलसिला बनाए रखने में सफल हुआ। इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक हर सप्ताह औसतन एक प्रतिशत की रफ्तार से मजबूत हुए हैं।

# डॉ. पूनम गुप्ता बनी आरबीआई की डिप्टी गवर्नर

**एजेंसी**

**मुंबई।** डॉ. पूनम गुप्ता ने भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर का पदभार संभाल लिया है।भारत सरकार ने 02 अप्रैल, 2025 को उन्हें पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, के लिए डिप्टी गवर्नर के पद पर नियुक्त किया था। डिप्टी गवर्नर के रूप में, डॉ. गुप्ता मौद्रिक नीति विभाग, वित्तीय बाजार परिचालन विभाग, आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग, वित्तीय स्थिरता विभाग, अंतर्राष्ट्रीय विभाग, सांख्यिकी और सूचना प्रबंधन विभाग, कॉर्पोरेट रणनीति और बजट विभाग और संचार विभाग का कार्यभार संभालेंगी। इस नियुक्ति से ठीक पहले, डॉ. गुप्ता नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) की महानिदेशक थीं, जो आर्थिक विकास, अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय वास्तुकला, केंद्रीय बैंकिंग, मैक्रो आर्थिक स्थिरता, सार्वजनिक ऋण और राज्य वित्त से संबंधित मुद्दों पर काम करती थीं। उन्होंने प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य




और 16वें वित्त आयोग की सलाहकार परिषद के संयोजक के रूप में भी काम किया। एनसीएईआर में शामिल होने से पहले डॉ. गुप्ता ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक में करीब दो दशकों तक वरिष्ठ पदों पर काम किया था। डॉ. गुप्ता ने दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड (यूएसए) में भी पढ़ाया और भारतीय सांख्यिकी संस्थान (आईएसआई), दिल्ली में विजिटिंग फैकल्टी के रूप में भी काम किया। वह नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी (एनआईपीएफपी) में आरबीआई चेयर प्रोफेसर और इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकोनॉमिक रिलेशंस (आईसीआरआईईआर) में प्रोफेसर रही हैं। डॉ. गुप्ता ने कई शोध पत्र प्रकाशित किए हैं और एक संपादित पुस्तक इमर्जिंग जायंट्सः चाइना एंड इंडिया इन द वर्ल्ड इकोनॉमी लिखी है। डॉ. गुप्ता ने यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड, अमेरिका से अर्थशास्त्र में मास्टर डिग्री और पीएचडी की है, और दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, दिल्ली विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में मास्टर डिग्री की है।

# पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली**। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार चढ़ाव के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72



रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 1.45 प्रतिशत उतरकर 58.38 डॉलर प्रति बैरल पर रहा जबकि लंदन ब्रेंट क्रूड 0.26 प्रतिशत की तेजी के साथ 61.45 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

# अगले सप्ताह दो नए आईपीओ की लॉन्चिंग, पांच शेयरों की होगी लिस्टिंग

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** मई से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में दो नए आईपीओ लॉन्च होने वाले हैं। ये दोनों आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। इसके अलावा पिछले सप्ताह लॉन्च हुए दो आईपीओ में भी इस सप्ताह छह मई यानी मंगलवार तक बोली लगाई जा सकेगी। जहां तक लिस्टिंग की बात है तो इस सप्ताह एथर एनर्जी समेत पांच कंपनियों के शेयर लिस्ट होकर स्टॉक मार्केट में कारोबार की शुरुआत करेंगे। श्रीगी डीएलएम लिमिटेड का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में सात मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 94 से 99 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है।

कंपनी के शेयरों का अलॉटमेंट आठ मई को किया जाएगा, वहीं इनकी लिस्टिंग बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 12 मई को होगी।पांच मई को ही मनोज ज्वेलर्स का 16.20 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में भी सात मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 54 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 2,000 शेयर का है। कंपनी के शेयरों का अलॉटमेंट आठ मई को किया जाएगा, जबकि इनकी लिस्टिंग बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 12 मई को होगी।इनके अलावा पिछले सप्ताह 29 अप्रैल को खुले केनरिक इंडस्ट्रीज के 8.75 करोड़ रुपये के आईपीओ में छह मई तक आवेदन किया जा सकता है। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 25 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 6,000 शेयर का है। कंपनी के शेयरों का अलॉटमेंट सात मई को होगा,




जबकि इनकी लिस्टिंग नौ मई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर होगी। इसी तरह दो मई को खुले वैगन्स लर्निंग के 38.38 करोड़ रुपये के आईपीओ में भी छह मई तक आवेदन किया जा सकता है। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 78 से 82 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,600 शेयर का है। कंपनी के शेयरों का अलॉटमेंट सात मई को होगा, वहीं इनकी लिस्टिंग नौ मई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर होगी। पांच मई से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान पांच कंपनियां के शेयर स्टॉक मार्केट में लिस्टिंग के जरिए कारोबार की शुरुआत करेंगे। सबसे पहले मंगलवार छह मई को आईवरे सप्लाई चेन सर्विसेज के शेयर एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। इसी दिन एथर एनर्जी के शेयरों की लिस्टिंग बीएसई और एनएसई पर होगी। इसके अगले दिन सात मई को अरुणाया ऑर्गेनिक्स के शेयर और एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। इनके अलावा नौ मई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर केनरिक इंडस्ट्रीज और वैगन्स लर्निंग के शेयर लिस्ट होंगे।

## पूर्वोत्तर को मिला खेलों का नया तोहफा, अरुणाचल प्रदेश के कामले जिले में बना 'खेलो इंडिया मल्टीपरपज हॉल'

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर भारत के खेल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने अरुणाचल प्रदेश के कामले जिले में 'खेलो इंडिया मल्टीपरपज हॉल' का उद्घाटन किया। इस मौके पर राज्य के मंत्री केंटो जिनी और न्यातो डुकम के साथ-साथ विधायक रोटॉम तेबिन भी मौजूद रहे। इस अवसर पर डॉ. मांडविया ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस विजन को दर्शाती है कि देश के हर कोने की प्रतिभा को पहचान मिलनी चाहिए। अरुणाचल प्रदेश के युवाओं में असीम संभावनाएं हैं और इस प्रकार की सुविधाओं से वे खेलों में देश का नाम रोशन करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने स्थानीय युवाओं और खिलाड़ियों से बातचीत भी की और उन्हें इस सुविधा का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने युवाओं से फिटनेस, खेल और अनुशासन को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। इस कार्यक्रम में भारतीय खेल प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी, राज्य सरकार के प्रतिनिधि और कई स्थानीय गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। यह आधुनिक मल्टीपरपज हॉल केंद्र सरकार द्वारा पूरी तरह वित्तपोषित है और इसकी लागत 8 करोड़ रुपये है।

## सुदीरमन कप 2025 : डिफेंडिंग चैंपियन चीन ने जापान को 3-0 से हराकर फाइनल में बनाई जगह

**बीजिंग।** सुदीरमन कप 2025 में डिफेंडिंग चैंपियन चीन ने जापान को 3-0 से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। इस शानदार जीत के साथ चीन अब रिकॉर्ड 14वें खिताब के बेहद करीब पहुंच गया है। घरेलू दर्शकों के सामने खेले गए इस मुकाबले में चीन ने हर मुकाबले में अपना दबदबा दिखाया।चीन के वर्ल्ड नंबर 2 मिक्स्ड डबल्स जोड़ी फेंग यांझे और हुआंग डोंगपिंग ने मुकाबले की दमदार शुरुआत करते हुए जापान के हिरोकी मिदोरिकावा और अरिसा इगाराशी को 21-11, 21-17 से हराया। इसके बाद टॉप सीड शि यूकी ने पुरुष सिंगल्स में जापान के कोदाई नाराओका को 21-8, 21-16 से आसानी से हराकर चीन को 2-0 की बढ़त दिला दी। महिला सिंगल्स में मुकाबला काफी रोमांचक रहा, जहां जापान की अकाने यामागुची ने पहले गेम में जीत दर्ज कर वापसी की उम्मीद जगाई। हालांकि चीन की चेन युफेई ने जबरदस्त वापसी करते हुए 17-21, 21-9, 21-16 से जीत हासिल की और चीन को क्लीन स्वीप दिला दिया। 13 बार की विजेता चीन अब फाइनल में साउथ कोरिया और 1989 की चैंपियन इंडोनेशिया में से किसी एक से भिड़ेगी। इन दोनों टीमों के बीच सेमीफाइनल मुकाबला शाम खेला जाना है।

## वो कागज पैन लेकर मीटिंग में आता है... दिनेश कार्तिक ने की यश दयाल की तारीफ

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की चिन्नास्वामी में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ महज 2 रन की जीत को यश दयाल ने साकार कर दिखाया। आखिरी ओवर में जब चेन्नई को महज 13 रन चाहिए थे तो यश ने एक छक्का खाने के बावजूद ओवर में 10 रन ही दिए। अपनी शानदार गेंदबाजी के लिए यश दयाल ने प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड भी जीता। वहीं, आरसीबी के मेंटोर और बल्लेबाजी कोच दिनेश कार्तिक भी उनकी तारीफ करते नजर आए। उन्होंने दयाल के काम करने के तरीके पर बात की। उन्होंने कहा कि यहां शब्द का सही चयन है - काम करने की नैतिकता उसे पता है। वह भारत के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है, युवा क्रिकेटरों में एक बात जो आप देखते हैं वह यह है कि वे पर्दे के पीछे कितनी मेहनत करते हैं, यश एक ऐसा व्यक्ति है जो बहुत मेहनती है, एक कागज लेकर मीटिंग में आता है और वह सब कुछ लिखता है जो वह करना चाहता है। कई बार वह इसमें सफल नहीं होता लेकिन वह प्रयास करता है। कार्तिक ने कहा कि उसके पास हमेशा एक योजना होती है, उसके पास एक विशेष कौशल है और यही एक कारण है कि हमने उसे बनाए रखा।

## शमी की फॉर्म भारत के लिए चिंता का विषय

**मुंबई।** इंग्लैंड के खिलाफ अगले महीने शुरु होने वाले हाई-प्रोफाइल दौरे से पहले अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फॉर्म भारतीय टीम के लिये चिंता का विषय बनी हुयी है। घुटने की चोट के कारण 2023 पुरुष क्रिकेट विश्व कप के बाद एक साल से अधिक समय तक खेल से बाहर रहने वाले शमी ने आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम में वापसी की थी। भारत के अजेय खिताबी अभियान में शमी ने नौ विकेट चटका कर अहम भूमिका अदा की थी। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा का मानना है कि मौजूदा आईपीएल सीजन में 34 वर्षीय शमी का हालिया फॉर्म भारत को इंग्लैंड दौरे के लिए चिंता का विषय बना देगा। चोपड़ा ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा, वह अपनी प्रतिभा के अनुसार प्रदर्शन करने के लिये संघर्ष करते दिख रहें हैं। सही कहूं तो दाएं हाथ का यह तेज गेंदबाज प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी के बाद से कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाया है। यह एक बड़ा सवाल है। वह पिछले हफ़्ते या पिछले महीने चोट से वापस आये हैं। उन्होने पिछले साल घरेलू क्रिकेट खेलना शुरू किया था और अब मई आ चुका है।

# आईपीएल 2025 : रोमांचक मुकाबले में आरसीबी ने सीएसके को 2 रन से हराया

**एजेंसी**

**सिंगापुर।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 52वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पर 2 रन की रोमांचक जीत हासिल की। आरसीबी की टीम 16 अंक के साथ पॉइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंच गई है। यह बेंगलुरु की लगातार चौथी जीत है। जबकि प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी चेन्नई ने लगातार चौथा मैच गंवाया। बेंगलुरु ने उसे इस सीजन के दोनों मैच में हराया। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने 213 रन का स्कोर खड़ा किया। आरसीबी के लिए विराट कोहली और जैकब बैथल ने शानदार शुरुआत की। दोनों ने पहले विकेट के लिए 9.5 ओवर में 97 रन का साझेदारी की। यह जोड़ी बैथन (53 रन) के आउट होने से टूटी। इसके



बाद देवदत्त पडिक्कल (17 रन), कप्तान रजत पाटीदार (11 रन) और जीतेश शर्मा (7 रन) के विकेट जल्दी गिरे। लेकिन दूसरे छोर पर कोहली खेलते रहे और इस आईपीएल सीजन का सातवां अर्धशतक लगाया। हालांकि वो अपनी पारी को ज्यादा दूर नहीं ले जा सके और 62 रन के निजी योग पर आउट हुए। आखिर में रोमारियो शेफर्ड की 14 गेंदों में नाबाद 53 रन की धमाकेदार पारी ने टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचा दिया। टिम डेविड 2 रन बनाकर नाबाद रहे। चेन्नई की ओर से मथीशा पथिराना ने तीन विकेट चटकाए, जबकि नूर अहमद और सैम करन को एक-एक सफलता मिली। वहीं, 214 रन का पीछा करने उतरी चेन्नई की टीम भी रफ्तार की गाड़ी पर सवार रही। टीम को ओपनर आयुष म्हात्रे और शेक राशिद ने तेजी से रन बनाते हुए 4.3 ओवर में टीम का स्कोर 51 तक पहुंचा दिया। हालांकि इसी स्कोर पर टीम को पहला झटका राशिद (14 रन) के तौर पर लगा। इसके बाद सैम करन भी मात्र 5 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। फिर चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए रविंद्र जडेजा ने म्हात्रे का जोरदार साथ दिया। दोनों के बीच 64 गेंदों में 114 रन की साझेदारी हुई। इस बीच म्हात्रे 94 रन बनाकर आउट हो गए। आखिर में डेवाल्ड ब्रेविस (शून्य रन), महेंद्र सिंह धोनी (12 रन) भी ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिके। आखिर में तीन गेंदों पर 13 रन की जरूरत थी तो शिवम दुबे बैटिंग करने आए और पहली गेंद पर 6 रन मारा, जो नो बॉल भी हुई। लेकिन अगली दो गेंदों पर कोई बाउंड्री नहीं आई और चेन्नई लक्ष्य से दो रन दूर रह गई। आरसीबी के लिए लुंगी नगिडी ने तीन बल्लेबाजो को आउट किया। जबकि क्रुणाल पांड्या और यश दयाल को एक-एक सफलता मिली।

## क्रिकेट टूर्नामेंट में संत जेवियर्स की धमाकेदार जीत

**एजेंसी**

**पश्चिम सिंहभूम।** पश्चिम सिंहभूम (चाईबासा) जिला में जारी ज्ञानचंद जैन अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में खेले गए मुकाबले में संत जेवियर्स इंग्लिश स्कूल ने संत विवेका इंग्लिश स्कूल को 103 रनों से करारी शिकस्त दी। इस जीत में बल्लेबाज़ कृपा सिंधु चंदन का अहम योगदान रहा, जो मात्र एक रन से शतक चूक गए। जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में संत जेवियर्स इंग्लिश स्कूल ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी टीम ने 20 ओवरों में 203 रन बनाए और केवल चार विकेट गंवाए। बल्लेबाज़ कृपा सिंधु चंदन ने विस्फोटक अंदाज़ में नाबाद 99 रन बनाए, जिसमें आठ चौके और सात छक्के शामिल थे। उन्होंने पूरे मैदान पर शॉट्स की झड़ी लगा दी और दर्शकों को रोमांचित कर दिया। टीम के अन्य बल्लेबाज़ों ने भी संयमित और आक्रामक बल्लेबाज़ी करते हुए कृपा सिंधु को पूरा सहयोग दिया, जिससे टीम एक मजबूत स्कोर खड़ा कर सकी। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी संत विवेका इंग्लिश स्कूल की टीम शुरुआत से ही दबाव में दिखी। विपक्षी गेंदबाज़ों की धारदार गेंदबाज़ी और अनुशासित फील्डिंग के सामने उनकी एक न चली और पूरी टीम 16.2 ओवर में महज़ 100 रन पर सिमट गई। सबसे बड़ी विफलता यह रही कि उनकी छह बल्लेबाज़ बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गईं। संत जेवियर्स की जीत में गेंदबाज़ों और क्षेत्ररक्षकों की भी अहम भूमिका रही। तेज और सटीक गेंदबाज़ी के साथ-साथ मैदान पर चुस्ती-फुर्ती ने विरोधी टीम को कोई मौका नहीं दिया। मैच के बाद कृपा सिंधु चंदन को उनकी विस्फोटक बल्लेबाज़ी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## ब्रैड हैडिन ने की पंजाब किंग्स के युवा खिलाड़ियों की सराहना, बोले- 'टीम को मिला असली गहराई का फायदा'

**एजेंसी**

**धर्मशाला।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 अब निर्णायक दौर में प्रवेश कर चुका है और पंजाब किंग्स अपनी दूसरी घरेलू लीग की शुरुआत 04 मई को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुकाबले से करेगी। मैच से पहले सहायक कोच ब्रैड हैडिन ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया और टीम के हालिया प्रदर्शन पर संतोष जताया।

ब्रैड हैडिन ने विशेष रूप से युवा खिलाड़ियों के योगदान को सराहा और बताया कि उनकी उपस्थिति से टीम को गहराई मिली है। उन्होंने कहा, हमारे युवा खिलाड़ी अब सामने आकर प्रदर्शन कर रहे हैं, और यही इस सीज़न की सबसे सकारात्मक बात रही है। सीनियर खिलाड़ी तो हमेशा दबाव के पलों में उभरकर आते हैं, लेकिन युवा खिलाड़ियों की भागीदारी ने हमारी टीम को मजबूत आधार दिया हैपंजाब किंग्स इस समय अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है और टीम लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही है। हैडिन ने कहा, ÷इस दौर में उत्साह सबसे जरूरी है। टूर्नामेंट के इस चरण में आप चाहते हैं कि आपकी टीम सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेले और हमने हर मैच के साथ सुधार दिखाया है।उन्होंने पिछले मैच करते हुए हैडिन ने कहा, बोलर्स ने नई इम्पैक्ट प्लेयर नियम के अनुसार रणनीति बनाई है और इसे मैदान पर सही तरह से लागू किया है। इस कारण हम विपक्षी टीमों को सीमित



में टीम की बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए कहा, हमने पिछली बार बल्ले से बहुत ही सटीक प्रदर्शन किया। हमारा लक्ष्य है कि हम धीरे-धीरे और सुधार करते जाएं ताकि अंतिम दौर में हम पूरी ताकत से उतर सकें। गेंदबाजी इकाई की प्रशंसा करने में सफल रहे हैं। स्थानीय दर्शकों के समर्थन पर उन्होंने कहा, धर्मशाला में हमें वही प्यार मिल रहा है जो चंडीगढ़ और मुल्लांपुर में मिला था। यहां के लोग क्रिकेट के लिए बहुत जुनूनी हैं और खिलाड़ियों को यह ऊर्जा मैदान पर मिल रही है।

## दिल्ली में एशिया की टेनिस प्रतिभाओं का जलवा, सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई आईटीएफ अंडर-14 चैंपियनशिप

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली लॉन टेनिस संघ (डीएलटीए) के तत्वावधान में आयोजित 2025 आईटीएफ एशिया अंडर-14 डेवलपमेंट चैंपियनशिप फाइनल्स का भव्य समापन 03 मई को हुआ। यह प्रतिष्ठित दो सप्ताह की चैंपियनशिप 22 अप्रैल से आरंभ होकर 03 मई 2025 तक आयोजित की गई, जिसमें एशिया के 16 देशों और दो ग्रैंड स्लैम टेनिस टूरिंग टीमों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। चीन, चीनी ताइपे, हांगकांग, भारत, इंडोनेशिया, ईरान, कजाकिस्तान, कोरिया, मलेशिया, मालदीव, म्यांमार, थाईलैंड, उज्बेकिस्तान, वियतनाम जैसे देशों से 14 वर्ष से कम आयु के बालक-बालिकाएं और उनके कोच इस चैंपियनशिप में शामिल हुए।

प्रत्येक सप्ताह को एशियाई अंडर-14 रैंकिंग पॉइंट्स के लिए श्रेणी 'ए' टूर्नामेंट के रूप में मान्यता दी गई। इस वर्ष की चैंपियनशिप का विशेष महत्व रहा क्योंकि इसके प्रदर्शन के आधार पर विंबलडन 14 अंडर चैंपियनशिप और यूरोप टूर टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। चार बालक और चार बालिकाओं को इन दोनों प्रतिष्ठित



टीमों के लिए चुना गया। टूर्नामेंट में 32-32 खिलाड़ियों की लड़कों और लड़कियों की एकल एवं युगल स्पर्धाएं आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कंपास ड्रॉ फॉर्मेट अपनाया गया जिससे प्रत्येक खिलाड़ी को हर दिन मैच खेलने का अवसर मिला, चाहे वह जीते या हारे। इस प्रारूप से अंततः सभी खिलाड़ियों की मेधा के अनुसार रैंकिंग निर्धारित की गई। सिंगल्स मैच तीन सेट के टाई ब्रेक प्रारूप में खेले गए, जबकि युगल और प्लेसमेंट मैच दो सेट और 10-पॉइंट मैच टाई ब्रेक के नियमों के अंतर्गत आयोजित हुए। युगल मुकाबलों में नो एडवांटेज और नो लेट सर्विस नियम लागू रहे।

## भारत में हाईरॉक्स की जोरदार शुरुआत, ओलंपिक तैराक श्रीहरि नटराज बोले- फिटनेस का नया जुनून बनेगा

**एजेंसी**

**मुंबई।** मुंबई ने भारत में पहली बार आयोजित हुए हाईरॉक्स रेस के जरिए केवल एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि फिटनेस की नई लहर की शुरुआत की है। गोरेगांव स्थित नेस्को सेंटर आज 1650 एथलीटों की ऊर्जा और जोश से गूंज उठा। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर की फिटनेस प्रतियोगिता अब भारत में भी अपनी पकड़ मजबूत करती दिख रही है। हाईरॉक्स फॉर्मेट की खासियत इसमें है कि इसमें आठ 01 किलोमीटर की दौड़ और आठ फंक्शनल फिटनेस चैलेंज को बारी-बारी से पूरा करना होता है। स्कीईर्ग पुल से लेकर वॉल बॉल शॉट तक, प्रतिभागियों ने अपनी सीमाओं को तोड़ते हुए जबरदस्त



प्रदर्शन किया। ओलंपिक तैराक और प्यूमा एथलीट श्रीहरि नटराज ने कहा, हाईरॉक्स फिटनेस का एक नया और मजेदार प्रारूप है, जो लोगों में फिटनेस को लेकर एक नया जुनून पैदा करेगा। यह दौड़, वजन उठाना और अन्य सभी गतिविधियों का समावेश करती है, इसलिए यह तेजी से लोकप्रियता हासिल करेगी। 16 वर्षीय गवले सई से लेकर 78 वर्षीय वीरेंद्र सूद तक, इस प्रतियोगिता ने उम्र और फिटनेस के हर स्तर के प्रतिभागियों का स्वागत किया। 24 देशों से आए प्रतियोगियों और हजारों दर्शकों ने इस आयोजन को यादगार बना दिया। बेंगलुरु एफसी के गोलकीपर और प्यूमा एथलीट गुरप्रीत सिंह संधू ने कहा, हाईरॉक्स जैसे आयोजन खिलाड़ियों को नई तरह की फिटनेस चुनौतियां देते हैं। इससे पारंपरिक फिटनेस तरीकों को चुनौती मिलती है और लोग अपने जीवन में बदलाव महसूस करते हैं। बेंगलुरु के एक कॉरपोरेट कर्मचारी अनुराग राजशेखर ने अपने पांच साथियों के साथ हिस्सा लिया। उन्होंने कहा, हमारे ऑफिस में फिटनेस का कॉम्पिटिशन होता है, और हाईरॉक्स इसमें चार चांद लगाने जैसा रहा। यह एक ऐसा मंच है जो आम जिम जाने वालों को भी अपनी मेहनत दिखाने का मौका देता है। हाईरॉक्स मुंबई ने भारत में फिटनेस की नई शुरुआत की है और 19 जुलाई को दिल्ली में होने वाली अगली हाईरॉक्स रेस के लिए एक मजबूत आधार तैयार कर दिया है। इसके लिए जल्दी ही www.hyro&.co.in पर रजिस्ट्रेशन शुरू होंगे।

## टी20 मुंबई लीग में सोबो मुंबई फाल्कन्स की एंट्री, श्रेयस अय्यर होंगे आइकन प्लेयर

**एजेंसी**

**मुंबई।** टी-20 मुंबई लीग के बहुप्रतीक्षित तीसरे संस्करण में सोबो मुंबई फाल्कन्स ने दमदार एंट्री कर ली है। क्रिकेट के प्रति जुनून और विजन के साथ यह फ्रेंचाइज़ी न केवल अपने पहले सीज़न में शानदार प्रदर्शन करना चाहती है, बल्कि मुंबई क्रिकेट की समृद्ध परंपरा को आगे भी बढ़ाना चाहती है। टीम की शुरुआत को और खास बनाते हुए भारतीय दिग्गज खिलाड़ी कपिल देव को फ्रेंचाइज़ी का ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया गया है। वह अपने अनुभव और मार्गदर्शन से युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करेंगे। सोबो मुंबई फाल्कन्स, जो दक्षिण मुंबई की सांस्कृतिक आत्मा और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का प्रतिनिधित्व करती है, इस सीज़न में पहली बार मैदान में उतर रही है। 26 मई से 8 जून तक मुंबई के प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में होने वाले मुकाबलों में यह टीम नई ऊर्जा और कड़ी प्रतिस्पर्धा लेकर आएगी। टी-20 मुंबई लीग का यह तीसरा संस्करण भारतीय क्रिकेट के सुपरस्टार रोहित शर्मा के चेहरे के रूप में और भी खास बन गया है। वहीं, मुंबई फाल्कन्स की ओर से श्रेयस अय्यर को आइकन प्लेयर बनाया गया है, जिससे टीम को लेकर उत्साह और बढ़ गया है। मुंबई फाल्कन्स के मालिक अमीत एच. गढोके ने कहा, हम मुंबई फाल्कन्स को टी20 मुंबई लीग में पेश करते हुए बेहद उत्साहित हैं। यह फ्रेंचाइज़ी दक्षिण मुंबई की ऊर्जा, जुनून और संकल्प की प्रतीक है। हमारा लक्ष्य एक ऐसी टीम बनाना है जो न सिर्फ शीर्ष स्तर पर मुकाबला करे, बल्कि उभरती प्रतिभाओं को भी प्रेरित और प्रोत्साहित करे।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने दिखाया जज्बा, ऑस्ट्रेलिया से रोमांचक मुकाबले में 2-3 से हार

**एजेंसी**

**पर्थ।** पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेले गए ऑस्ट्रेलिया दौरे के चौथे मैच में भारतीय महिला हॉकी टीम ने बेहतरीन संघर्ष किया, लेकिन अंत में उन्हें 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारत की ओर से नवनीत कौर (35') और लालरेम्सियामी (59') ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए ग्रेस स्टुअर्ट (2'), जेड स्मिथ (36') और ग्रेटा हेज़ (42') ने गोल दागे। मैच की शुरुआत से ही ऑस्ट्रेलिया ने आक्रामक रुख अपनाया और महज दूसरे मिनट में ग्रेस स्टुअर्ट ने शानदार फील्ड गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद भारतीय टीम ने बराबरी के कई प्रयास किए, लेकिन पहले क्वार्टर में गोल नहीं कर पाई। दूसरे क्वार्टर में भारत ने मजबूत



डिफेंस का प्रदर्शन किया। ऑस्ट्रेलिया को शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने से रोका और हाफटाइम तक स्कोर 0-1 ही रहा। तीसरे क्वार्टर में भारत ने दमदार वापसी की। 35वें मिनट में नवनीत कौर ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलते हुए स्कोर 1-1 कर दिया। लेकिन भारत की खुशी ज्यादा देर नहीं टिक पाई क्योंकि एक मिनट बाद ही जेड स्मिथ ने शानदार फील्ड गोल कर ऑस्ट्रेलिया को फिर से 2-1 की बढ़त दिला दी। इसके बाद ग्रेटा हेज़ ने 42वें मिनट में एक और गोल कर बढ़त को 3-1 कर दिया। अंतिम क्वार्टर में भारतीय टीम ने हमलों की झड़ी लगा दी। 59वें मिनट में लालरेम्सियामी ने बेहतरीन गोल कर स्कोर 2-3 कर दिया और मुकाबले में रोमांच भर दिया। हालांकि, अंतिम क्षणों में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया की डिफेंस को नहीं भेद पाई और मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में समाप्त हुआ।

## कैस्पर रुड मैड्रिड ओपन के फाइनल में

**मैड्रिड।** पसलियों की चोट से जूझने के बावजूद नॉर्वे के कैस्पर रूड ने फ्रांसिस्को सेरुंडोलो पर 6-4, 7-5 से जीत के साथ रविवार के मैड्रिड ओपन के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी को शुरुआती सेट में तीन गेम में उपचार की आवश्यकता थी, लेकिन फिर भी वह 18 ब्रेक पॉइंट में से 15 को बचाने में सफल रहे। रूड ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे यकीन नहीं था कि मैं मैच खत्म कर पाऊंगा। वार्म-अप के दौरान, कोर्ट पर जाने से ठीक पहले मुझे अपनी पसलियों में कुछ महसूस हुआ। मैंने लगभग हर शॉट में इसे महसूस किया, खासकर सर्व में। सौभाग्य से, मुझे इसका कुछ त्वरित उपचार मिल गया। आप बहुत कुछ नहीं कर सकते, आपके पास फिजियो के साथ केवल तीन मिनट हैं। इसलिए मैं अब जाकर इसे और देखूंगा।

## संत जोसफ कॉलेज के हारिस ने नेशनल टेनिस रैंकिंग टूर्नामेंट में लगातार तीसरा ख़िताब अपने नाम किया

**एजेंसी**

**प्रयागराज।** संत जोसफ कॉलेज के कक्षा 7 के छात्र हारिस खान ने गुरुग्राम हरियाणा में 28 अप्रैल से 02 मई तक आयोजित एआईटीए (चैम्पियनशिप सीरीज-7) अंडर-12 टेनिस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए एकल का ख़िताब अपने नाम किया। हारिस ने फाइनल में हरियाणा के सुखलीन शर्मा को 6-0, 6-0 से सीधे सेटों से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। इससे पहले सेमीफाइनल में हारिस ने हरियाणा के पवन तेजा टेकू को 6-1, 6-1 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया था। हारिस ने अंडर-14 में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई। अंडर-14 के सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए महाराष्ट्र के सेकंड सीडेड आयुष काले को 6-4, 6-3 से सीधे सेटों में पराजित किया। अंडर-14 फाइनल में तेलंगाना के विश्वक रेड्डी के हाथों उन्हें 6-4, 6-3 से हार का



सामना करना पड़ा। परन्तु अपने ज़बरदस्त खेल से सभी का दिल जीत लिया। इस जीत के साथ हारिस ने अपने टेनिस करियर में एक और महत्वपूर्ण पड़ाव पार किया है और भविष्य में और बड़ी सफलताएं हासिल करने की उम्मीद जगाई है। उनकी इस उपलब्धि पर उनके कोच सैफ इकबाल ने बधाई देते हुए आने वाले टूर्नामेंट में ऐसे ही प्रदर्शन के लिए शुभकामनायें दी।

# कगिसो रबाडा झेल रहे निलंबन, आईपीएल बीच में छोड़ इस कारण लौटे घर वापस

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने डोप टेस्ट में पॉजिटीव पाए जाने के बाद वर्तमान में निलंबन की सजा काट रहे हैं और उन्होंने यह बात स्वीकार भी की है। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 से उनके अचानक बाहर होने के पीछे यही कारण था, जहां वे गुजरात टाइटन्स के लिए खेल रहे थे। 3 अप्रैल को फ्रैंचाइजी ने कहा कि रबाडा एक 'व्यक्तिगत मामले' से निपटने के लिए घर वापस चले गए थे, लेकिन उन्होंने कोई और विवरण साझा नहीं किया। एक बयान में क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने कहा, 'क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका निलंबन की पुष्टि करता है।रबाडा ने प्रतिबंधित पदार्थ के उपयोग किया। यह घटना खेदजनक है, हालांकि, रबाडा ने सीएसए और अपने प्रशंसकों को पेशेवर मानकों को बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता के बारे में आश्वस्त किया है और क्रिकेट के खेल और जिस देश का वे प्रतिनिधित्व करते हैं, उसके प्रति अपने जुनून को फिर से दोहराया है। बोर्ड ने कहा, सीएसए पूरी तरह से नशा मुक्त खेल के लिए प्रतिबद्ध है और पेशेवर और शौकिया दोनों तरह के क्रिकेट खिलाड़ियों को सभी नियमों का पालन करने के महत्व की याद दिलाता है। हम इस संबंध में सभी खिलाड़ियों को अपना समर्थन देने में दृढ़ हैं। रबाडा ने यह भी कहा कि वह क्रिकेट में वापसी के लिए उत्सुक हैं और उन्होंने अपने परिवार, कानूनी टीम और गुजरात टाइटन्स को



उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। दक्षिण अफ्रीकी नशा मुक्त खेल संस्थान जो विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) के नियमों के तहत काम करता है, के अगले सप्ताह एक विस्तृत बयान जारी करने की उम्मीद है। रबाडा का निलंबन अल्पकालिक होने की उम्मीद है, क्योंकि माना जाता है कि उनका मामला न्यूजीलैंड के क्रिकेटर डग ब्रेसवेल जैसा है जिन्हें पिछले साल कोकीन के लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद एक महीने के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था। यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि कैगिसो रबाडा ने कौन सा पदार्थ लिया था, हालांकि यह कोकीन या भांग होने की संभावना है, जो विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) द्वारा एक्स्टसी और हेरोइन के साथ सूचीबद्ध दो पदार्थ हैं। परीक्षण करने वाले दक्षिण अफ्रीकी नशा मुक्त खेल संस्थान (एसएआईडीएस) द्वारा सोमवार को एक बयान जारी करने की उम्मीद है जो आगे और स्पष्टता प्रदान कर सकता है। वाडा के कोड के अनुसार, यदि कोई एथलीट यह साबित कर सकता है कि पदार्थ को प्रतियोगिता से बाहर ले जाया गया था तो उन्हें एक महीने का कम निलंबन दिया जा सकता है। विशेष रूप से रबाडा 3 अप्रैल को भारत से चले गए थे और दक्षिण अफ्रीका लौट आए थे, लेकिन ठीक एक महीने बाद उन्हें फिर से खेल शुरू करने की अनुमति मिल गई थी, यह सुझाव देते हुए कि उनका निलंबन वाडा के न्यूनतम प्रतिबंध दिशानिर्देशों के अनुरूप है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के भीतर रबाडा के आगामी मैचों में शामिल न होने को लेकर कोई चिंता नहीं है, जिसमें जून में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल भी शामिल है।

# पंचतत्वों पर आधारित खानपान रखे स्वस्थ

पंचतत्व अर्थात् पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश। हमें अपने खानपान में प्रतिदिन इन पांचों तत्वों का भी सेवन करना चाहिए। ऐसा होने पर हम अधिकाधिक स्वस्थ व सक्रिय रह सकेंगे।



**वायु** – सांस के माध्यम से हर प्राणी वायु ग्रहण करता है। बाकी तत्वों को कुछ समय या कुछ दिन के लिए छोड़ा जा सकता है, पर वायु को नहीं। जो लोग अनशन या उपवास करते हैं, वे भी अन्न, फल, सब्जी या जल आदि छोड़ देते हैं, पर वायुसेवन नहीं। एक समय आहार लेने वाले संन्यासी भी वायुसेवन तो प्रतिक्षण करते ही हैं। अर्थात् पंचतत्व में से वायु प्राणियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

यह वायु व्यक्ति को शुद्ध एवं प्राकृतिक रूप में पर्याप्त मात्रा में मिले, यह भी आवश्यक है। जो लोग बड़े शहरों में या उद्योगों के पास रहते हैं, उन्हें शुद्ध वायु नहीं मिल पाती। इसीलिए इन दिनों नये-नये रोग लगातार बढ़ रहे हैं। अब तो बड़े नगरों में शुद्ध ऑक्सीजन के बूथ खुलने लगे हैं, जहां पैसे देकर व्यक्ति दस-पन्द्रह मिनट शुद्ध प्राणवायु ले सकता है। जैसे आजकल हर व्यक्ति अपने साथ साफ पानी की बोतल रखने लगा है, लगता है कुछ समय बाद लोग प्राणवायु के छोटे सिलेंडर भी साथ लेकर चला करेंगे। ताजी और शुद्ध प्राणवायु प्राप्त करने की नि:शुल्क विधि प्रात:कालीन भ्रमण है। सूर्योदय होने पर पेड़ों द्वारा रात में उत्सर्जित कार्बन डायआक्साइड वायुमंडल में चली जाती है। ऐसे शीतल और शांत वातावरण में अकेले या सपरिवार घूमना शुद्ध वायु ग्रहण करने का सबसे सरल उपाय है।

केवल घूमना ही नहीं, तो इस समय कुछ आसन, व्यायाम और प्राणायाम करना भी बहुत लाभदायक है। सुबह की ही तरह शाम का भ्रमण भी बहुत लाभकारी है। इन दोनों समय पर दिन और रात का मिलन होता है। इसके सदुपयोग से हम अपने शरीर तथा मन को स्वस्थ रख सकते हैं। बच्चों और युवाओं को तो शाम के समय पढ़ने की बजाय खेलना ही चाहिए।

चाहे कोई स्वयं वाहन न चलाता हो, पर प्रदूषित वायु सेवन करना तो उसकी भी मजबूरी ही है। इसलिए जहां सार्वजनिक यातायात व्यवस्था का बहुत अच्छा होना जरूरी है, वहां दस-बीस कदम जाने के लिए वाहन निकालने की आदत भी छोड़नी होगी। पेड़ों को कटने से बचाकर तथा परिवार के हर सदस्य के नाम पर एक पेड़ लगाकर हम प्रदूषण नियंत्रण में सहयोग दे सकते हैं।

**जल**– वायु की ही तरह जल भी व्यक्ति की प्राथमिक आवश्यकता है। किसी समय बहता पानी निर्मला कहकर नदियों का जल सर्वाधिक शुद्ध माना जाता था, पर अब नगरों के सीवर, कारखानों के अपशिष्ट, समय-समय उसमें विसर्जित की जाने वाली रासायनिक रंगों से पुती मूर्तियों तथा अन्य कूड़े करकट के कारण नदियां आचमन योग्य भी नहीं रह गयी हैं। अब तो सब जगह कुछ घंटों के लिए सरकारी पानी मिलता है। वह कितना शुद्ध होता है, कहना कठिन है। पानी साफ और भरपूर मिले, इसके लिए निजी बोरिंग कराने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जिनके लिए यह संभव नहीं है, उन्होंने भी घरों में फिल्टर लगा लिये हैं। इनसे एक लीटर पानी साफ होने के चक्कर में चार लीटर पानी नाली में बह जाता है। शहरीकरण का अर्थ ही है, बिजली और पानी का अत्यधिक प्रयोग। अत: जल का स्तर लगातार नीचे जा रहा है।

विद्वानों का मत है कि अगला विश्व युद्ध जल के कारण होगा। इसका सत्य तो भविष्य बताएगा पर नलों पर हर दिन डिब्बे और कनस्तर लिये लोगों को झगड़ते हुए कोई भी देख सकता है। मंगल आदि ग्रहों पर जाने वाले यान भी वहां सबसे पहले पानी की ही तलाश कर रहे हैं। इसके बाद भी लोगों का ध्यान इस ओर नहीं है। जो कार दो बाल्टी पानी में धोई जा सकती है, उसे दो हजार लीटर साफ पानी से धोते हुए लोग प्राय: मिल जाते हैं। हम वर्षा जल का संरक्षण कर तथा पानी को व्यर्थ न जाने देकर भी इस दिशा में अपना व्यक्तिगत सहयोग दे सकते हैं। हम साफ पानी पिएं, यह तो आवश्यक है ही पर कितना पिएं, इस बारे में अलग-अलग मत हैं। फिर भी एक व्यस्क व्यक्ति को दिन भर में आठ-दस गिलास पानी तो पीना ही चाहिए। सुबह उठकर कुल्ला-मंजन के बाद तांबे के साफ पात्र में रखा पानी भरपेट पीना बहुत लाभ देता है। तांबा जल की अधिकांश अशुद्धियां दूर कर देता है। सर्दियों में पानी को गुनगुना कर लें, तो और अच्छा रहेगा।

**आकाश**– आकाश की पहचान खालीपन या शून्यता है। घटाकाश और मठाकाश जैसी कल्पनाएं इसी में से आई हैं। आकाश में कोई भी चीज फेकें, खाली होने के कारण वह मना नहीं करता। वायु और अंतरिक्ष यान इसीलिए आकाश में निर्द्वन्द उड़ते हैं। किसी पात्र के खाली होने का अर्थ है कि उसमें आकाश तत्व विद्यमान है पर जब उसमें कोई वस्तु डालते हैं, तो वह हट जाता है। ऐसी शून्यता हम अपने पेट को बिल्कुल खाली रखकर प्राप्त कर सकते हैं। अत: प्रात: शौचादि से निवृत्त होने के बाद लगभग दो घंटे तक पेट को अवकाश दें। इससे जहां भोजन पचाने वाली इंद्रियों को आराम तथा अपनी टूट-फूट ठीक करने का समय मिलेगा, वहां हमें आकाश तत्व भी प्राप्त होगा। व्रत और उपवास आकाश तत्व की प्राप्ति का अवसर कुछ अधिक समय तक प्रदान करते हैं। इनका भरपूर उपयोग करना चाहिए पर इस नाम पर दिन में कई बार पेट में गरिष्ठ चीजें ठूंसते रहना शुद्ध पाखंड है।

**पृथ्वी**– पृथ्वी हमें अन्न, दाल और सब्जियां आदि देती है। अत: इनके सेवन से हमें पृथ्वी तत्व की प्राप्ति होती है पर इन्हें कच्चा नहीं खा सकते। इन्हें आग पर पकाकर तथा आवश्यकतानुसार कुछ अन्य मिर्च-मसाले डालकर प्रयोग किया जाता है। इनका सेवन कितना और कितनी बार करें, इसका कोई मापदंड नहीं है। शारीरिक परिश्रम करने वाले किसान या मजदूर तथा कार्यालय में बैठकर काम करने वाले की आवश्यकता अलग-अलग होगी। उन्हें उसी अनुसार इनका सेवन करना चाहिए। ऐसा न होने पर जहां एक ओर तोंद वाले, तो दूसरी ओर दुबले-पतले लोग सर्वत्र घूमते मिलते हैं।

**अग्नि**–
अग्नि का स्रोत सूर्य है। सर्दियों में तो सीधे धूप में लेटना या बैठकर काम करना अच्छा लगता है। गर्मियों में भी अपने काम के सिलसिले में घूमते-फिरते धूप लगती रहती है। इससे अग्नि तत्व अपने आप ही मिल जाता है। जो लोग दिन भर वातानुकूलित वातावरण अर्थात् एसी वाले घर, कार्यालय और कार में रहते हैं, उनके शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। इसलिए थोड़े से परिश्रम या मौसम बदलने मात्र से ही ये लोग बीमार होकर बिस्तर पकड़ लेते हैं। भीषण गर्मियों में जहां लू से बचना आवश्यक है, वहां धूप से डरना भी अनुचित है।

जहां तक खानपान की बात है, तो सूर्य की ऊर्जा से पके हुए फल और सलाद आदि के सेवन से अग्नि तत्व भरपूर मात्रा में प्राप्त होता है पर इनका सेवन सूर्यकाल में ही करना चाहिए। अर्थात् सूर्यास्त के बाद इन्हें खाना ठीक नहीं है। इसी तर्ज पर कुछ लोग यह भी कहते हैं कि पृथ्वी तत्व वाले जिन पदार्थों को खाने से पूर्व आग पर चढ़ाना पड़ता है, उन्हें सूर्य की उपस्थिति में नहीं खाना चाहिए। यद्यपि बहुत से लोग अपनी धार्मिक आस्था या वृद्धावस्था के कारण सूर्यास्त के बाद अन्न नहीं खाते। उनका कहना है कि सूर्यास्त के बाद शरीर की पाचनक्रिया मंद हो जाती है। अत: उस समय भारी भोजन ठीक नहीं है। विचार भिन्नता के कारण इस विषय को स्वतंत्र छोड़ देना ही उचित है। ये कुछ ऐसी बातें हैं, जिन्हें समय-समय पर कुछ बुजुर्गों के मुंह से सुना है। इसमें से कुछ का प्रयोग करने से लाभ भी हुआ है। यद्यपि आज की भागदौड़ वाले जीवन में सब नियमों का पालन संभव नहीं होता। फिर भी जितना हो सके, उतना पालन करके देखें।

## आंखों पर दें ध्यान



आंखें अनमोल हैं, इसलिए इनकी सेहत का बदलते मौसम के अनुसार ध्यान रखना आवश्यक है

- आंखों में सूखापन की समस्या सर्दियों में बढ़ सकती है। सूखेपन से बचाव के लिए डॉक्टर के परामर्श से आर्टीफिशियल टीयर ड्रॉप का इस्तेमाल करें।
- इस मौसम में एलर्जी की शिकायत भी सभव है। इससे बचने के लिए दिन में दो बार आंखों को साफ पानी से धोएं। इन्हें मलें या रगड़ें नहीं।
- चेहरे के साथ आंख के आसपास व पलक की त्वचा को सूखेपन से बचाएं, लेकिन ध्यान रहे कि कोई भी मॉइश्चराइजर या कोल्ड क्रीम आंख के अंदर न जाए।
- काला चश्मा लगाकर ही धूप में बैठें।
- नेत्रों को चश्मे के जरिये ठंडी हवाओं से बचाएं।

## पेट दर्द के घरेलू उपचार



**अधिकतर बीमारियों की वजह होती है असंयमित खान-पान। गलत खान-पान के कारण कभी-कभी पेट में दर्द होने लगता है। आमतौर पर पेट दर्द का एक मुख्य कारण अपच, मल सूखना, गैस बनना यानी वात प्रकोप होना और लगातार कब्ज बना रहना भी है। पेट दर्द को दूर करने के लिए कुछ घरेलू उपाय हैं, जो दर्द तो दूर करते हैं, साथ ही साथ पेट की क्रियाओं को भी ठीक करते हैं।**

– पेट दर्द मे हींग का प्रयोग लाभकारी होता है। 2 ग्राम हींग थोड़े पानी के साथ पीसकर पेस्ट बनाएं। नाभी पर और उसके आस-पास यह पेस्ट लगाएं।

-अजवाइन को तवे पर सेक लें और काले नमक के साथ पीसकर पाउडर बनाएं। 2-3 ग्राम गर्म पानी के साथ दिन में 3 बार लेने से पेट का दर्द दूर होता है।

-जीरे को तवे पर सेकें और 2-3 ग्राम की मात्रा गर्म पानी के साथ दिन में 3 बार लें। इसे चबाकर खाने से भी लाभ होता है।

-पुदीने और नींबू का रस एक-एक चम्मच लें। अब इसमें आधा चम्मच अदरक का रस और थोड़ा सा काला नमक मिलाकर उपयोग करें। दिन में 3 बार इस्तेमाल करें, पेट दर्द में आराम मिलेगा।

-सूखी अदरक मुंह में रखकर चूसने से भी पेट दर्द में राहत मिलती है।

-बिना दूध की चाय पीने से भी कुछ लोग पेट दर्द में आराम महसूस करते हैं।

-अदरक का रस नाभी स्थल पर लगाने और हल्की मालिश करने से पेट दर्द में लाभ होता है।

-अगर पेट दर्द एसिडिटी से हो रहा हो तो पानी में थोड़ा सा मीठा सोडा डालकर पीने से फायदा होता है।

-पेट दर्द निवारक चूर्ण बनाएं। इसके लिए भुना हुआ जीरा, काली मिर्च, सौंठ, लहसुन, धनिया, हींग, सूखी पुदीना पत्ती सबकी बराबर मात्रा लेकर बारीक चूर्ण बनाएं। इसमें थोड़ा सा काला नमक भी मिलाएं। खाने के बाद एक चम्मच थोड़े से गर्म पानी के साथ लें। पेट दर्द में आशातीत लाभकारी है।

-एक चम्मच शुद्ध घी में हरे धनिये का रस मिलाकर लेने से पेट की व्याधि दूर होती है।

-अदरक का रस और अरंडी का तेल प्रत्येक एक-एक चम्मच मिलाकर दिन में 3 बार लेने से पेट दर्द दूर होता है।

-अदरक का रस एक चम्मच, नींबू का रस 2 चम्मच लेकर उसमें थोड़ी सी शक्कदर मिलाकर प्रयोग करें। पेट दर्द में लाभ होगा। दिन में 2-3 बार ले सकते हैं।

-अनार पेट दर्द मे फायदेमंद है। अनार के बीज निकालें। थोड़ी मात्रा में नमक और काली मिर्च का पाउडर डालें। और दिन में दो बार लेते रहें।

-मेथी के बीज पानी में भिगोएं। पीसकर पेस्ट बनाएं। और इस पेस्ट को 200 ग्राम दही में मिलाकर दिन में दो बार लेने से पेट के विकार नष्ट होते हैं।

-इसबगोल के बीज दूध में 4 घटे भिगोएं। रात को सोते समय लेते रहने से पेट में मरोड़ का दर्द और पेचिश ठीक होती है।

-सौंफ में पेट का दर्द दूर करने के गुण होते है। 15 ग्राम सौंफ रात भर एक गिलास पानी में भिगोएं। छानकर सुबह खाली पेट पीयें। बहुत गुणकारी उपचार है।

-आयुर्वेद के अनुसार हींग दर्द निवारक और पित्तवर्द्धक होती है। छाती और पेट दर्द में हींग का सेवन बेहद लाभकारी होता है। छोटे बच्चों के पेट में दर्द होने पर एकदम थोड़ी सी हींग को एक चम्मच पानी में घोलकर पका लें। फिर बच्चे की नाभी के चारों लगा दें। कुछ देर बाद दर्द दूर हो जाता है।

-नींबू के रस में काला नमक, जीरा, अजवायन चूर्ण मिलाकर दिन में तीन बार पीने से पेट दर्द से आराम मिलता है।

## होम्योपैथी का सहारा ले सकते हैं अनिद्रा के रोगी

**मुझे नींद नहीं आती, आपने अक्सर लोगों को यह शिकायत करते सुना होगा। नींद एक जैविक प्रक्रिया है। हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त नींद बहुत ही जरूरी है। पर्याप्त नींद नहीं लेने से हमारी कार्यक्षमता पर भी बुरा असर पड़ता है। अनिद्रा के शिकार लोगों को अक्सर दिन में इधर-उधर झपकियां लेते देखा जा सकता है।**



अनिद्रा आजकल एक महामारी की तरह फैलती जा रही है। एक अनुमान के मुताबिक आज विश्व में हर पांचवां व्यक्ति अनिद्रा का शिकार है। अनिद्रा का अर्थ है नींद में व्यवधान, नींद उचटना या कम नींद आना। यह दो प्रकार की होती है। पहले प्रकार की अनिद्रा का संबंध उन लोगों से जिन्होंने कभी अच्छी, चैन की नींद का आनंद नहीं लिया हो तथा ये लोग तनाव, घबराहट या अन्य किसी असहनीय पीड़ा से पीड़ित न हो। पहली प्रकार की अनिद्रा से पीड़ित लोगों की नाड़ी की गति तेज तथा शरीर का तापमान अधिक होता है। इनकी बाह्य धमनियां प्राय: संकुचित होती हैं। ये लोग प्राय: हिलते-डुलते रहते हैं। दूसरे प्रकार की अनिद्रा का संबंध उन लोगों की अनिद्रा से है जो किसी न किसी बीमारी से पीड़ित होते हैं जैसे पेट में दर्द, पैरों में बेचैनी, थकान, स्पाइनल कॉर्ड में दर्द आदि। इन बीमारियों से नींद की प्रारंभिक अवस्था में बाधा पहुंचती है।

दूसरे प्रकार की अनिद्रा साइकेट्रीक, साइकोसिस तथा साइकोन्यूरोसिस के मरीजों में आमतौर पर देखी जा सकती है। डर तथा चिंता भी अनिद्रा के कारण हो सकते हैं। डिप्रेशन तथा मेनियक डिप्रेशन से भी अनिद्रा की शिकायत हो सकती है इससे सोने पर एक बार तो नींद आ जाती है परन्तु सुबह जल्दी आंख खुल जाती है तथा बाद में रोगी सो नहीं पाता। सन्निपात तथा कोई काल्पनिक डर भी अनिद्रा के कारण हो सकते हैं।

चिकित्सा की होम्योपैथिक शाखा के अंतर्गत अनेक ऐसी दवाईयां हैं जिनका प्रयोग अनिद्रा के उपचार के लिए किया जाता है। मरीज के लक्षणों के आधार पर कोई भी दवा उसे दी जा सकती है।

**आर्सेनिक एलबम 30**– यह दवा उन मरीजों को दी जाती है जो किसी मानसिक बेचैनी के कारण करवटें बदलते रहते हैं। वह शारीरिक रूप से इतना कमजोर होता है कि उसका चलना-फिरना भी मुश्किल होता है। मरीज को निरंतर मृत्यु का भय बना रहता है। वह इलाज के प्रति निराश हो चुका होता है। ऐसे रोगी को बार-बार थोड़े पानी की प्यास लगती रहती है।

**केनाबिस इंडिका 30**– यह उन रोगियों के लिए उपयुक्त होती है जो भय, भ्रांति तथा मानसिक दुर्बलता के शिकार होते हैं। ऐसे रोगी अक्सर मरे हुए लोगों को सपने में देखते हैं। उन्हें लगता है कि वह पागल हो जाएंगे। ऐसा रोगी लगातार बोलता रहता है और सिर हिलाता रहता है। अक्सर बोलते-बोलते वह यह भी भूल जाता है कि उसे आगे क्या बोलना है। विनम्र स्वभाव का व्यक्ति यदि उद्दण्ड स्वभाव हो जाए तो उसे यह दवा दी जाती है।

**हायोसाइमस नाइगर 200**– इसमें मरीज बहुत बातूनी और ईर्ष्यालु होता है। इस प्रकार का रोगी बहुत डरता है। उसे हर बात में डर लगता है जैसे अकेले रहने का डर, विष खिलाने का डर, किसी षड़यंत्र का डर आदि। बच्चों में नींद न आना, नींद आते ही डर जाना, बिस्तर से निकलने या भागने की कोशिश करना जैसे लक्षण होने पर यह दवा दी जाती है।

**कैफिया क्रूडा 200**– यह दवा उन रोगियों के लिए उचित है जिन्हें रात को नींद नहीं आती। वे अक्सर भविष्य के बारे में चिंता करते रहते हैं। ऐसे रोगी अचानक ही हंसने या रोने लगते हैं ऐसे रोगियों को बहुत अधिक चिंता, बातचीत या मानसिक परिश्रम करने में सिर में तेज दर्द होता है।

**एकोनाइटम नैपेलस 30**– इसमें रोगी अक्सर बैचेन रहता है जिससे उसे नींद नहीं आती। उसे इतना डर लगता है कि वह बेहोश भी हो जाता है। स्थिति गिंभीर होने पर रोगी को मरने का डर लगने लगता है। रोगी अक्सर डर के कारण घर से नहीं निकलता, भीड़भाड़ वाली जगहों से भी बचता है। उसे बार-बार पानी की प्यास भी लगती है।

**इग्नेशिया अमारा 200**– यह दवा उन रोगियों को दी जाती है जो शोक, भय या दुख की वजह से एकाएक बेहोश हो जाते हैं। उसे तम्बाकू या धुंआ सहन नहीं होता। उसके सिर में भी दर्द होता है। प्रेम या काम में निराशा से उत्पन्न अनिद्रा के लिए भी यही दवा कारगर होती है।

**पोर्स फ्लोरा इन्कार्नेटा (क्यू)**– वृद्धों तथा बच्चों में अनिद्रा दूर करने के लिए यह दवा कारगर सिद्ध होती है। यह दवा उन रोगियों की दी जाती है। जिन्हें तनाव और अत्यधिक मानसिक कार्य के कारण नींद नहीं आ पाती या सिर दर्द और आंखों में दर्द के कारण नींद नहीं आती।

किसी भी दवा के चुनाव से पहले रोगी के लक्षण पहचानना जरूरी होता है तथा किसी भी दवा के प्रयोग से पहले किसी विशेषज्ञ से सलाह लेना भी जरूरी होता है।



## जानिए कितने का

# अनुष्का शर्मा

## का ये पिंक पायजामा-शर्ट, सफेद टॉप की कीमत कर देगी हैरान







बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा ने हाल में अपना 37 वां जन्मदिन सेलिब्रेट किया है। एक्ट्रेस ने अपनी एक खूबसूरत तस्वीर शेयर कर फैंस को जन्मदिन की बधाई के लिए शुक्रिया भी किया था। शेयर की गई तस्वीर में एक्ट्रेस को फूलों के बीच नाइट आउटफिट में देखा जा सकता है। तस्वीर देखकर ऐसा लग रहा है जैसे विराट कोहली ने उन्हें रात को ही फूलों से बर्थडे विश किया था। लेकिन क्या आप जानते हैं इस तस्वीर में अनुष्का ने जो गुलाबी रंग की नाइट आउटफिट पहना है इसकी कीमत कितनी है ?

**गुलाबी नाइट आउटफिट की कीमत**

अनुष्का शर्मा ने अपने बर्थडे के अगले दिन सभी का शुक्रियादा करते हुए एक तस्वीर शेयर की थी। इस तस्वीर में एक्ट्रेस ने एक गुलाबी रंग का पायजामा और शर्ट पहनी हुई थी। एक्ट्रेस के ये नाइट वियर नोर्वे के **arket** नाम के ब्रांड का है। इस पायजामा की कीमत 5,598 रुपए और शर्ट की कीमत भी 5,598 रुपए है। एक्ट्रेस का ये नाइट वियर करीब 12,000 का है।

**कॉटन का वाइट टॉप है हजारों का**

इसके अलावा विराट कोहली ने पत्नी अनुष्का को उनके जन्मदिन की बधाई देते हुए एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की थी। इस तस्वीर में अनुष्का ने कट स्लीव का कॉटन टॉप और शॉर्ट पैंट पहना हुआ था। एक्ट्रेस ने ये आउटफिट **seed heritage** नाम के ऑस्ट्रियन ब्रांड से खरीदा है। वेबसाइट के मुताबिक इस टॉप की कीमत 5,431 रुपए और 7,080 रुपए है। अनुष्का का ये सफेद आउटफिट करीब साढ़े 12 हजार का है।

**फिल्मों से दूरी**

वर्क फ्रंट की बात करें तो अनुष्का शर्मा को आखिरी बार साल 2018 में आई फिल्म जीरो में शाहरुख खान और कैटरीना कैफ के साथ देखा गया था। इसके बाद एक्ट्रेस, महिला क्रिकेटर झूलन गोस्वामी की बायोपिक पर भी काम कर रही थीं। लेकिन फिल्म अभी तक रिलीज नहीं हुई। अनुष्का अब फिल्मों से दूरी बनाकर अपने दोनों बच्चों की परवरिश में बिजी हैं।

## 20 करोड़ भी नहीं कमा पाई थी सैफ अली खान और गोविंदा की ये फिल्म, बजट का आधा हिस्सा निकालने में छूट गए थे पसीने



गोविंदा ने अपने फिल्मी करियर का आगाज 80 के दशक के बीच में किया था. वहीं 90 के दशक तक गोविंदा सुपरस्टार बन चुके थे. एक से बढ़कर एक फिल्में, शानदार डांस और अपनी दमदार कॉमेडी के चलते गोविंदा ने बड़े पर्दे पर अपनी अमिट छाप छोड़ी. उनके खाते में एक के बाद एक कई शानदार फिल्में आई. हालांकि उनकी झोली में ढेरों फ्लॉप फिल्में भी गिरी हैं.गोविंदा ने अपने करियर में सफलता का जो शिखर देखा है उसी तरह से उनका करियर ढलान पर भी आया है. उनकी कई फिल्मों के लिए बजट तक निकालना मुश्किल हो गया था. वहीं गोविंदा की फिल्म 'हैप्पी एंडिंग' तो ऐसी रही जो अपने बजट का आधा भी नहीं निकाल पाई थी. इसमें गोविंदा के साथ सैफ अली खान ने भी काम किया था. लेकिन दोनों की पिक्चर बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई थी.

**57 करोड़ था 'हैप्पी एंडिंग' का बजट**

गोविंदा और सैफ अली खान की फिल्म 'हैप्पी एंडिंग' साल 2014 में आई थी. एक दशक पहले आई इस फिल्म से दर्शकों और मेकर्स को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन ये फिल्म उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई. गोविंदा और सैफ के साथ फिल्म का हिस्सा इलियाना डिक्रूज, रणवीर शौरी और कल्कि कोचलिन जैसे सितारें भी थे. मेकर्स ने इस मल्टीस्टारर फिल्म पर 57 करोड़ रुपये खर्च किए थे.

**20 करोड़ भी नहीं हुई कमाई**

गोविंदा और सैफ की इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर बहुत बुरा हाल हुआ था. अपने नाम के मुताबिक फिल्म की एंडिंग हैप्पी नहीं हो पाई थी और न ही इसकी ओपनिंग हैप्पी रही. 11 साल पुरानी इस फिल्म ने भारत में 20 करोड़ रुपये से भी कम का कलेक्शन किया था. इसका लाइफटाइम कलेक्शन सिर्फ 19.44 करोड़ रुपये दर्ज किया गया था और ये पिक्चर बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर साबित हो गई.

**सैफ का वर्कफ्रंट**

गोविंदा लंबे समय से फिल्मी दुनिया से दूर है. वहीं सैफ अली खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी फिल्म 'ज्वेल थीफ- द हीस्ट बिगिन्स' हाल ही में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है. इसी बीच सैफ की नई फिल्म को लेकर खबर आ गई है. अभिनेता अब 2016 की मलयालम हिट 'ओप्पम' के हिंदी रीमेक में नजर आएंगे. फिल्म इस साल के आखिरी तक फ्लोर पर आएगी.

## जब 400 लड़कियों के बीच में से सिर्फ आलिया भट्ट को चुना गया, कम उम्र में ही कर दिया था ये कमाल



आलिया भट्ट ने कम वक्त में बड़ा और खास नाम कमा लिया है. दिग्गज डायरेक्टर महेश भट्ट के घर में जन्मीं आलिया भट्ट को शुरू से ही घर में फिल्मी माहौल मिला था. बड़ी होने पर उन्होंने फिल्मी दुनिया की राह चुनी और आज वो हिंदी सिनेमा की सबसे चर्चित और कामयाब एक्ट्रेसेस में एक हैं.वैसे आपको बता दें कि आलिया भट्ट बॉलीवुड में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट भी काम कर चुकीं हैं. उन्हें बचपन में अक्षय कुमार और प्रीति जिंटा की एक फिल्म में देखा गया था. वहीं आपको ये जानकर भी हैरानी होगी कि अपनी डेब्यू फिल्म के लिए एक्ट्रेस का सेलेक्शन 400 लड़कियों में से हुआ था.

**अक्षय-प्रीति की इस फिल्म में चाइल्ड आर्टिस्ट थीं आलिया**

आलिया का जन्म महेश भट्ट और एक्ट्रेस सोनी राजदान के घर 15 मार्च 1993 को मुंबई में हुआ था. पिता के जाने-माने डायरेक्टर होने के चलते आलिया को अक्षय कुमार और प्रीति जिंटा की साल 1999 में आई फिल्म 'संघर्ष' काम करने का मौका मिला था. इसमें उन्होंने प्रीति के बचपन का किरदार निभाया था, तब वो महज 6 साल की थीं.

**डेब्यू फिल्म के लिए 400 लड़कियों में से हुआ सेलेक्शन**

आलिया भट्ट ने हिंदी सिनेमा में बतौर लीड एक्ट्रेस अपने कदम 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से रखे थे. साल 2012 में आई इस फिल्म में आलिया ने शनाया सिंघानिया का किरदार निभाया था. लेकिन इस रोल के लिए एक्ट्रेस का चयन 400 लड़कियों में से हुआ था. करण जौहर की इस पिक्चर के लिए 400 लड़कियों ने ऑडिशन दिया था. एक इंटरव्यू में खुद करण ने खुलासा किया था कि उन्होंने मुंबई और बाहर के शहरों की करीब 400 लड़कियों का स्क्रीन टेस्ट लिया था.

**आलिया भट्ट की बेहतरीन फिल्में**

आलिया भट्ट अपने करीब 13 साल के करियर में खूब शोहरत हासिल कर चुकी हैं. उन्हें इस जनरेशन की सबसे बड़ी स्टार में से एक माना जाता है. उनकी डेब्यू फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' हिट साबित हुई थी. एक दशक से ज्यादा के करियर में वो 'राजी卐, 'गंगूबाई काठियावाड़ी', 'ब्रह्मास्त्र- पार्ट वन', 'गली बॉय, 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी', 'आरआरआर', 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया', 'डियर जिंदगी', '2 स्टेट्स' और 'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया' जैसी शानदार फिल्में



# एकता कपूर

## की फिल्म के लिए श्रद्धा कपूर ने डबल की अपनी फीस? जानें कितने करोड़ लेंगी अब

श्रद्धा कपूर बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक हैं। अब तक वह कई हिट फिल्में दे चुकी हैं। सोशल मीडिया पर भी श्रद्धा की तगड़ी फैन फॉलोइंग है। उनकी पिछली फिल्म स्त्री-2 बड़ी हिट गई थी, जिसके बाद अब उन्होंने अपनी फीस डबल कर ली है। श्रद्धा से पहले फिल्म के एक्टर रहे राजकुमार राव ने भी अपनी फीस बढ़ाकर पांच करोड़ कर दी थी।

**कितनी बताई जा रही फीस**

बॉलीवुड हंगामा के सूत्रों के अनुसार, अब श्रद्धा कपूर फीस को डबल करते हुए एकता कपूर के साथ अगले प्रोजेक्ट के लिए 17 करोड़ रुपये चार्ज कर रही हैं। श्रद्धा और एकता कपूर के बीच में काफी समय से हाई कॉन्सेप्ट थ्रिलर फिल्म को लेकर बातचीत चल रही थी। इसे अनिल बर्वे डायरेक्ट करने वाले हैं और यह फिल्म 2025 के दूसरे क्वार्टर में फ्लोर पर आ सकती है। इसके लिए एक्ट्रेस को 17 करोड़ रुपये दिए जा रहे हैं।



**सबसे ज्यादा फीस**

सोर्स ने बताया, यह श्रद्धा कपूर को मिली अब तक की सबसे ज्यादा फीस होगी। इतना ही नहीं, आज के समय इंडस्ट्री में किसी भी एक्ट्रेस को मिलने वाली ज्यादा अधिक फीस में से यह एक है। सिर्फ फीस ही नहीं, बल्कि एक्ट्रेस ने कॉन्ट्रैक्ट में प्रॉफिट शेयरिंग क्लॉज पर भी साइन किया है। अगर फिल्म अच्छी चलती है तो उन्हें प्रॉफिट का एक तय हिस्सा भी दिया जाएगा।

पिछले साल आई श्रद्धा की स्त्री-2 ने बड़े पर्दे पर अच्छी कमाई की थी। वर्ल्डवाइड फिल्म ने 874 करोड़ से अधिक कमाए थे। इसमें श्रद्धा के अलावा तमन्ना भाटिया, राजकुमार राव, वरुण धवन, पंकज त्रिपाठी जैसे एक्टर्स शामिल थे। यह एक कॉमेडी हॉरर फिल्म थी, जिसे अमर कौशिक ने डायरेक्ट किया था।